हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

मुख्यमंत्री बोले-30 दिन में कंपनी का गठन करेंगे

कैबिनेट की बैठक : कंपनी के सुदृढ़ वित्तीय आधार के लिए सरकार देगी सौ करोड़ की प्रारंभिक पूंजी

जबलपुर-इंदौर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए विशेष कंपनी के गठन की मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री द्वारा नामित एवं नियुक्त उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक सशक्त कार्यकारी निकाय के माध्यम से कंपनी के कार्यों का संचालन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई केबिनेट की बैठक में राज्य में औद्योगिक निवेश और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा देने के लिए शत-प्रतिशत शासकीय स्वामित्व वाली 'जबलपुर-इंदौर इकोनॉमिक कॉरिडोर डेवलपमेंट कंपनी' के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार कंपनी पर प्रदेश सरकार का पूर्ण स्वामित्व एवं नियंत्रण रहेगा। कंपनी के सुदृढ़ वित्तीय आधार के लिए सरकार द्वारा 100 करोड़ रूपए की प्रारंभिक पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी के प्रभावी संचालन और नीतिगत निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय सामान्य निकाय गवर्निंग काउंसिल गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा नामित एवं नियुक्त उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक सशक्त कार्यकारी निकाय के माध्यम से कंपनी के कार्यों का संचालन किया जाएगा।

कंपनी को 'मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंध अधिनियम, 2013' के तहत उपयुक्त इन्वेस्टमेंट रीजन एजेंसी के रूप में अधिकृत किया जाएगा। इसके साथ मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम के अंतर्गत विधि विभाग की सहमति से अधिसूचित इकोनॉमिक हबो के लिए इसे नोडल एजेंसी के रूप में आवश्यक शक्तियां और दायित्व ▸▸शेष पेज 4 पर

इन्वेस्टमेंट रीजन एजेंसी के रूप में अधिकृत होगी कंपनी



केबिनेट की बैठक

- *मार्च 2028 तक एक लाख करोड़ से अधिक निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य*
- *इससे 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना*

पहले चरण में 10 हजार करोड़ से बनेंगे औद्योगिक हब

कैबिनेट में दिए गए प्रेजेंटेशन के अनुसार जबलपुर, भोपाल और इंदौर को जोड़ने वाले इस कॉरिडोर में पहले चरण में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में 3 से 5 प्राथमिक औद्योगिक हब विकसित किए जाएंगे। मार्च 2028 तक एक लाख करोड़ से अधिक निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना जताई गई है। अगले तीन साल में 3 लाख ▸▸शेष पेज 4 पर

कंपनी को प्रदान की जाएंगी ये शक्तियां

इकोनॉमिक हब के तीव्र और सुव्यवस्थित विकास के उद्देश्य से विशेष कंपनी को भूमि की पहचान, भूमि प्रबंधन, भू-अर्जन, भूमि विकास, जोनिंग, मास्टर प्लानिंग, ले-आउट, भू-आवंटन, लीज-सब-लीज, मोनेटाइजेशन तथा बुनियादी व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की शक्तियां ▸▸शेष पेज 4 पर

कंपनी के माध्यम से विकसित होंगी ये परियोजनाएं

विशेष कंपनी के माध्यम से औद्योगिक पार्क, सेक्टोरल पार्क जैसे फूड पार्क, एग्री-प्रोसेसिंग पार्क, लॉजिस्टिक्स पार्क, टेक्नोलॉजी-आईटी पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर आदि साझा सुविधाएं आवासीय और सामाजिक बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पीपीपी, ईपीसी, कन्सेशन, लीज, संयुक्त उपक्रम तथा डेवलपमेंट एग्रीमेंट जैसे विभिन्न वैधानिक मॉडलों का उपयोग किया जा सकेगा। इस निर्णय के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को परियोजना से जुड़े विभागों जैसे वित्त, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, वन तथा विधि विभाग से आवश्यक समन्वय कर अधिसूचनाएं, शासनादेश एवं अन्य वैधानिक दस्तावेज जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।

▸▸पढ़ें पेज 02 भी

संघ ने जारी की विज्ञप्ति

विजयादशमी के समारोह में जगदीप धनखड़ होंगे अतिथि

मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्यि दूत यानिव रेवाच भी आमंत्रित



एजेंसी ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुसार 20 अक्टूबर को नागपुर में होने वाले उसके विजयादशमी समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। धनखड़ के अलावा मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्यि दूत यानिव रेवाच को भी आमंत्रित किया गया है। आरएसएस द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे। वरिष्ठ पत्रकार संजय गुप्ता समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

पुजारी बोले-हर बार मंदिरों का नुकसान नहीं सहेंगे

सड़क चौड़ीकरण की जद में 2 दर्जन से ज्यादा मंदिर

धार्मिक विरासत को नुकसान पहुंचाए बिना चौड़ीकरण का विकल्प तलाशा जाना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच अंकपात से खाकचौक की ओर जाने वाले मार्ग पर उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने चौड़ीकरण के लिए मंदिरों और धर्मस्थलों पर लाल निशान लगाए हैं। करीब 45 फीट चौड़े वर्तमान मार्ग को लगभग 100 फीट यानी 30 मीटर तक चौड़ा करने की तैयारी है। प्रस्तावित चौड़ीकरण की जद में दोनों ओर स्थित दो दर्जन से अधिक प्राचीन मंदिर और धार्मिक स्थल बताए जा रहे हैं। इनमें शहर के महत्वपूर्ण उत्तरामुखी हनुमान मंदिर, षट् विनायक में शामिल अविघ्न विनायक गणेश मंदिर और हांडीफोड़ भैरव मंदिर भी शामिल हैं। मंदिरों पर निशान लगाए जाने के बाद पुजारियों ने ▸▸शेष पेज 4 पर

षष्ठम : माता कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

बदला घूसखोर पंडित फिल्म का नाम, अब 'गजब रात'

मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' का नाम बदलकर 'गजब रात' कर दिया गया है। निर्माताओं ने 15 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर भी जारी किया। पुराने नाम पर ब्राह्मण समुदाय की भावनाएं आहत होने की आशंका जताते हुए विरोध किया गया था। मामला दिल्ली हाईकोर्ट तक पहुंचा, जहां नेटफ्लिक्स ने नाम बदलने के फैसले की जानकारी दी। याचिकाकर्ता ने शिकायत दूर होने की बात कही। अदालत ने रोक लगाने की मांग वाली याचिका का निपटारा किया।





माता रानी की प्रेरणा से बना मंदिर, निर्माण के लिए भोपाल बंद कराने उतरे थे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंधी कॉलोनी दुर्गा मंदिर में 1991 से विराजमान हैं मां दुर्गा, नवरात्र में उमड़ती है भक्तों की भीड़

राजधानी के पुराने शहर में बैरसिया रोड स्थित सिंधी कॉलोनी चौराहे का दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद माता रानी जरूर पूरी करती हैं। यही वजह है कि



नवरात्र के दिनों में यहां दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। खास बात यह है कि इस मंदिर का निर्माण आसान नहीं था। करीब 37-38 साल पहले यहां झांकी सजाने से शुरू हुई धार्मिक परंपरा ने मंदिर निर्माण का रूप लिया। मंदिर के पुजारी घनश्याम दुबे के अनुसार, झांकी सजाने के दौरान माता रानी की प्रेरणा से यहां स्थायी मंदिर बनाने का विचार आया। उस समय आसपास कोई देवी मंदिर नहीं था। सिंधी समाज के लोगों ने इस स्थान पर मंदिर बनाने का संकल्प लिया और फिर शुरू हुआ संघर्ष का ऐसा दौर, जिसमें मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं को आंदोलन तक करना पड़ा।



मां दुर्गा की प्रतिमा।

मंदिर निर्माण के लिए हुआ आंदोलन, कई लोगों को जाना पड़ा जेल

मंदिर निर्माण की पहल हुई तो पुलिस और प्रशासन की ओर से इसका विरोध किया गया। इससे श्रद्धालुओं में नाराजगी फैल गई। मंदिर निर्माण के संकल्प पर अडिग लोगों ने संघ नेता उत्तमचंद इसराणी के नेतृत्व में आंदोलन शुरू कर दिया। विरोध इतना बढ़ा कि भोपाल बंद कराने तक की नौबत आ गई। आंदोलन के दौरान कई लोगों को जेल भी जाना पड़ा। हालांकि, श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण की मांग नहीं छोड़ी। आखिरकार उनके प्रयास सफल हुए और प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद वर्ष 1991 के आसपास मंदिर का निर्माण कराया गया। आज यही मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है।

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा

मां दुर्गा के साथ भगवान झूलेलाल के भी होते हैं दर्शन

सिंधी कॉलोनी चौराहे पर स्थित इस मंदिर की बनावट और बाहरी सज्जा इसे अलग पहचान देती है। यहां मां दुर्गा के साथ भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी और सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की प्रतिमाएं भी विराजमान हैं। यही वजह है कि मंदिर में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के साथ सिंधी समाज के श्रद्धालुओं की भी विशेष आस्था है। नवरात्र में यहां विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्त माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं, मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर आभार व्यक्त करते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार दान-पुण्य करते हैं।



दुर्गा माता मंदिर।

मां के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना होती है स्वीकार

श्रद्धालु राजू ठाकुर का कहना है कि माता रानी के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना से मन को विश्वास और शांति मिलती है। परिवार में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत हो, वे सबसे पहले मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। उनका मानना है कि माता रानी की कृपा से जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है।



कठिन परिस्थितियों में भी हौसला मिलता है

श्रद्धालु अजय नानवानी के अनुसार, मां दुर्गा पर विश्वास रखने से कठिन परिस्थितियों में भी हौसला मिलता है। उनका कहना है कि जब मन परेशानियों से घिरा हो, तब माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना से नई ऊर्जा मिलती है। इसी अटूट विश्वास के साथ वे मां के दरबार में शीश नवाते हैं और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं।

देश के लिए जीना ही वास्तविक जीना है: मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को सामाजिक संस्था सार्थक द्वारा इंदौर में आयोजित एक समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया। यह समारोह देश के प्रसिद्ध विशेष लोक अभियोजक एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद पद्मश्री उज्ज्वल निकम के जीवनवृत पर केंद्रित फीचर फिल्म प्रहार के प्रमोशन को लेकर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के लिए जीना ही वास्तविक जीना है। उज्ज्वल निकम ने अपनी प्रखर राष्ट्रवादी एवं अत्यंत तर्कपूर्ण दलीलों से मुम्बई आतंकवादी हमले के जीवित आरोपी को अंततः सज़ा दिलाकर एक नई मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि इस केस में जीत हासिल कर उज्ज्वल निकम ने न्याय के प्रति देशवासियों की आस्था और विश्वास को और भी मजबूती दी। संघर्षपूर्ण जीवन के बावजूद निकम ने न केवल अपने नाम उज्ज्वल को सार्थक किया, अपितु न्याय सेवकों की भावी पीढ़ी (पब्लिक प्रासिक्यूटर्स) के लिए भी एक मानक स्थापित किया है। कार्यक्रम को उज्ज्वल निकम एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

200 से अधिक स्थानों पर हुई पुष्पवर्षा, मरघटिया महावीर मंदिर से निकली बारात

बैंड बाजे के साथ निकली राम बारात 5 किमी का रास्ता 8 घंटे में हुआ तय



शहर में निकली राम बारात।

हंस रथ पर सवार होकर निकले राम लक्ष्मण, जनकपुरी में वरमाला के साथ हुआ विवाह उत्सव



राम बारात का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीराम के जयघोष, ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की बरसात के बीच गुरुवार रात पुराना भोपाल राममय हो गया। शारदीय नवरात्र की पंचमी पर शाहजहांनाबाद स्थित मरघटिया महावीर मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। परंपरा के 66वें वर्ष में आयोजित इस शोभायात्रा में आकर्षक रथों, धार्मिक झांकियों, बैंड-बाजों और लोक कलाकारों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बारात के स्वागत के लिए शहर में 200 से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। करीब पांच किलोमीटर का सफर करीब 8 घंटे में तय कर देर रात शोभायात्रा जवाहर चौक स्थित जनकपुरी पहुंची, जहां भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह की परंपरागत रस्में निभाई गईं।

हंस रथ पर विराजे राम-लक्ष्मण, सबसे आगे चली गणेशजी की बग्घी

राम बारात का शुभारंभ मरघटिया महावीर मंदिर में भगवान श्रीराम की आरती और ध्वजारोहण के साथ हुआ। विद्युत सज्जा से सुसज्जित हंस रथ पर भगवान श्री राम, भ्राता लक्ष्मण और महर्षि विश्वामित्र विराजमान थे। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान गणेश की सुसज्जित बग्घी चल रही थी। इसके पीछे भरत-शत्रुघ्न सहित विभिन्न देवी-देवताओं की धार्मिक झांकियां निकलीं। भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा।

दुलदुल घोड़ी, ऊंट-घोड़ों और बैंड की धुनों ने बांधा समां

शोभायात्रा में दुलदुल घोड़ी, मोर की आकर्षक प्रस्तुति, नरसिंहगढ़ के बैंड, ऊंट-घोड़े और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। किन्नर समुदाय के बधाई नृत्य और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। बैंड दलों ने रामजी की सवारी और राम-सीता विवाह से जुड़े भजनों की धुनें बजाईं। भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ते रहे और पूरा मार्ग जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा।

करीब पांच किमी लंबे मार्ग पर जगह-जगह बनाए स्वागत द्वार



मरघटिया महावीर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा बस स्टैंड, घोड़ा नक्कास, छोटे मैया कॉर्नर, हनुमानगंज, मंगलवारा, इतवारा, चौक और लखेरापुरा मार्ग से होते हुए जनकपुरी पहुंची। करीब पांच किलोमीटर लंबे मार्ग पर जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और रंगीन रोशनी से सजावट की गई। 200 से अधिक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।

विशेष योग में महिषासुर मर्दिनी की मूर्ति की होगी स्थापना

पंचमी पर मां के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की हुई पूजा, पांच हजारों दीपों से हुई आरती



रायसेन रोड बिलखिरिया में युवा सांस्कृतिक समिति ने माता की भव्य प्रतिमा की स्थापना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों में गुरुवार को नवरात्र की पंचमी पर मां के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना हुई। फतेहगढ़ स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में मां का दिव्य श्रृंगार कर करीब पांच हजार दीपों से महाआरती की गई। वहीं शहर की दर्सो कालीबाड़ियों में शुक्रवार को षष्ठी पर घट स्थापना और बिल्व वरण के साथ पांच दिनी दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू होगा। विदेश में रहने वाले बंगाली परिवारों के लिए टीटी नगर कालीबाड़ी समिति ने ऑनलाइन दर्शन व अनुष्ठान की व्यवस्था की है। कालीबाड़ियों के प्रबंधक ने बताया कि उनके यहां षष्ठी पर सुबह से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। इसके लिए कोलकाता से पुरोहित विशेष रुप से बुलाए गए हैं।

बरखेड़ी में कलारी हटवाने जेल तक गईं महिलाएं, 1997 से निरंतर सज रही झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 1996 से प्रत्येक वर्ष निरंतर स्थापित की जाने वाली झांकी राजधानी में चर्चाओं का विषय बनी हुई है। इस झांकी की विशेषता के पीछे बरखेड़ी स्थित महिला जागोरी समिति का गौरवशाली इतिहास है। वर्ष 1996 में मोहल्ले में देसी शराब की कलारी हटवाने के लिए महिलाओं ने आंदोलन किया था।

बच्चों को शराब की लत से बचाने के लिए शुरू हुई मुहिम में धरना-प्रदर्शन हुआ और पुलिस से हुए विवाद के बाद कुछ महिलाओं को गिरफ्तार कर एक दिन जेल में रखा। आखिरकार प्रशासन को कलारी हटाना पड़ी। इसके बाद वर्ष 1997 में महिलाओं ने उसी स्थान पर मां दुर्गा भवानी की झांकी को सजाना शुरू किया, जो आज भी जारी है। महिला जागोरी समिति की प्रमुख साधना नंदु यादव ने बताया कि महिलाओं ने संकल्प लिया था कि इस स्थान पर दोबारा कलारी ना खुले और कोई अवैध गतिविधि ना हो। इस उद्देश्य से हर साल यहां दुर्गा उत्सव मनाया जाता है। इस संघर्ष में स्व. रुकमा बाई, छोटीबाई यादव, रूपरानी श्रीवास और गुलाब बाई साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। गंगा तिवारी, गीताबाई ने भी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।



विभिन्न प्रतियोगिताएं की गईं आयोजित

निटर में दो दिवसीय अभियंता दिवस समारोह में वक्ताओं ने रखे विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में 13 एवं 14 अक्टूबर को दो दिवसीय अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा समर्थित एवं प्रोत्साहित किया गया। समन्वय प्रो. (डॉ.) नीरज कुमार राठौर ने किया। समारोह के तहत तकनीकी, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे विशेष रूप से रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में डॉ. प्रताप राव, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी पटना, डॉ. विवेक तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, ट्रिपलआईटी ग्वालियर तथा डॉ. दीपक तोमर, प्रोफेसर, मैनिट भोपाल ने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेपकास्ट, भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रो. (डॉ.) राजेश खंभायत, प्रो. (डॉ.) सचिन तिवारी तथा प्रो. (डॉ.) नीरज कुमार राठौर की उपस्थिति रही।

आयुष एसोसिएशन ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र, मेधावी योजना का लाभ देने की मांग

मेडिकल की तरह आयुष छात्रों को भी मिले मेधावी योजना का लाभ

दो चरण की काउंसलिंग के बाद भी लगभग 65 फीसदी सीटें हैं खाली



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुर्वेद बीएएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस, यूनानी बीयूएमएस, नैचरोपैथी बीएनवायएस आयुष स्नातक कोर्स में नीट आयुष काउंसलिंग जारी है परंतु छात्रों के प्रवेश विगत कुछ वर्षों की तुलना में कम हो रहे हैं। बहुत सारे छात्र फीस के आभाव में बिना एडमीशन लिए वापस जा रहे हैं। शासकीय आयुष कॉलेज तो भर रहे हैं परंतु निजी कॉलेजों की स्थिति फिलहॉल ठीक नहीं है। अभी दो चरण की काउंसलिंग के बाद भी लगभग 65 फीसदी सीटें खाली हैं। निजी आयुर्वेद महाविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर मेडिकल एमबीबीएस की भांति मेधावी योजना का लाभ आयुष डिग्री कोर्सेस में देने की मांग की है। मेधावी योजना का लाभ मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर आयुष छात्रों की मदद होगी वहीं संस्थान भी बंद होने से बच सकेंगे।

मेधावी योजना का लाभ नहीं मिलने से साढ़े चार हजार सीटें खाली

डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में आयुष के 562 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स, 23 डिस्ट्रिक्ट आयुष हॉस्पिटल, 1773 आयुष डिस्पेंसरीज, 75 आयुष ग्राम होने के बाद भी मेधावी योजना का लाभ न मिलना दुःखद है। सरकार चाहे तो मेधावी का लाभ देने के पश्चात सेवाएं ले सकती है। एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल केटेगरी के सैकड़ों छात्र आर्थिक रूप से कमजोर हैं परंतु फीस की व्यवस्था न होने से आगे की पढ़ाई नही कर पाते हैं। प्रदेश में शासकीय स्तर पर 9 आयुष तथा 55 निजी आयुष कॉलेज संचालित हैं जहां पर साढ़े चार हजार से ज्यादा सीटें हैं।

कोलार में विराजीं बड़ी महारानी



भोपाल। राजधानी के कोलार स्थित राजहर्ष कॉलोनी कोलार में बड़ी महारानी विराजी हुई हैं। श्री हिन्दू दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष वैभव पांडे, उपाध्यक्ष नमो थापा ने बताया कि झांकी का यह 27वां साल है। झांकी में मां की सेवा की जा रही है। श्रद्धालु प्रतिदिन दोनों समय मां की आरती के साथ भजन-कीर्तन करते हैं।

वर्ल्ड स्पाइन डे आजः इस वर्ष की थीम 'जीवन भर रीढ़ की हड्डी का स्वास्थ्य'

अधिक मोबाइल और लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो रही रीढ़ की हड्डी

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

मोबाइल का ज्यादा इस्तमाल, बदलती लाइफ स्टाइल और लंबे समय तक गलत तरीके से बैठने की आदत रीढ़ की हड्डी को खबरा कर रहे है। लगातार बैठे रहने और मोबाइल का अधिक यूज गर्दन और रीढ़ की मांसपेशियों पर दबाव डालता है, जिससे दर्द और डिस्क की समस्याएं बच्चे, युवा से लेकर सभी को हो रही है। ऐसे में ये जरूरी है कि लोग लगातार कई घंटों तक बैठे न रहें। बीच-बीच में ब्रेक जरूर लें। यह कहना है फिजियोथैरेपिस्ट और स्पाइन केयर एक्सपर्ट डॉ. सुनील पाण्डेय का। वर्ल्ड स्पाइन डे पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए डॉ सुनील पाण्डेय ने बताया कि भागदौड़ भरी हुई जिंदगी एवं



बिगड़ती हुई दिनचर्या का असर कहि न कहि सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। आज लगभग हर तीसरा व्यक्ति कमर दर्द से पीड़ति है। यदि समय रहते ध्यान न दिया जाए तो कमर (स्पाइन) का ऑपरेशन तक कराना पड़ता है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि उनके पास ओपीडी में ऐसे मरीज आते हैं जिनको रीढ़ की हड्डी में अलग-अलग प्रकार की समस्याएं होने लगी है। किसी को स्लिप डिस्क है तो किसी को साइटिका हो रहा है। कमर और पीठ दर्द तो बहुत कॉमन हो गया है। मरीज बताते हैं कि वे कई घंटों लेटकर या बैठे हुए मोबाइल यूज करते रहते हैं। डॉ पाण्डेय बताते हैं कि लंबे समय तक गलत पोश्चर में बैठने से मांसपेशियों पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। इससे रीढ़ की हड्डी में दर्द से लेकर कई प्रकार की समस्या होने लगती है।

इस वर्ष की थीम 'जीवन भर रीढ़ की हड्डी का स्वास्थ्य' है।

मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों को 'टेक्स्ट नेक' की समस्या



डॉ. सुनील पाण्डेय बताते हैं कि डेस्क जॉब के साथ ही अब लोग कई घंटों तक मोबाइल फोन यूज करते है। स्क्रीन को लगातार नीचे देखकर इस्तेमाल करने से गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है। लंबे समय तक मोबाइल देखने से होने वाली गर्दन की परेशानी को आमतौर पर 'टेक्स्ट नेक' कहा जाता है। यह समस्या बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी में देखी जा रही है।

हर आधे घंटे में बदलें बैठने की स्थिति

डॉ. पाण्डेय के अनुसार रीढ़ को स्वस्थ रखने के लिए रोजमर्रा की आदतों में छोटे बदलाव उपयोगी हो सकते हैं। काम के दौरान हर 30 मिनट में उठकर कुछ देर चलना, हल्की स्ट्रेचिंग करना या पानी लेने के लिए अपनी जगह से उठना चाहिए। लगातार कई घंटे बैठे रहने के बाद एक बार लंबी सैर करने की तुलना में दिनभर हर आधे घंटे में सीट से उठना और कुछ मिनट चलना फायदेमंद हो सकता है।

पोश्चर का भी रखें ध्यान

डॉ पाण्डेय ने बताया कि काम करते समय पैरों को जमीन पर टिकाकर रखें और पीठ को सहारा दें। कंप्यूटर या लैपटॉप की स्क्रीन आंखों के स्तर पर होनी चाहिए, ताकि गर्दन को बार-बार नीचे झुकाना न पड़े। लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने वालों के लिए अलग की-बोर्ड का इस्तेमाल भी सुविधाजनक हो सकता है।

कमर दर्द से बचना है तो इन उपायों को अपनाओं

- ऑफिस में चलते-फिरते कुछ देर पंजों के बल खड़े हों। ऐसा दिन में दो से तीन बार करें।
- आंखें बंद कर गहरी सांस लें।
- कंधे को स्ट्रेच करें, पैरों को सीधा रखें।
- घर पर हैं तो सीधे लेटकर दोनों हाथों को कूल्हे के नीचे रखें।
- अब पैर को जमीन पर बिना छुए ऊपर नीचे करें। इससे खून का संचार बेहतर होगा।
- दर्द बढ़ने पर फिजियोथैरेपिस्ट की सलाह लें।
- खाने में हरी सब्जियां फाइबर का प्रयोग बढ़ाएं, पौष्टिक आहार, कैल्शियम लें।

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष : 13, अंक : 196 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 32 न्यून. 21 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग...



विचार पेज
06 जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव...

85 पदक, नए भारत की नई पहचान

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए

जब भी समय मिले अपने गांव और शहर के बच्चों से मिलिए आपके अनुभव उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का अवसर दे सकेंगे

- हमें देश को नई बुलंदियों तक पहुंचाना है
- हार से जीतने की सीख खेलों से मिलती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और प्रदर्शन को सराहा। पीएम ने कहा कि बीते एक दशक में देश में जो व्यवस्थाएं विकसित हुई हैं, उससे युवाओं को भरोसा हुआ है कि उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए देश का पूरा सामर्थ्य उनके साथ खड़ा है। कोचिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर



खिलाड़ियों के साथ समूह चित्र

28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया

पीएम ने कहा कि शूटिंग में, बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। हमें 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया है। 1982 के बाद मैराथन में मेडल आया है। मैं अपनी बेटियों का खासतौर पर सराहना करना चाहता हूं। भारत ने 85 मेडल जीते हैं, उनमें ने 38 मेडल हमारी महिला एथलीट्स ने जीते हैं। इनमें 11 गोल्ड मेडल शामिल हैं। ये मेडल केवल एक संख्या नहीं है, ये नए भारत की सशक्त तस्वीर है।

खबर संक्षेप

अंडरवियर में मिला 70 लाख का सोना

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने शारजाह से आए यात्री के पास से 70.81 लाख रुपए का सोना जब्त किया है। आरोपी ने 472.100 ग्राम सोने का पेस्ट प्लास्टिक पैकेट में भरकर अंडरवियर के कमरबंद में छिपा रखा था। बुधवार सुबह इंडिगो की उड़ान से पहुंचे यात्री की लंगड़ाकर चलने की असामान्य शैली देखकर अधिकारियों को शक हुआ। तलाशी में सोना बरामद हुआ।



दिव्या मित्तल ने किया नई पार्टी का ऐलान

मीरजापुर। पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने एक वीडियो जारी कर अपनी नई पार्टी जननीति पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया है। इससे मीरजापुर में राजनीति गलियारे में हलचल बढ़ गई है। पार्टी बनाने के साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया है। पार्टी के तीन वचन होंगे। जिनके मुद्दे पर वह अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारने का काम करेंगी और युवाओं को महत्व देगी।



ड्रोन से पकड़े जाएंगे ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाले

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी, सामान व केबल चोरी और पटरियों पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए ड्रोन निगरानी शुरू की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के 284 स्टेशनों पर आधुनिक ड्रोन से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखी जा रही है। थर्मल और नाइट विजन कैमरों से लैस ये ड्रोन 8 से 10 किलोमीटर के दायरे में निगरानी कर सकते हैं। इनका इस्तेमाल भीड़ प्रबंधन और महिला सुरक्षा के लिए भी हो रहा है।



सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर राहुल गांधी को नोटिस, सीजेआई ने कहा

हमें कोई भी धमका नहीं सकता राहुल अपनी मंशा को स्पष्ट करें?

गुरुवार को प्रदर्शनों को लेकर लगभग दो दर्जन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी कोर्ट को डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। ऐसी कोशिशें बेकार हैं। इन पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा कि हमें पता कि कोर्ट के बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्ट के अंदर क्या कहा जा रहा है। हम किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं जी रहे हैं। हमें हर बात की जानकारी है।

सीजेआई ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल करेंगे और उसे सफाई देनी होगी। उनको अपनी मंशा स्पष्ट करनी होगी। 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के जुटने से जुड़े मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य 14 नेताओं को नोटिस जारी किया है। वहीं, एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर केंद्र सरकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा

राहुल ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था वह इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे थे



सीजेआई सूर्यकांत



राहुल गांधी

- सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश
- प्रदर्शन बुलाने वाला व्यक्ति दूसरों पर पड़ने वाले परिणामों की जिम्मेदारी भी ले

कैमरा फुटेज कोई भी आकर जमा कर सकता है

12 अक्टूबर के सुप्रीम कोर्ट मार्च के बाद कोर्ट परिसर में राजनीतिक प्रदर्शन रोकने के नियम बनाने, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और राहुल गांधी समेत नेताओं की मंशा की जांच से जुड़ी याचिका 4 वकील ने दाखिल की है। याचिकाकर्ताओं के वकील गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट से उन सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करवाने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की, जो ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट पर एक्शन की मांग

सुनवाई के दौरान केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को कोर्ट की अवमानना बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका के मुताबिक यह पोस्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

जंतर-मंतर को डिनोटिफाई करने पर भी नोटिस

सुप्रीम कोर्ट जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल के रूप में हटाए जाने (डी-नोटिफिकेशन) को चुनौती देने वाली याचिका पर भी विचार करने के लिए सहमत हो गया है। अदालत ने इस मामले में दिल्ली पुलिस के आदेश के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जंतर मंतर को डिनोटिफाई किए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या यह फैसला इस कोर्ट की कुछ मौखिक टिप्पणियों की वजह से लिया गया या फिर इसे एक आम प्रदर्शन स्थल के रूप में इस्तेमाल करने की उपयोगिता पर सोच-विचार कर किया गया था?

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

हिंदू धर्म 'छोड़कर' अपनाया दूसरा तो नहीं मिलेगा आरक्षण



सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण और जाति-आधारित आरक्षण से जुड़े मामले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण और जाति आधारित आरक्षण से जुड़े मामले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाले कुछ लोगों को पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) की श्रेणी में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया था। मामला इस सवाल से जुड़ा था कि क्या धर्म परिवर्तन करने के बाद कोई व्यक्ति अपने पुराने सामाजिक वर्ग के आधार पर या पिछड़ा वर्ग मुस्लिम के रूप में आरक्षण का लाभ ले सकता है?

मद्रास हाई कोर्ट ने क्यों रद्द किया तमिलनाडु सरकार का आदेश?

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने कहा था कि हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने मात्र से किसी व्यक्ति को स्वतः 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा नहीं दिया जा सकता. अदालत ने तमिलनाडु सरकार के वर्ष 2024 के उस सरकारी आदेश को असंवैधानिक घोषित कर दिया था, जिसमें कुछ पिछड़े वर्गों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की श्रेणी में शामिल करने का प्रावधान था।

2024 के सरकारी आदेश में क्या था प्रावधान?

तमिलनाडु सरकार के वर्ष 2024 के आदेश के अनुसार, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग , विमुक्त समुदाय या अनुसूचित जाति से आने वाला कोई व्यक्ति यदि इस्लाम अपनाता है, तो उसे आरक्षण के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) माना जा सकता है। इस आदेश के तहत ऐसे लोगों को मुस्लिम समुदाय की अधिसूचित सात श्रेणियों में से किसी एक का सामुदायिक प्रमाण पत्र जारी करने का प्रावधान था। राज्य सरकार ने अदालत में कहा था कि किसी अगड़ी जाति का व्यक्ति इस्लाम अपनाने के बाद पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) का दर्जा पाने का हकदार नहीं होगा। सरकार का यह भी कहना था कि जो लोग अपने मूल धर्म में पहले से आरक्षण का लाभ ले रहे थे, धर्म परिवर्तन के बाद भी उनका लाभ समाप्त नहीं होना चाहिए।

1 नवंबर से नया नियम लागू

अब नंबर के साथ दिखेगा कॉलर का असली नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ केवायसी और सिम आधारित होगा सिस्टम

देशभर में 1 नवंबर से मोबाइल कॉलिंग से जुड़ा एक बड़ा नियम लागू होने जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और बीएसएनएल समेत सभी टेलीकॉम कंपनियों को कॉलर नेम प्रेजेंटेशन यानी सीएमनएपी सिस्टम लागू करने का आदेश दिया है। इस नए नियम के शुरू होने के बाद कॉलर का नाम मोबाइल पर दिखेगा।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

मप्र में शराबबंदी हो, अगली यात्रा नशे के खिलाफ होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो



■ मदिरा-मुक्त मप्र सबसे बड़ी सौगात होगी

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के समापन से पहले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मध्य प्रदेश में शराबबंदी की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में जल्द से जल्द शराब की दुकानें बंद कराएं। इससे समाज को नशे से मुक्ति दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने संकेत दिया कि अगली यात्रा नशे के खिलाफ निकाली जाएगी। शास्त्री ने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

रिटायर्ड फौजी की बेटी झांसे में आई

आरोप: मंगेतर ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ कार, 5 लाख नहीं देने पर तोड़ा रिश्ता

ग्वालियर में रिटायर्ड फौजी की 29 वर्षीय बेटी से अहमदाबाद के युवक ने रेप किया। मंगेतर बोला था तुमसे प्यार करता हूं। तुम्हारे बिना नहीं रह सकता। तुमसे ही शादी करूंगा। मुझे कोई दहेज भी नहीं चाहिए। आरोपी ने ग्वालियर और भिंड में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के मुताबिक, मंगेतर ने दहेज की ▶▶ शेष पेज 4 पर

रात 12 बजे 7 बदमाश घर में घुस आए थे

पिटाई की, घर से एक लाख कैश, 20 लाख के जेवर ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम लरगुवा में बुधवार रात 7 अज्ञात आरोपी महिला सरपंच प्रेमरानी अहिरवार और उनके पति नोनेलाल अहिरवार को बंधक बनाकर मारपीट की और घर से नकदी-जेवर लूट ले गए। पीड़ितों के मुताबिक आरोपी एक लाख रुपए कैश और 20 लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर ले गए। रात करीब 12 बजे सात अज्ञात आरोपी घर में घुस आए। उन्होंने पति-पत्नी का मुंह दबाकर उन्हें बंधक बना लिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

दमोह में महिला सरपंच और पति को बंधक बनाकर लूट



महिला सरपंच प्रेमरानी अहिरवार का घर, जहां लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया

एक्टर इमरान खान को मुंबई पुलिस का नोटिस

भारतीय नागरिक नहीं, फिर भी सीजेपी के प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया, भारत छोड़ें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सीजेपी प्रोटेस्ट के बाद अभिनेता इमरान खान को मुंबई पुलिस की तरफ से एक नोटिस गया है, जिसमें उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का आदेश मिला है।

इमरान ने 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के इस्तीफे को लेकर हुए प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अभिनेता को हिरासत में भी लिया था। नोटिस के मुताबिक इमरान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं। इसके बावजूद उन्होंने इस प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया है, जिसके कारण मुंबई पुलिस की तरफ से उन्हें यह नोटिस भेजा गया है।

नोटिस के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट जाएंगे अभिनेता



नियमों का उल्लंघन

इमरान के खिलाफ गामदेवी पुलिस स्टेशन में विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है। इमरान के पास ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड है। इसका मतलब यह है कि विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिकों को देश में रहने का आजीवन वीजा तो मिलता है, लेकिन न तो वे वोट कर सकते हैं और न ही चुनाव लड़ सकते हैं। आर्टिकल 19 के तहत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा सिर्फ भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर

आदिवासियों का आरोप है कि निगम ने उनके मकान तोड़े और खेत बर्बाद कर दिए

गुरुवार रात जत्था कोनाझिर में रुका

कोसमी के करीब पांच हजार आदिवासियों का भोपाल तक पैदल मार्च, बोले-सीएम को अपनी पीड़ा बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कोसमी गांव में वन विकास निगम की कार्रवाई से नाराज हजारों आदिवासी सड़कों पर उतर आए हैं। आदिवासियों का आरोप है कि निगम ने उनके मकान तोड़े और उनके खेत बर्बाद कर दिए।

इससे नाराज करीब 5 हजार से ज्यादा आदिवासी गुरुवार सुबह न्याय की मांग को लेकर पदयात्रा शुरू कर सीहोर से राजधानी भोपाल के लिए निकल पड़े। गुरुवार रात जत्था कोनाझिर में ▶▶ शेष पेज 4 पर



आदिवासियों का मार्च

सबके साथ न्याय करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की। जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इस मामले की पूरी गंभीरता से जांच कराई जा रही है। सबके साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि हम आपसी संवाद से मामले का व्यावहारिक समाधान निकालेंगे। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रमिक और कर्मचारी संगठनों से किया संवाद

राज्य सरकार कर्मचारी हितों के प्रति संवेदनशील: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी वर्गों को मूलभूत सुविधाएं तथा आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

सभी विभाग, प्रदेश में सक्रिय उनसे संबंधित श्रमिक संघों और कर्मचारी संगठनों से सतत संवाद में रहें। इससे उनकी कठिनाईयों का समय रहते समाधान संभव होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार विभिन्न कर्मचारी संगठनों और मजदूर संघों के प्रतिनिधियों से मंत्रालय में चर्चा के दौरान व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी हितों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है। संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को भी तत्परता से हल किया जाएगा। श्रमिक संघ और कर्मचारी संगठनों की भूमिका सदैव रचनात्मक रही है। परस्पर बातचीत के लिए राज्य सरकार के दरवाजें सदैव खुले हैं।

मंत्री, अफसर हुए शामिल

राज्य सरकार द्वारा पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति जैसे प्रकरणों को तेजी से निपटाया जा रहा हैं। रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने की दिशा में भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा राजेंद्र शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल तथा मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित अन्य अधिकारी और भारतीय मजदूर संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

प्रदेश में संतुलित और तीव्र औद्योगिकीकरण के नए युग का सूत्रपात

जबलपुर, भोपाल, इंदौर को जोड़ते हुए 7 जिलों में विकसित होंगे विश्वस्तरीय इंडस्ट्रियल हब

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

'हर अंचल में निवेश, हर जिले में रोजगार' के संकल्प के साथ बढ़ेगा प्रदेश

'हर अंचल में निवेश और हर जिले में रोजगार' के संकल्प को साकार करते हुए मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के सर्वांगीण, संतुलित क्षेत्रीय विकास को गति देने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश के तीन सबसे बड़े आर्थिक, व्यापारिक और ज्ञान केंद्रों जबलपुर, भोपाल और इन्दौर जोड़ते हुए 'इंडस्ट्रियल कॉरीडोर' समेकित एवं योजनाबद्ध विकास को स्वीकृति दी गई है। इस दूरगामी परियोजना के माध्यम से 7 प्रमुख जिलों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, नरसिंहपुर, रायसेन, सीहोर और देवास में विश्वस्तरीय आर्थिक और औद्योगिक संकुलों की स्थापना की जाएगी। इससे महाकौशल, मध्य क्षेत्र और मालवा अंचल के जन-जीवन में व्यापक आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। कॉरीडोर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले आधुनिक रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे युवा अपनी योग्यता के अनुरूप सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर सकेंगे और देश-दुनिया के बड़े निवेशक मध्यप्रदेश की धरती पर निवेश करने के लिए आकर्षित होंगे।

जबलपुर, नरसिंहपुर और रायसेन को होगा यह लाभ

महाकौशल क्षेत्र में जबलपुर और उसके आसपास के भू-भाग को उन्नत विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई गई है। इस क्षेत्र में भारी इंजीनियरिंग, आधुनिक विनिर्माण, रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र की सहायक इकाइयों तथा लॉजिस्टिक्स हब का विकास किया जाएगा।

मप्र बनेगा देश का मिल्क कैपिटल, वृंदावन ग्राम योजना होगी प्रभावी:सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाने में पशुपालन का विशेष योगदान है। प्रदेश को देश का मिल्क कैपिटल बनाने के उद्देश्य से दूध उत्पादन को बढ़ावा देने, गौवंश के संवर्धन और संरक्षण तथा पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समावेशी प्रयास और नवाचार किए जा रहे हैं। प्रदेश की सभी 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में विकसित हो रहे मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अन्य ग्रामों के लिए उदाहरण और प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। यह नवाचार प्रदेश में गौपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

समन्वय से काम करें सभी विभाग

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में सभी संबंधित विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करें। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में योजना की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 129 ग्रामों में दूध समितियों का गठन किया जा चुका हैं। इनमें से 70 ग्रामों में दुग्ध संघ की गतिविधियां संचालित हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा सभी वृंदावन ग्रामों को क्षीर सागर योजना में शामिल किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नस्ल सुधार, पशुओं के लिए पोषण, उपचार जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। बैठक में वृंदावन ग्रामों में संचालित गौशालाओं तथा उनके विकास के लिए संचालित

प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए 27,050 करोड़ की स्वीकृति

खरीफ वर्ष 2026 में सोयाबीन उत्पादक अन्नदाताओं के हक में प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक फैसला

किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य का लाभ दिलाने भावांतर योजना को कैबिनेट की मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रि-परिषद की बैठक में अन्नदाताओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ वर्ष 2026 में सोयाबीन उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के लिए 'पीएम-आशा' योजना अन्तर्गत भावांतर भुगतान योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई। इसके साथ बैठक में प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए लगभग 27,050 करोड़ रुप, के ऐतिहासिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। केबिनेट ने ने बुरहानपुर, रायसेन, मंदसौर और सिंगरौली की सिंचाई परियोजनाओं की निरंतरता के लिए 3,076.37 करोड़ तथा 16वें वित्त आयोग की अवधि के लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग की 15,557 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की योजनाओं की निरंतरता को मंजूर की गई। प्रदेश में आयुष चिकित्सा विस्तार व राष्ट्रीय आयुष मिशन के लिए 5,232 करोड़ एवं शासकीय विद्यालयों के अधोसंरचना निर्माण के लिए 2,875.20 करोड़ रुपये की निरंतरता की स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त नवगठित जिलों-निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा व मैहर में महिला एवं बाल विकास कार्यालयों के लिए 24 नवीन पदों तथा जनजातीय सांदीपनि विद्यालयों के छात्र परिवहन के लिए 241 करोड़ 88 लाख रुपए का प्रावधान किया गया।

किसानों को 17 अक्टूबर तक कराना होगा पंजीयन

भावांतर योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को खाद्य विभाग के ई-उपार्जन पोर्टल पर 17 अक्टूबर तक पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। योजना के अंतर्गत अधिसूचित मंडियों में उपज की विक्रय अवधि 22 अक्टूबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक निर्धारित की गई है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर संशोधित किया जा सकेगा। किसी किसान ने यदि योजना अवधि से पूर्व यानी 1 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 के बीच मंडी में सोयाबीन बेची है तो उस मात्रा को उसकी कुल पात्रता सीमा में से घटाकर केवल शेष मात्रा पर ही भावांतर राशि का भुगतान मान्य किया जाएगा। मंडी में बिक्री मूल्य यदि एमएसपी के बराबर या उससे अधिक रहता है तो कोई प्रतिपूर्ति नहीं दी जाएगी। बिक्री मूल्य यदि एमएसपी से कम लेकिन मॉडल रेट से अधिक रहता है तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री मूल्य के अंतर की राशि मिलेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रि-परिषद के निर्णयों पर सीएम डॉ. मोहन यादव का जताया आभार

6 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सपना होगा साकार: खंडेलवाल

भोपाल। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मप्र मंत्रि-परिषद की बैठक में जबलपुर-भोपाल-इंदौर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने तथा इसके लिए 100 करोड़ रुपये की प्रारंभिक अंशपूंजी से विशेष प्रयोजन कंपनी के गठन को मंजूरी दिए जाने पर सीएम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस निर्णय को मप्र के औद्योगिक विकास, आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि मप्र के भागीरथ प्रयास मप्र को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर को जोड़ने वाला यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मध्यप्रदेश के आर्थिक पुनर्जागरण और औद्योगिक स्वावलंबन का मजबूत आधार बनेगा।

योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगी

खण्डेलवाल ने कहा कि मंत्रि-परिषद द्वारा मंजूर की गई सात जिलों में विश्वस्तरीय औद्योगिक हब विकसित करने की योजना मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। मार्च 2028 तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने और लगभग 3 लाख प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य प्रदेश के उज्ज्वल औद्योगिक भविष्य का परिचायक है। परियोजना के पूर्ण विकास के बाद 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश और 6 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों की संभावना मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएगी। खण्डेलवाल ने कहा कि इस कॉरिडोर से मालवा-निमाड़ के मौजूदा औद्योगिक नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी। भोपाल को आधुनिक ज्ञान, उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

अभियान अंतर्गत लगाए गए एक हजार 345 शिविर

सेवा संकल्प अभियान में 15 लाख 83 हजार आवेदकों को मिला हितलाभ: सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री का मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले संबोधन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के सफल और उपलब्धियों से भरे 25 वर्ष पूर्ण होने पर आरंभ सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 1 हजार 345 शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 17 लाख 18 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए तथा 15 लाख 83 हजार आवेदकों को हितलाभ मिला है। उन्होंने बताया कि सेवा ज्योति यात्रा में लगभग 1 हजार 600 यात्राएं निकालीं गईं। इन यात्राओं में 11 लाख से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की। सेवा मेरा योगदान अंतर्गत कुल 11 प्रकार की सेवाओं में 50 लाख से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की। सेवा के रंग - राष्ट्र के संग के अंतर्गत 6 जिलों इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, झाबुआ एवं आलीराजपुर में हयूमन रंगोली बनाई गई। डॉ यादव ने यह जानकारी मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में दी। उन्होंने बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि प्रदेश के 05 जिलों क्रमशः डिण्डौरी, सीधी, उमरिया टीकमगढ़ एवं शहडोल को पीएम धन-धान्य कृषि योजना में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारत सरकार सम्मानित कर रही है।

तेजी से हो स्वामित्व योजना का काम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना को लेकर बना गतिरोध अब समाप्त हो गया है। प्रसन्नता है कि पटवारी संवाद के बाद एक बार फिर अपने काम पर लौट रहे हैं। कर्मचारी हमारे कर्मयोगी है और सरकार उनके वाजिब हितों को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ यादव ने पटवारियों से तेजी से काम प्रारंभ कर समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने ओबीसी आरक्षण के संबंध में कहा कि राज्य सरकार ओबीसी के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष ने किया कोर्ट जाने का ऐलान

इन्वेस्टमेंट मीट में मॉल के नाम पर इंदौर में 51 एकड़ जमीन ली और बेच दी: मुकेश नायक

कांग्रेस ने की लोकायुक्त जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने 2007 की ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट में इंदौर के कुमेड़ी में 51 एकड़ जमीन पर मॉल बनाने के लिए हुए करार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि 490 करोड़ रुपए के निवेश और 4 हजार लोगों को रोजगार देने का वादा करने वाली कंपनी ने परियोजना नहीं बनाई, बल्कि जमीन बेच दी। जमीन पर बाद में श्रीराम एन्क्लेव कॉलोनी विकसित की गई और एक हिस्सा पांच सितारा होटल के लिए बेचा गया। नायक ने आरोप लगाया कि आईडीए जमीन वापस लेने के बजाय वर्षों तक कार्रवाई नहीं करता रहा। नायक ने कहा कि सरकार निवेश समझौतों, वास्तविक निवेश, रोजगार सृजन और सरकारी राजस्व का पूरा विवरण सार्वजनिक करे। उन्होंने चेतावनी दी कि उचित कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने सहित कानूनी विकल्प अपनाएगी।



मुकेश नायक

4 हजार रोजगार और 280 करोड़ विदेशी निवेश का दावा

नायक ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट-2007 में जेकेएम इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अभिषेक मोदी के साथ कुमेड़ी की 51 एकड़ जमीन पर बिग मॉल बनाने का एमओयू हुआ था। इसमें करीब 490 करोड़ के निवेश, 280 करोड़ के विदेशी निवेश और 4 हजार लोगों को रोजगार देने का प्रस्ताव था। परियोजना से केंद्र और राज्य सरकार को करीब 250 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की बात भी कही गई थी।

2008 में सशर्त छूट, 2010 में आईडीए का नोटिस

दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि 11 जुलाई 2008 की आईडीए नोटशीट में एमओयू वाली जमीन को योजना से मुक्त रखने का प्रस्ताव था, लेकिन शर्त थी कि कंपनी उसी जमीन पर प्रस्तावित परियोजना बनाएगी। शर्तों का पालन नहीं होने पर जमीन दोबारा अधिग्रहित करने का प्रावधान होने का दावा भी कांग्रेस ने किया। परियोजना के नाम पर करीब 30 मीटर का ढांचा बनाया गया। 28 अक्टूबर 2010 को आईडीए ने कंपनी से परियोजना की प्रगति की जानकारी मांगी, लेकिन मॉल नहीं बना।

पुनर्बहाली की मांग को लेकर नीलम पार्क में 11 दिन से धरने पर बैठे स्वास्थ्यकर्मी

स्वास्थ्यकर्मियों ने याद दिलाया कोरोना काल

पीपीई किट पहनकर कोरोना योद्धाओं का अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोरोना काल में करीब दो साल तक सेवाएं देने के बाद नौकरी से हटाए गए आयुष चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मचारियों ने पुनर्बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को अर्धनग्न प्रदर्शन किया। पुरुष कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया, तो वहीं महिला स्वास्थ्यकर्मी पीपीई किट पहनकर प्रदर्शन में शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को कोरोना काल में दी गई सेवाओं की याद दिलाते हुए जल्द बहाली की मांग की। मप्र कोविड-19 आयुष चिकित्सक संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. अंकित असाटी ने सरकार से कोरोना योद्धाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द निर्णय लेने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो भविष्य में सरकार के खिलाफ और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



13% होल्ड पदों पर नियुक्ति और विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की भी उठाई मांग

27% ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में अपील की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में 27% ओबीसी आरक्षण की रक्षा और लंबित अभ्यर्थियों की नियुक्तियों की मांग को लेकर ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य कमलेंद्र सिंह ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाईकोर्ट के 9 अक्टूबर 2026 के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के लिए तत्काल विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने की मांग की गई। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सरकार की कार्ययोजना सार्वजनिक करने और विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई। कमलेंद्र सिंह ने 13% होल्ड पदों की भर्तीवार सूची जारी कर प्रभावित अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दिलाने, आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की पहल और आरक्षण के समर्थन में प्रमाणिक आंकड़े प्रस्तुत करने की मांग भी की।

भारतीय सेना दिवस-2027 के राष्ट्रीय समारोह की तैयारियां शुरू

मंत्री सारंग ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

'आपकी सेना-आपके पास' थीम के साथ सेना के शौर्य और सामर्थ्य का साक्षी बनेगा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते मंत्री सारंग।

मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार भोपाल में भारतीय सेना के राष्ट्रीय स्तर का गौरवशाली आयोजन होने जा रहा है, जो प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि और गर्व का अवसर होगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह समारोह देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही नागरिकों में राष्ट्रभक्ति, सैन्य सेवाओं के प्रति सम्मान और देश की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का भाव सुदृढ़ करेगा। इस आयोजन की मुख्य थीम 'आपकी सेना-आपके पास' रखी गई है, जो भारतीय सेना और आम नागरिकों के बीच आत्मीय जुड़ाव को और मजबूत करेगी। 15 जनवरी 2027 को भोपाल में आयोजित होने वाले भारतीय सेना दिवस के राष्ट्रीय समारोह को लेकर गुरुवार को सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में बैठक ली।

बैठक में भारतीय सेना के अधिकारियों, खेल और युवा कल्याण विभाग, संस्कृति सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भोपाल के विभिन्न स्थलों पर दिखेगा भारतीय सेना का सामर्थ्य

सेना दिवस-2027 के अवसर पर बीएचईएल स्थित कालीबाड़ी मार्ग में मुख्य आर्मी-डे परेड आयोजित होगी, जिसमें भारतीय सेना के अनुशासित दस्तों और सैन्य सामर्थ्य का भव्य प्रदर्शन होगा। टीटी नगर स्टेडियम में शौर्य संध्या 'रणहुंकार' का आयोजन, जंबूरी मैदान में भारतीय सेना के अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों का स्टेटिक एवं डायनेमिक डिस्प्ले होगा। साथ ही बड़े तालाब के वीआईपी बोट क्लब क्षेत्र में इंटीग्रेटेड कॉम्बैट डिस्प्ले के माध्यम से भारतीय सेना की सामरिक क्षमता, रणनीतिक कौशल और समन्वित सैन्य कार्रवाई का प्रदर्शन किया जाएगा। 1 नवंबर 2026 को मप्र स्थापना दिवस से मेरी माटी अभियान की शुरूआत होगी, जिसके तहत विभिन्न जिलों से मिट्टी एकत्रित कर शौर्य स्मारक में संकल्प वृक्ष लगाया जाएगा।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

10 शाही कब्रिस्तान पर अटकी मेट्रो, आतिफ की...



11 राजसी मुखौटों से जीवंत होती है थाई रामायण की खोन...



नकल पर नकेलः महानगरों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट, विशेष अभियोजकों की नियुक्ति

सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिए आदेश, फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन करने वाला पहला राज्य बना मप्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले के बाद मध्यप्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक को रोकने के लिए सरकार और उच्च न्यायालय द्वारा राज्य में पेपर लीक और नकल से जुडे मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए चार विशेष अदालतों का गठन किया गया है। इस कोर्ट फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन करने वाला भारत का सबसे पहला राज्य मध्यप्रदेश बन गया है।

राज्य शासन ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट के लिए विशेष अभियोजकों की नियुक्ति की है। विशेष अभियोजक इन प्रकरणों में साक्ष्यों के प्रभावी प्रस्तुतिकरण, गवाहों के समुचित प्रबंधन और न्यायालयीन पैरवी पर विशेष ध्यान देंगे। इससे मामलों की सुनवाई अधिक व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने में सहायता मिलेगी। राज्य शासन का यह प्रयास मेहनत और योग्यता के आधार पर परीक्षा देने वाले युवाओं के हितों की रक्षा तथा परीक्षा प्रणाली में विश्वास बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पेपर लीक, नकल और परीक्षा से जुड़े अन्य अपराधों के मामलों में प्रभावी अभियोजन के माध्यम से दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

चार्जशीट दाखिल होने के 3 महीने के भीतर होगा ट्रायल पूरा

विशेष फास्ट ट्रेक कोर्ट परीक्षाओं मे नकल रोकने के लिए बनाई गई त्वरित जाँच/कानूनी प्रणाली या उडनदस्तों से संबंधित है। इन फास्ट-ट्रैक अदालतों को चार्जशीट दाखिल होने के 3 महीने के भीतर मामले का निपटारा (ट्रायल पूरा) करने का लक्ष्य दिया गया है।



फास्ट-ट्रैक कोर्ट मे पैरवी विशेष अभियोजक करेंगें। संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे एसआईटी का गठन किया गया है। फास्ट-ट्रैक कोर्ट भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, और जबलपुर महानगरों में बनाई जायेगी, जिनका कार्यक्षेत्र निर्धारित किया गया है।

यह होंगे क्षेत्र

भोपाल - भोपाल मे फास्ट-ट्रैक विशेष न्यायालय के अंर्तगत भोपाल, सीहोर, रायसेन, बैतूल, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ़ और विदिशा जिलों के मामलों की सुनवाई करेगी।

इंदौर - इंदौर में फास्ट-ट्रैक विशेष न्यायालय के अंर्तगत इंदौर, धार, रतलाम, झाबुआ, मंदसौर, उज्जैन, देवास और आसपास के मालवा-निमाड़ क्षेत्र के मामलों को देखेगी।

ग्वालियर - ग्वालियर में फास्ट-ट्रैक विशेष न्यायालय के अंर्तगत ग्वालियर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर और टीकमगढ़ जिलों का अधिकार क्षेत्र इसके पास है।

जबलपुर - जबलपुर मे फास्ट-ट्रैक विशेष न्यायालय के अंर्तगत जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल और महाकौशल/बुंदेलखंड के अन्य जिलों के मामले यहां सुने जाएंगे।

स्कूल-कॉलेजों में एंटी ड्रग कमेटियां बनेंगी

शहर के स्कूल और कॉलेजों में एंटी ड्रग कमेटियों का गठन किया जाए। जिनकी जिम्मेदारी होगी कि वह नशा करने वाले छात्र और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। शहर के नशामुक्ति केंद्रों की भी ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाए, जिससे पता चल सके कि सेंटर्स पर क्या किया जा रहा है। गुरुवार को कलेक्टर ने जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक रखी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री पर रोक के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और संबंधित विभागों का तालमेल जरूरी है। बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर को संदिग्ध और नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स का डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए गए। मेडिकल स्टोर्स के नियमित निरीक्षण और नशीली दवाओं की अवैध बिक्री में संलिप्त विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने तीन महीने पहले एनओसी की थीं रद्द, पेसो ने अब तक लाइसेंस नहीं किया सस्पेंड

हाईकोर्ट के स्टे तक हलालपुरा से बिकेंगे पटाखे, सुरक्षा के लिए लगाईं 13 शर्तें

बैरागढ़ एसडीएम ने जारी किए आदेश स्टे के बाद शिफ्ट होगा पटाखा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आग, बिजली से सुरक्षा के साथ करना होगा भीड़ का नियंत्रण | शर्तों का उल्लंघन किया तो दुकान मालिक को होगी 6 माह की सजा

हलालपुरा और लालघाटी की दो लाख आबादी के लिए खतरा बनीं 15 पटाखा दुकान और गोदाम इस दिवाली पर भी भोपाल इंदौर सड़क पर चलेंगे। जबकि तीन महीने पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द कर दी थी, लेकिन पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) ने पटाखा दुकानों का लाइसेंस अब तक सस्पेंड नहीं किया है। इधर संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव पिछले तीन महीने से दुकानों को बंद करने को लेकर सुनवाई कर रहे थे, जिसको लेकर गुरुवार को आदेश जारी किया गया है, जिसमें 13 शर्तें लगाई गई हैं। एसडीएम ने इस क्षेत्र को पब्लिक न्यूसेंस घोषित किया है। जहां पटाखों का कारोबार नहीं किया जा सकता है।

वर्तमान में जबलपुर हाईकोर्ट में 12 रिट पिटीशन और आठ अवमानना प्रकरण लंबित हैं, जिसमें आदेश सुरक्षित रखा गया है। कोर्ट ने इस मामले में स्टे दिया है। स्टे हटने के बाद पटाखा बाजार को यहां से दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। फिलहाल पटाखा कारोबार करने के लिए एसडीएम ने पटाखा मार्केट पर 13 शर्तें लगाई गई है, जिनके उल्लंघन पर दुकान मालिक को 6 महीने के कारावास का दंड दिया जाएगा।

आग सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण अनिवार्य



हलालपुरा क्षेत्र की पटाखा दुकान में खरीदारी करते लोग।

एसडीएम के आदेश में लगाई गई शर्तों के तहत दुकानदारों को आग से सुरक्षा, बिजली सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट भीड़ नियंत्रण के साथ ही एनजीटी के निर्देश का पालन करना पड़ेगा। इसके अनुरूप तय डेसीबल से अधिक आवाज वाले पटाखे, कार्बाइड गन बेचने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके साथ दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, विद्युत सुरक्षा और फायर एनओसी एसडीएम कोर्ट में पेश करना पड़ेगी।

यह दुकानें और गोदाम हटाए जाएंगे

हलालपुरा में पंद्रह सौ किलो पटाखे के स्टॉक रखने वाली 15 दुकानें हैं, जहां तय मात्रा से अधिक स्टॉक रखा जाता है। आदेश के तहत सोनी पटाखा, कालू पटाखा, आरके पटाखा, अम्बिका पटाखा, राज फायर वर्क्स, दीपक पटाखा, महादेव पटाखा समेत 15 दुकान और पांच पटाखा गोदामों की एनओसी रद्द कर दी गई है।



हलालपुरा की एक अन्य पटाखा दुकान में खरीदारी करते लोग।

यह पंद्रह दुकानें होंगी शिफ्ट

एसडीएम ने पंद्रह पटाखा कारोबारियों को आदेश जारी किया है, जिसके तहत आरके पटाखा, महादेव फायर वर्क्स, राज फायर वर्क्स, अंबिका फायर वर्क्स, इंडियन फायर वर्क्स, जय दुर्गा पटाखा, ताज फायर वर्क्स, महालक्ष्मी फायर वर्क्स, एमपी फायर वर्क्स, दीपक फायर वर्क्स, जैन पटाखा, कालू पटाखा, मधुर फायर वर्क्स, सोनी पटाखा और नेशनल पटाखा के प्रोपराइटर को शर्तों का पालन करना पड़ेगा। स्टे हटने के बाद इन्हें दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। बैरागढ़ एसडीएम ने यहां के पंद्रह सौ किलो स्टॉक वाले 15 दुकानदार और पांच गोदाम संचालकों को तीन जुलाई को आखिरी नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू की थी, जिसके तहत दुकानदारों ने जवाब पेश किया है। थोक पटाखों दुकानों की एनओसी रद्द होने के बाद पटाखा दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई पीईएसओ (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) को करना है, हालांकि पीईएसओ ने लाइसेंस सस्पेंड किए हैं, लेकिन हाईकोर्ट में लगे केस को लेकर लाइसेंस बहाल रखने की बात भी की है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट के निर्णय के बाद ही दुकानों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नई जगह की होगी तलाश

पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द करने के साथ सभी पटाखा दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने नई जमीन तलाश शुरू कर दी गई है। इस बार ऐसी जगह देखी जाएगी, जहां आसपास कोई रहवासी क्षेत्र न हो। एसडीएम का कहना है कि पटाखा दुकानों की एनओसी पहले ही रद्द कर दी गई थी। दुकानों की वजह से आम लोगों के खतरे को देखते हुए सुनवाई की गई है।

जेएमबी से जुड़ा है तलहा तालुकदार

आतंकी संगठन के बंदी की सेंट्रल जेल में तबीयत बिगड़ी, एम्स में किया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के सेंट्रल जेल में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जुड़े तलहा तालुकदार की तबीयत बिगड़ गई। शरीर में खून की कमी होने पर उसे एम्स में भर्ती कराया गया है। जेल में स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने के बाद उसे पहले लालघाटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। वहां जांच में पता चला कि दौरान उसके शरीर में खून की कमी सामने आई। इसके बाद डॉक्टर ने बुधवार को उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया। अस्पताल में उसका इलाज पुलिस की कड़ी निगरानी में चल रहा है। तलहा तालुकदार को एम्स लाए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। उसकी निगरानी के लिए जिला पुलिस बल के साथ विशेष बल भी तैनात किया गया है। पुलिस अस्पताल में उसकी सुरक्षा को लेकर सतर्क है।

एडिशनल डीसीपी ऑफिसर-2 अनिल शर्मा ने बताया कि तलहा को भोपाल सेंट्रल जेल से इलाज के लिए एम्स लाया गया है। उसकी सुरक्षा के लिए जिला पुलिस और विशेष बल तैनात किया गया है।

त्योहार को देखते हुए टीमें कर रही जांच

कंट्रीसाइड मीडोज रेस्टोरेंट में मिली गंदगी, फ्रिज में मिले सड़े टमाटर

शिमला मिर्च का भी सही रखरखाव न मिलने पर नोटिस जारी



कंट्रीसाइड रेस्टोरेंट में मिले सड़े टमाटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें होटल और रेस्टॉरेंट पर जांच कर रही है। गुरुवार को टीम ने कंट्रीसाइड मीडोज रेस्टॉरेंट का जायजा लिया।

जहां फ्रिज में सड़े हुए टमाटर मिले, जबकि शिमला मिर्च का भी सही रख रखाव नहीं किया गया था। टीम ने संचालक को नोटिस जारी किया है। इसी तरह केरवा डैम रोड स्थित बारी एयर डाइन-इन रेस्टोरेंट से पनीर और मूंगफली दाने के सैंपल लिए गए हैं।

11 नंबर मार्केट स्थित अमीरा नमकीन हाउस से नमकीन का सैंपल लिया गया है। केरवा डैम रोड के सवाया रेस्टोरेंट से भी बेसन और मोटी मैया के सैंपल लिए गए।

अभियुक्त से परेशान पत्नी बहन के पास भोपाल में रहने लगी थी

पत्नी और साली की हत्या के दोषी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक को दोहरे आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चरित्र संदेह को लेकर अलग रह रही पत्नी विनीता मरावी (38) और साली मेघा उइके की चाकू से हमला कर हत्या करने के अभियुक्त सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) योगेश पिता भरत लाल मरावी (46) ग्राम गौरी पोस्ट आमगांव बालाघाट को दोहरे हत्याकांड के आरोप में दोषी ठहराते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुचिता श्रीवास्तव के न्यायालय द्वारा ने दोहरे आजीवन कारावास और 3 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार



अभियुक्त योगेश और पत्नी विनीता बालाघाट निवासी थे। योगेश एएसआई के पद पर मंडला जिले के मवई थाने में पदस्थ था। योगेश पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इस पर उनमें विवाद होता रहता था। अभियुक्त की प्रताड़ना से परेशान विनीता छोटी बहन मेघा उइके के पास भोपाल में रहने लगी थी।

मेघा शासकीय विभाग में लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ थी और पद्मनाभ नगर के सिम्मी अपार्टमेंट में रहती थी। 3 दिसंबर 2024 को योगेश ने मेघा के घर चाकू से पहले विनीता पर हमला कर कर दिया था। तभी उसे बचाने आई मेघा पर भी योगेश चाकू से हमला कर दोनों बहनों की हत्या कर घर का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गया था।

दो महीने में सुधरेंगी शहर की सड़कें, हटेगी मेट्रो की बैरिकेडिंग

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दी हिदायत, सड़कों पर होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में पिछले छह महीने से लगातार हो रही सड़क सुरक्षा की बैठक में सड़कें और ट्रैफिक को सुगम बनाने की बात रखी जा रही है, लेकिन अफसरों के निर्देशों पर अमल नहीं किया जा रहा है। इसके पहले भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सड़कों की मरम्मत और लेफ्ट टर्न क्लीयर करने की बात कही थी, लेकिन एक महीने से अधिक समय गुजरने के बाद भी इस पर अमल नहीं किया गया है। गुरुवार को दोबारा से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई, जिसमें पंद्रह जनवरी को होने वाली आर्मी डे परेड और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से पहले शहर की सड़कों को दुरुस्त करने की बात कही गई।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

कलेक्टर ने कहा कि शहर में जिन जगहों पर मेट्रो का निर्माण काम चल रहा है, उसमें तेजी लाई जाए, जिससे बेरिकेडिंग को हटाया जा सके। जिन स्पॉट पर सड़क हादसों का खतरा बना रहता है, वहां पर सुधार किया जाए, जिसके लिए नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस को शामिल किया जाए। कलेक्टर ने शहर के आसपास नेशनल हाइवे पर चल रहे निर्माण के कामों को जल्द पूरा कराने कराने की बात कही एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बसंत कौल ने बताया कि शहर में ट्रैफिक को लेकर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं, जिन जगहों पर मेट्रो का काम चल रहा है, वहां पर काम में तेजी लाने की बात कही गई है। काम पूरा होने के बाद बैरिकेडिंग को हटा लिया जाएगा।

डिस्ट्रिक्ट हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स हटाएगी अतिक्रमण

बैठक में कलेक्टर ने गोविंदपुरा ट्रेनिंग सेंटर और आईएसबीटी क्षेत्र में प्रस्तावित कार्य शुरू कराने और स्वीकृत लेफ्ट टर्न निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स को राष्ट्रीय राजमार्गों की सीमा में किए गए अतिक्रमण हटाए। उन्होंने प्रमुख चौराहों पर स्टॉप लाइन, जेब्रा क्रॉसिंग और स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए भी कहा।

यात्री, टीटीई स्टाफ के बीच हर माह विवाद की शिकायतों के बाद लिया फैसला

अब ट्रैफिक पुलिस की तरह टीटीई भी होंगे बॉडी-वॉर्न कैमरे से लैस, यात्रियों से बातचीत और जांच प्रक्रिया होगी रिकॉर्ड

टिकट चेक करते समय चालू करना जरूरी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और टिकट जांच के दौरान होने वाले विवादों पर रोकने के लिए रेलवे बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब ट्रैफिक पुलिस की तर्ज पर ट्रेनों में टिकट जांच करने वाले टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) को बॉडी-वॉर्न कैमरे दिए जाएंगे। पहले चरण में भोपाल रेल मंडल 56 कैमरे खरीदेगा। इसके बाद टीटीई को इसके संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद भोपाल



फाइल फोटो

एक्सप्रेस, रीवांचल सहित अन्य ट्रेनों में चलने वाले स्टाफ को यह कैमरे दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई महीनों से टीटीई व यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही थी। इसकी शिकायत रेलवे के पास पहुंच रही थी। रेलवे की जांच में अधिकांश शिकायतें फर्जी पाई जाने के बाद यह फैसाला लिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार करीब दो माह में कैमरे की सप्लाई हो जाएगी। इसके बाद टीटीई को ड्यूटी के दौरान कैमरा अनिवार्य रूप से चालू रखना होगा, केवल विश्राम के समय इसे बंद किया जा सकेगा। विवाद की स्थिति में पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड होगी, जिसे अधिकारी साक्ष्य के रूप में देख सकेंगे। भोपाल रेल मंडल में करीब 390 टीटीई कार्यरत हैं और रोजाना 120 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं।

रिजर्वेशन काउंटर के कर्मचारी भी लगाएंगे कैमरे

टीटीई स्टाफ के बाद रिजर्वेशन काउंटर, पार्सल और इंक्वायरी काउंटर पर कार्यरत कर्मचारियों को भी बॉडी-वॉर्न कैमरे दिए जाएंगे। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इससे रियल-टाइम रिकॉर्डिंग होगी और यात्रियों द्वारा कार्य में बाधा नहीं डाली जा सकेगी।

यह होंगे फायदे

- टिकट जांच शुरू करते ही कैमरा ऑन करना होगा।
- कैमरा सीने, कंधे पर लगेगा।
- वीडियो, ऑडियो रिकॉर्ड होंगे।
- रिकॉर्डिंग सीधे रेलवे के सुरक्षित सर्वर पर सेव होगी।
- आवश्यकता पड़ने पर जांच एजेंसियां फुटेज देख सकेंगी।

सुरक्षा, विवाद में जरूरी

यात्री सुविधा व ट्रेनों में टिकट चेकिंग के दौरान पारदर्शिता बढ़ाने और विवादों पर रोक लगाने के लिए टीटीई को बॉडी-वॉर्न कैमरे से लैस किया जाएगा। इसके लिए भोपाल रेल मंडल 56 कैमरे खरीदेने जा रहा है।

-सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम भोपाल रेल मंडल

भोपाल-जोधपुर, श्रीधाम एक्स. समेत कई ट्रेनों का संचालन बहाल

तीसरी रेल लाइन का काम पूरा, फिर पटरी पर दौड़ीं ट्रेनें, हजारों यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीना-आगासौद के बीच तीसरी रेल लाइन जोड़ने का काम पूरा होने के बाद यात्रियों को राहत मिलने लगी है। भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस और श्रीधाम एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन गुरुवार से फिर शुरू हो गया।

वहीं, दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस और बीना-रूठियाई मेमू को छोड़कर अधिकांश ट्रेनें शुक्रवार से अपने निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार चलने लगेंगी। इससे भोपाल, बीना, सागर, जबलपुर, ललितपुर, झांसी और ग्वालियर के बीच सफर करने वाले हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

दरअसल, तीसरी रेल लाइन को जोड़ने और यार्ड रीमॉडलिंग के चलते रेलवे ने 14 और 15 अक्टूबर तक करीब दो दर्जन ट्रेनों को निरस्त किया था। वहीं, इस मार्ग से गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें भी धीमी गति से चल रही थीं। इसके कारण यात्रियों को घंटों की देरी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब काम पूरा होने के बाद रेल परिचालन सामान्य होने लगा है।

यार्ड की क्षमता बढ़ेगी समयपालन में सुधार

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि बीना और आगासौद स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे ट्रेनों के आगमन, प्रस्थान और ठहराव का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। साथ ही रेल परिचालन की दक्षता, विश्वसनीयता और समयपालन में भी सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि, राज्यरानी एक्सप्रेस और बीना-रूठियाई मेमू के संचालन को लेकर यात्रियों को निर्धारित सूचना के अनुसार यात्रा की योजना बनानी होगी।

जैकेट का शेष...

जबलपुर-इंदौर...
सौंपे जाएंगे। कंपनी के कार्य क्षेत्र के दायरे में मुख्य सड़क या कॉरिडोर का निर्माण नहीं होगा। कंपनी का संपूर्ण ध्यान आर्थिक हबों के भीतर आंतरिक एवं साझा अधोसंरचना और आर्थिक गतिविधियों के संवर्धन पर ही केंद्रित रहेगा।

पहले चरण में...
करोड़ रुपए से अधिक निवेश और 6 लाख से अधिक रोजगार सृजित करने की योजना है। अगले 30 दिन में कंपनी का गठन कर लिया जाएगा। छह माह में पूरे कॉरिडोर की जीआईएस मैपिंग और लैंड बैंक तैयार किया जाएगा। एक साल में प्राथमिक औद्योगिक हब का मास्टर प्लान और डीपीआर तैयार कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने की योजना है।

कंपनी को प्रदान...
प्रदान की जाएंगी।
आवश्यकतानुसार राज्य शासन की भूमि सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से रियायती दर या निर्धारित शर्तों पर कंपनी को उपलब्ध कराई जाएगी।
परियोजना में वन भूमि की आवश्यकता होने पर संबंधित केंद्रीय एवं राज्य कानूनों, पूर्वानुमोदन, क्षतिपूर्ति वनीकरण तथा एनपीवी सहित सभी वैधानिक शर्तों की पूर्ति के बाद ही भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

सड़क चौड़ीकरण की ...
आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सिंहस्थ के लिए विकास जरूरी है, लेकिन प्राचीन धार्मिक विरासत को नुकसान पहुंचाए बिना चौड़ीकरण का विकल्प तलाशा जाना चाहिए। उत्तरामुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित अमित पाठक के मुताबिक, मंदिर पर 7.64 मीटर यानी करीब 25 फीट तक लाल निशान लगाया गया है। पंडित अमित पाठक ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर पर लगाए गए करीब 25 फीट के निशान को 10 से 15 फीट तक कम किया जाए, ताकि मंदिर का मूल स्वरूप बच सके।

पेज एक का शेष...

जब भी समय ...
फीजियोथेरेपी में भी नए अवसर बन रहे हैं। आज हम जिस किसी भी फील्ड अपनी सफलता के लिए तो परिश्रम तो करना ही है, साथ ही नई पीढ़ी को गढ़ने की जिम्मेदारी भी उठानी है। इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स जो होंगे, उसमें आप उन बच्चों की मदद करें जो आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। जब समय मिले अपने गांव अपने शहर के बच्चों से मिलिए। आपके अनुभव उन बच्चों के बहुत काम आ सकते हैं। आपकी छोटी सी बात उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का मौका दे सकती है। देश के युवाओं को आपसे केवल स्पोर्ट्स की ही प्रेरणा नहीं मिलती है, खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाते हैं, हार से जीतने की सीख खेलों से मिलती है।

खेलों से निराशावादी मानसिकता को हटाया : पीएम ने कहा कि भारत ने भी बीते 12 वर्षों में बहुत धैर्य के साथ अपने स्पोर्ट्स कल्चर पर काम किया है। पहले गिने चुने मेडल्स आते थे। कितने खेल ऐसे थे, जिसका तो पता ही नहीं होता था। पहले ओलंपिक जैसा इवेंट होता था और आधे से ज्यादा खेलों में हमारा कोई प्रतिनिधित्व ही नहीं होता था। अब सोचिए जब हम कम्पीट ही नहीं करेंगे तो मेडल कहां से लाएंगे। हमने संकल्प लिया कि हम इस निराशावादी मानसिकता को हटाएंगे। इसका नतीजा यह हुआ कि हर खेल में हमारा प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। आज देश में 1000 से ज्यादा खेलो इंडिया सेंटर बनाए गए हैं।

हमें कोई भी...
और चुनाव आयोग से जवाब मांगा। गौरव भाटिया ने अदालत को बताया कि लगभग 200 वकीलों ने एक दावे पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें उन्होंने वकीलों को डराने-धमकाने की कथित कोशिशों पर चिंता व्यक्त की है। भाटिया ने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है कि यह अदालत राजनीतिक जुलूसों में उलझी रहे। सुप्रीम कोर्ट में जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा है कि इस तरह की डराने-धमकाने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए। इस सीजेआई ने कहा कि ये कमजोर कोशिशें हैं, जिन पर कोई ध्यान नहीं देता।

कैमरा फुटेज कोई ...
राहुल के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के हैं। आरोप है कि तब उन्होंने गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया था। इस पर जस्टिस बागची ने सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। यह भी कहा है कि इन्हें कोई भी आकर जमा करा सकता है। प्रदर्शन बुलाने वालों की जिम्मेदारी तय करने की मांग वाली याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत ने नोटिस जारी किया। इसमें मांग की गई है कि प्रदर्शन बुलाने वाला व्यक्ति दूसरों पर पड़ने वाले परिणामों की जिम्मेदारी भी ले।

केरल कांग्रेस के...
सीजेआई के खिलाफ थी। यह पोस्ट डिलीट की जा चुकी है। विपक्ष की तरफ से यह याचिका चीफ जस्टिस सूर्यकांत के मिलने से इनकार के बाद दाखिल की गई थी। 11 अक्टूबर को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। सीजेआई ने मना कर दिया था। फिर राहुल, प्रियंका, खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद 12 अक्टूबर की शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंच गए। उससे पहले सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था।

मप्र में शराबबंदी...
कि बुंदेलखंड में नशे की समस्या गंभीर है। यात्रा के दौरान वे बंडा क्षेत्र में उन परिवारों से मिले, जिनके परिजनों की कथित तौर पर नकली शराब पीने से मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से मदिरा-मुक्त मध्य प्रदेश की सौगात पूरे प्रदेश के लिए बड़ी पहल होगी। लाड़ली बहना योजना के बाद यह सबसे बड़ी सौगात साबित हो सकती है।

मंगेतर ने शादी ...
मांग पूरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर 2025 को वॉट्सऐप पर रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद युवती ने मां के साथ ग्वालियर महिला थाना पहुंचकर मंगेतर विजय बघेल समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि अहमदाबाद निवासी विजय बघेल, पिता प्रहलाद बघेल, के साथ 2021 में शादी की बात चली थी, लेकिन उस समय परिजनों ने इसे आगे नहीं बढ़ाया। 2024 में विजय ने दोबारा शादी की बात शुरू की। विजय ने युवती के माता-पिता से कहा- आपकी बेटी बहुत पसंद है, हमें दान-दहेज कुछ नहीं चाहिए। इसके बाद 10 अक्टूबर 2024 को दोनों का रोका कर दिया गया।

दमोह में महिला ...
पीड़ितों के मुताबिक उन्होंने डायल 112 पर भी सूचना दी थी। तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि पुलिस को लूट की घटना की जानकारी मिली है। रात से पुलिस एक महिला की हत्या के आरोपियों का सुराग तलाशने में जुटी थी।

नियमों का उल्लंघन...
के ही नागरिक कर सकते हैं। इमरान खान के वकील ने कहा कि उन्हें देश छोड़ने के लिए जारी किए गए नोटिस के खिलाफ वह बॉम्बे हाई कोर्ट जाएंगे। नियम ओसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) कार्डधारकों को किसी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से नहीं रोकते हैं।

कोसमी के करीब ...
रुका। कोसमी गांव के आदिवासी 5 दिन से धरना कर रहे थे। 11 अक्टूबर को वन विभाग की कार्रवाई में 12 परिवारों के मकान तोड़े गए थे।
मकान तोड़ने और फसलों को कुचलने के खिलाफ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी जताई थी। जबकि, वन विभाग का कहना है कि सिर्फ बेजा कब्जे हटाए गए हैं।

बैनर लिए नारे लगाते आगे बढ़ रहे : प्रदर्शनकारी आदिवासी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। तख्तियों और बैनर पर उनकी मांगों और सरकार से न्याय की गुहार से जुड़े नारे लिखे हैं। पदयात्रा में डीजे वाहन और भारी सुरक्षा बल भी देखने को मिल रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हैं। आदिवासी परिवारों का आरोप है कि उनके आशियाने उजाड़ने और खेत नष्ट करने से गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

सबके साथ न्याय ...
विधायक हेमन्त खंडेलवाल, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित अनुसूचित जनजाति समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, बृजेन्द्र कुमार तिवारी (Brijendra Kumar Tiwari) जो कि मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय भोपाल में कार्यभारित चौकीदार के पद पर कार्यरत हूँ द्वारा अपने नाम का परिवर्तन करा लिया हैं। अतः भविष्य में मुझे बृजेन्द्र तिवारी (Brijendra Tiwari) नाम से ही जाना एवं लिखा जाए।

पुराना नाम : **बृजेन्द्र कुमार तिवारी** (Brijendra Kumar Tiwari)
मकान न. 210 द्वारकापुरी, सिकंदराबाद, रातीबड़ भोपाल
नया नाम : **बृजेन्द्र तिवारी** (Brijendra Tiwari)
मकान न. 210 द्वारकापुरी, सिकंदराबाद, रातीबड़ भोपाल

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91 755-4027100, 2774340, 42, www.mpstdc.com
क्रमांक 500/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक: 15.10.2026

निविदा सूचना 356/2026_STDC_543642_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:-** म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई विण्ड एण्ड वेव्ज भोपाल में 02 कॉटेजेस के रिनोवेशन, इंटीरियर एवं शेष अन्य कार्य। (06 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 590.00 लाख
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.10.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/128635/2026 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@nic.in Phone No. 07622-224277
क्रमांक 19/व.ले.लि./2026-27/ // निविदा आमंत्रण सूचना // कटनी, दिनांक 09/10/2026

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्रं	टेण्डर आई डी क्रमांक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रं.	अनुमानित लागत राशि (रू लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2026_PWDRB_542115_1	कटनी	11.04.25	सड़क	भमका रोझन मार्ग लंबाई 3.0 किमी. में मजबूतीकरण कार्य	चतुर्थ	273.11	273200	15000	8 माह वर्षाऋतु सहित
					योग		273.11			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 273.11 लाख (दो करोड़ तेहत्तर लाख ग्यारह हजार मात्र)
उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 30.10.2026 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ. टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी
G-20045/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय अशोकनगर (म.प्र.)

क्र./ई-निविदा/2026/12987 **संक्षिप्त विज्ञप्ति** अशोकनगर, दिनांक 06/10/2026

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु)

जिला अशोकनगर में स्वास्थ्य विभाग (सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक अशोकनगर) के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में लिफ्ट के लिये एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आध्धरित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें कय की जायेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संवध में निविदा नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

S. No	Online Tender Id	Tender Description	Tender Fees	Publishing Date	Download/Sale started date	Prebid Meeting date	Submission started date	Submission End date	Submission End date
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1		Lift	500	15-10-2026 At 10:30 Hrs	15-10-2026 At 10:30 Hrs	17-10-2026 At 16:00 Hrs	17-10-2026 At 16:30 Hrs	25-10-2026 At 17:30 Hrs	26-10-2026 At 17:30 Hrs

नोट:-
1. ऑनलाइन निविदा निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरगि बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा।
2. निविदाएँ ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।
3. निविदाओं के संबंध में नियत दिनांकों में निविदाओं की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।
4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईड www.mptenders.gov.in पर जो दिनांक व समय दिया जाऐगा वही सभी निविदाकारों के लिये मान्य होगा।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला अशोकनगर (म.प्र.)
जी -20036/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
यांत्रिक विभाग जोन क्र. 16

क्रमांक 611/याँ.वि. 16/26 निविदा आमंत्रण सूचना भोपाल, दिनांक 15/10/2026
निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत	निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक	समय
1.	2026_UAD_535045_2	CONSTRUCTION OF C.C ROAD WORK MEENAL RAIKAWAR, DURGA MANDIR RAWEEL WALI GALI CHOTI WALI GALI AT KAILASH NAGAR WARD 74 ZONE 16	18,96,420/-	29.10.2026	17:30 PM
2.	2026_UAD_534647_3	CONSTRUCTION OF R.C.C DRAIN NEAR KAILASH SONI HOUSE ATAL NEHRU NAGAR WARD 72 ZONE 16	3,72,458/-	21.10.2026	17:30 PM
3.	2026_UAD_532945_4	CONSTRUCTION OF SHED AT KUTEER NAGAR INFRONT OF DHAKAD JI HOUSE WARD 73 ZONE 16	55,546/-	21.10.2026	17:30 PM
4.	2026_UAD_518400_8	PROVIDING AND FIXING OF PLAYGROUND EQUIPMENT AT ITI STAFF CAMPUS PARK WARD 65 ZONE 16	1,96,500/-	21.10.2026	17:30 PM

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।
सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र. 16
नगर निगम भोपाल
नि.क्र.880/026/027

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-ग्वालियर
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म. प्र.) 462003

// निविदा आमंत्रण सूचना //
नि.आं.सू. क्र. /एन.एच.एम/05/2026-27/417 भोपाल दिनांक 09/10/2026

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-ग्वालियर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) निविदा आमंत्रण सूचना सरल कमांक 01 तक 03 लिफाफा पद्धति एवं सरल कमांक 02 से 06 तक 02 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन) भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-
ई-निविदा सूचना क्रमांक-05/2026-27 दिनांक 09.10.2026

सं क्र.	निविदा क्रमांक	जिले का नाम	विकासखण्ड का नाम	संस्था / कार्यो की संख्या	अनुमानित लागत राशि (रु लाख में)
1	2026_DHS_542394_1	मुरैना	मुरैना	04	106.93
2	2026_DHS_542395_1	ग्वालियर	ग्वालियर	01	5.84
3	2026_DHS_542396_1	शिवपुरी	शिवपुरी	01	13.27
4	2026_DHS_542397_1	गुना	गुना	03	25.03
5	2026_DHS_542398_1	मुरैना	पहाडगढ़, जौरा एवं कैलारस	06	75.22
6	2026_DHS_542399_1	शिवपुरी	शिवपुरी	01	80.22

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 13.10.2026 प्रातः 10.30 से दिनांक 27.10.2026 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही।
5. निविदा क्रमांक 2026_DHS_542399_1 में भाग लेने हेतु A-Class विद्युत लाईसेस अनिवार्य है।
6. निविदा क्रमांक 2026_DHS_542399_1 में भाग लेने हेतु समान कार्य अनुभव सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निविदा में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।
8. उपरोक्तानुसार कार्यो का विस्तृत विवरण ऑन-लाईन मे देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-ग्वालियर
G-20071/26 " स्वच्छता ही सेवा "

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिरले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

शब्द पहेली - 6379



बाएँसेदाए±
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

ऊपर से नीचे
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

शब्द पहेली -6378 का हल

म	न	मो	ह	न	■	र	वा	ना	हो	ना
न	■	म	क	र	■	त	ल	ना	■	का
मो	ह	■	■	गि	■	ज	■	■	क	म
ह	म	■	आ	स	ल	गा	ना	■	मा	या
क	ल	र	व	■	क्ष्य	■	म	त	ल	ब
■	■	■	भ	ला	■	जो	र	■	■	■
ज	ग	म	ग	■	मौ	■	ख	चा	ख	च
मी	ल	■	त	म	त	मा	ना	■	र	म
न	त	■	■	हा	■	ल	■	■	ल	क
दा	■	म	चा	न	■	खा	रि	श	■	दा
र	म	णी	य	ता	■	ना	ट	क	का	र

चूड़ीकु नवताल - 6389 सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

चूड़ीकु नवताल - 6388 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

खबर संक्षेप

टाटा पावर ने की 18 कंपनियों के साथ साझेदारी

मुंबई। टाटा पावर ने डेटा सेंटर क्षेत्र में अपनी विस्तार योजनाओं को गति दी है। कंपनी 18 प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ 29 सक्रिय परियोजनाओं पर काम कर रही है। इन परियोजनाओं से जुड़ी ऊर्जा क्षमता 2.8 गीगावाट से अधिक है। कंपनी की योजना डेटा सेंटर संचालकों को बिजली आपूर्ति के साथ ग्रिड कनेक्टिविटी, अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। इसके तहत लगभग 430 मेगावाट का संभावित भार, पारेषण क्षेत्र में 1,236 मेगावाट के अवसर और करीब 1,150 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को लेकर चर्चा शामिल है।

सेनहाइजर के प्रोडक्ट्स पर 60 फीसदी तक छूट

मुंबई। ऑडियो उपकरण बनाने वाली कंपनी सेनहाइज़र ने अमेज़न की आगामी सेल के दौरान अपने चुनिंदा प्रीमियम प्रोडक्ट्स पर 60 प्रतिशत तक छूट देने की घोषणा की है। ऑफर्स में मोमेंटम 4, मोमेंटम टू वायरलेस 4, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन, एचडी 490 प्रो, एचडीबी 630 और एमकेई 600 जैसे उत्पाद शामिल हैं। ग्राहक चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई और विशेष बैंक ऑफर्स का लाभ भी उठा सकेंगे।

क्रोमा के 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' की शुरुआत

मुंबई। टाटा समूह की इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल कंपनी क्रोमा ने अपने वार्षिक त्योहारी अभियान 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' की शुरुआत कर दी है। इसके तहत चुनिंदा घरेलू उपकरणों पर 35 प्रतिशत तक छूट, बैंक और एनबीएफसी ऑफर्स के माध्यम से 45,000 रुपए तक कैशबैक तथा पुराने उत्पादों के बदले 20,000 रुपए तक एक्सचेंज बोनस दिया जा रहा है। ये ऑफर नियम एवं शर्तों के अनुसार 31 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेंगे।

एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच

मुंबई। समिट एसआईएफ ने समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का नया फंड ऑफर (एनएफओ) 12 अक्टूबर 2026 को खुल चुका है और 26 अक्टूबर 2026 को बंद होगा। यह एक अंतराल निवेश रणनीति है, जिसके तहत बाजार की परिस्थितियों के अनुसार शेयर, डेट, डेरिवेटिव्स, इनविट्स और कमोडिटी डेरिवेटिव्स में निवेश किया जाएगा। इसमें स्वीकृत साधनों के जरिए सीमित शॉर्ट पोजीशन लेने का विकल्प भी रहेगा।

टाटा समूह का 'सोलह श्रृंगार' कलेक्शन पेश

नई दिल्ली। टाटा समूह के ब्रांड तनाएरा ने अपना नया फेस्टिव कैंपेन और 'सोलह श्रृंगार' कलेक्शन पेश किया है। 'आपसे ही पूरा, हर श्रृंगार' संदेश वाला यह कैंपेन महिलाओं की खूबसूरती, व्यक्तिगत पसंद और भारतीय परंपराओं का जश्न मनाता है। कैंपेन फिल्म में अलग-अलग संस्कृतियों और उम्र की पांच महिलाओं को त्योहार की तैयारियां करते दिखाया गया है। साड़ी का पल्लू ठीक करनाजैसे छोटे पल महिलाओं के बीच एक साझा भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाते हैं। तनाएरा के 'सोलह श्रृंगार' कलेक्शन में सिल्क, ऑर्गेंजा, टिश्यू और टसर जैसे फैब्रिक की साड़ियां शामिल हैं।

स्वास्थ्य शिविर में 132 ग्रामीणों ने कराई जांच

भोपाल। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स की ओर से सीएसआर के तहत ग्राम सगमनिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 132 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर का आयोजन एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल एवं सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. शरद सिंह एवं डॉ. तरबेज खीरा आदि मौजूद थे।

आकाश अंबानी ने पेश की विकास योजना: होम ब्रॉडबैंड बेस करीब 3 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य

भारत के सबसे बड़े आईपीओ से पहले जियो का बड़ा ऐलान: मोबिलिटी, होम और एंटरप्राइज पर रहेगा फोकस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के अब तक के सबसे बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपनी अगली विकास रणनीति का खुलासा किया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने मोबिलिटी, होम ब्रॉडबैंड और उद्यम एवं अंतरराष्ट्रीय कारोबार को जियो के तीन प्रमुख विकास इंजन बताया। कंपनी की योजना मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी, तकनीक और बुनियादी ढांचे के दम पर देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी और मजबूत करने की है।

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो की कारोबारी रणनीति के केंद्र में ग्राहक हैं। उन्होंने कहा, हमारे कारोबार की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हमारा ग्राहक है। कंपनी का लक्ष्य हर भारतीय, हर घर और हर उद्यम तक बेहतर और किफायती डिजिटल सेवाएं पहुंचाना है। देश की सबसे बड़ी डिजिटल और टेलीकॉम कंपनियों में से एक के इस मेगा आईपीओ से जुड़ी घोषणा के समय आकाश अंबानी चेयरमैन, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, अनंत अंबानी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं संस्थापक, वंतारा , ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, उदय कोटकः चेयरपर्सन, कोटक सिक्योरिटीज सहित व्यापार जगत की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

कुल नए स्थिर ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में जियो की हिस्सेदारी करीब 67.5 प्रतिशत रही

लक्ष्य हर भारतीय, हर घर और हर उद्यम तक बेहतर डिजिटल सेवाएं पहुंचाना

53.3 करोड़ ग्राहकों के साथ मोबाइल कारोबार पर नजर



ईशा अंबानी और आकाश अंबानी एक साथ

जियो के पास फिलहाल करीब 53.3 करोड़ कनेक्टिविटी ग्राहक हैं और कंपनी देश के 60 प्रतिशत से अधिक डेटा यातायात को संभालती है। मोबाइल कारोबार में कंपनी अगले पांच वर्षों के दौरान करीब 34 करोड़ नए 4जी और 5जी ग्राहकों की संभावित बाजार मांग देख रही है। आकाश अंबानी के मुताबिक, इसमें करीब 10 करोड़ ऐसे ग्राहक शामिल होंगे, जो पहली बार मोबाइल कनेक्शन लेंगे, जबकि लगभग 24 करोड़ ग्राहक 2जी से 4जी और 5जी नेटवर्क पर जा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में जियो के सक्रिय मोबाइल ग्राहकों की शुद्ध वृद्धि दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार परिचालक की तुलना में करीब तीन गुना रही।

घरेलू ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या ज्यादा से ज्यादा बढ़ाएंगे

जियो आने वाले वर्षों में घरेलू ब्रॉडबैंड कारोबार को भी विकास के बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। कंपनी के पास फिलहाल करीब 2.86 करोड़ स्थिर ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं। अब इसका लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर 10 करोड़ घरों तक पहुंचाना है। व2025-26 में देश में जुड़े कुल नए स्थिर ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में जियो की हिस्सेदारी करीब 67.5 प्रतिशत रही। आकाश अंबानी ने बताया कि कंपनी तार आधारित फाइबर नेटवर्क के साथ वायरलेस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अपनी पहुंच का विस्तार कर रही है। फिलहाल जियो की सेवाएं देश के करीब 19,000 पिन कोड तक पहुंच रही हैं।



मेगा आईपीओ से जुड़ी घोषणा के दरमियान व्यापार जगत की मौजूद हस्तियां



उद्यम कारोबार और अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर दांव

जियो का तीसरा विकास इंजन उद्यमों को डिजिटल सेवाएं देना और अंतरराष्ट्रीय कारोबार का विस्तार करना है। कंपनी भारत में करीब 5.1 लाख करोड़ रुपए यानी 56.8 अरब डॉलर के उद्यम डिजिटल सेवा बाजार को अवसर के रूप में देख रही है। आकाश अंबानी के अनुसार, देश की लगभग 65 प्रतिशत बैंक शाखाएं जियो नेटवर्क से जुड़ी हैं। इसके साथ ही कंपनी अपने संपूर्ण तकनीकी मंच को चुनिंदा विदेशी बाजारों में पेश कर कमाई के नए रास्ते तलाश रही है। जियो की रणनीति केवल सॉफ्टवेयर बेचने तक सीमित नहीं है। कंपनी वैश्विक दूरसंचार परिचालकों के साथ प्रबंधित सेवा साझेदार के रूप में काम करना चाहती है। इस पहल के जरिए जियो भारतीय तकनीकी क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने और तकनीकी सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की तैयारी में है। आकाश अंबानी ने कहा कि इससे भारत को तकनीक का आयात करने वाले देश से तकनीक का निर्यात करने वाले देश बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।

ईशा अंबानी ने बताई रिलायंस की दीर्घकालिक कारोबारी सोच

प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ईशा अंबानी ने जियो की शुरुआत और रिलायंस की कारोबारी सोच का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कंपनी की रणनीति दीर्घकालिक दृष्टिकोण, बड़े पैमाने पर विस्तार, मजबूत क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन पर आधारित है। कार्यक्रम की शुरुआत उदय कोटक ने की। उन्होंने रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी और वर्ष 1977 में आए रिलायंस के आईपीओ को याद किया। जियो की यह विकास योजना ऐसे समय में सामने आई है, जब कंपनी के संभावित आईपीओ को लेकर बाजार की नजरें टिकी हुई हैं। मोबाइल सेवाओं, घरेलू ब्रॉडबैंड और उद्यम एवं अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर कंपनी का ध्यान आने वाले वर्षों में उसकी विकास रणनीति की दिशा तय कर सकता है।

उद्देश्य 600 ग्रामीण युवाओं को विदेश में स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना

नाबार्ड ने एनएसडीसी के सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज निर्गम में किए 4 करोड़ निवेश

जापान और जर्मनी में मिलेगा प्रशिक्षण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्रामीण युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने महत्वपूर्ण पहल की है। नाबार्ड ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज पर जारी पहले शून्य कूपन, शून्य मूलधन (जेडसीजेडपी) निर्गम में 4 करोड़ रुपए की पूरी राशि का अभिदान किया है। करीब 11.25 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 600 ग्रामीण युवाओं को विदेश में स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल को भारत में परिणाम-आधारित सामाजिक वित्तपोषण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

एनएसडीसी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण युवाओं को जापान और जर्मनी में रोजगार के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण, तकनीकी कौशल विकास, प्रमाणन, संबंधित देशों की संस्कृति की जानकारी तथा आवश्यक दस्तावेज तैयार करने और विदेश में नियुक्ति संबंधी सहायता शामिल होगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़कर उनके लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना और परिवारों की आय बढ़ाने की संभावनाओं को मजबूत करना है। इस परियोजना की खास बात यह है कि इसमें वित्तीय सहायता को वास्तविक और मापनीय सामाजिक परिणामों से जोड़ा गया है। नाबार्ड ने सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से 4 करोड़ रुपए का अभिदान किया है। वहीं, निर्धारित रोजगार परिणाम हासिल होने पर मध्य प्रदेश सरकार की ओर से 5.60 करोड़ रुपए की परिणाम-आधारित वित्तीय सहायता दिए जाने की अपेक्षा है। शेष राशि लाभार्थियों के योगदान से जुटाने का प्रस्ताव है। नाबार्ड की इस पहल से ग्रामीण विकास की चुनौतियों के समाधान के लिए नए वित्तीय मॉडल विकसित करने की संभावनाएं मजबूत होंगी। इस परियोजना में विकास वित्तीय संस्थान, सरकारी एजेंसी और कौशल विकास से जुड़ी संस्था मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे संसाधनों के बेहतर उपयोग और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

आईईईएमए का भोपाल में इलेक्रामा 2027 का रोड शो आयोजित

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत को अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने में सहयोग करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) ने इलेक्रामा 2027 के प्रचार-प्रसार के लिए भोपाल में रोड शो आयोजित किया। कार्यक्रम में भारत के ऊर्जा भविष्य को मजबूत बनाने, विद्युत क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय उद्योगों को नए व्यावसायिक अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया गया। आईईईएमए आगामी 20 से 24 फरवरी 2027 तक आयोजित होने वाले इलेक्रामा 2027 की तैयारियों में जुटा है। वैश्विक विद्युत उद्योग के इस प्रमुख आयोजन में 1,100 से अधिक प्रदर्शकों, पांच



लाख आगंतुकों, 25 हजार से अधिक व्यावसायिक बैठकों, 500 से अधिक आमंत्रित खरीदारों और 10 से अधिक देशों के राष्ट्रीय मंडप शामिल होने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में आईईईएमए के पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष संजय कुलकर्णी ने कहा कि मध्य प्रदेश ने विद्युत क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इलेक्रामा 2027 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा संबंधी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का अभियान है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उद्योग जगत को नए अवसरों से जोड़ने के साथ विकास और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। मध्य प्रदेश के संयोजक एवं आईईईएमए के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास विभाग के अध्यक्ष मिहिर मर्चेंट ने कहा कि इलेक्रामा भारतीय ऊर्जा एवं विद्युत क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। उन्होंने बताया कि इलेक्रामा 2027 में जर्मनी साझेदार देश होगा, जिससे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

टीवीएस रेडर में अब मिलेगी आधुनिक सुरक्षा तकनीक, 125 सीसी सेगमेंट में पहली बार ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी लोकप्रिय मोटरसाइकिल टीवीएस रेडर के नए टीएफटी डीडी और एसएक्ससी डीडी संस्करणों में आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं शामिल करने की घोषणा की है। नए संस्करणों में ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस) और आपातकालीन ब्रेक चेतावनी जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी के अनुसार, 125 सीसी मोटरसाइकिल श्रेणी में पहली बार ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम पेश किया गया है। इन सुविधाओं का उद्देश्य रोजाना बाइक चलाने वालों को अधिक सुरक्षा, बेहतर नियंत्रण और सुविधाजनक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है। टीवीएस रेडर में दिया गया ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम मुश्किल परिस्थितियों में पिछले पहिये की पकड़ बनाए रखने में मदद करता है। टीवीएस मोटर कंपनी के अनुसार, नए टीवीएस रेडर टीएफटी डीडी संस्करण की एक्स-शोरूम कीमत दिल्ली में 1,03,170 रुपए और टीवीएस रेडर एसएक्ससी डीडी संस्करण की कीमत 1,00,330 रुपए रखी गई है।

'तत्काल एनपीएस' सुविधा शुरू

बैंक जाने की जरूरत नहीं: भीम एप से अब तुरंत खुलेगा एनपीएस खाता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डिजिटल भुगतान के दौर में अब बुढ़ापे के लिए पेंशन की तैयारी करना भी आसान हो गया है। भीम भुगतान ऐप पर 'तत्काल राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली' (एनपीएस) की सुविधा शुरू की गई है। इसके जरिए पात्र नागरिक बिना बैंक शाखा जाए और नए दस्तावेज जमा किए पेंशन खाता खोल सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य खाता खोलने, पहचान सत्यापन और शुरुआती अंशदान की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने इस सुविधा की घोषणा की है। यह पहल पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की तत्काल एनपीएस व्यवस्था के तहत शुरू की गई है। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिथा नटराज ने कहा कि भीम ऐप पर तत्काल एनपीएस की सुविधा डिजिटल माध्यम से पेंशन खाते खोलने की प्रक्रिया को आसान बनाएगी। वहीं, पीएफआरडीए के अध्यक्ष एस. रमण ने कहा कि यूपीआई की तरह यह पहल भी लोगों के सेवानिवृत्ति की तैयारी करने के तरीके में बदलाव ला सकती है। फिलहाल भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के पात्र ग्राहक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

बिजनेस न्यूज

आरआईटीएस में विद्यार्थियों ने सीखे एआई के गुर



भोपाल। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस) में हजेला एआई एकेडमी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 'एआई एसेंशियल्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और जनरेटिव एआई के व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के अनुरूप कौशल विकसित करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान हजेला एआई एकेडमी के एआई प्रशिक्षक आशीष दास ने विद्यार्थियों को विभिन्न एआई उपकरणों, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, शोध, सामग्री निर्माण और कार्यक्षमता बढ़ाने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न एआई अनुप्रयोगों का उपयोग करना सीखा और गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी.के. लहरी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सक्सेना, आरआईटीएस के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह, आरईसी के डायरेक्टर डॉ. अनुराग जैन तथा आरजीआई के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग से डॉ. जयपाल बिष्ट उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि एआई का व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, शोध, नवाचार और रोजगार के नए अवसर खोल सकता है। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में योगदान के लिए आशीष दास को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। राधारमण ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण है।

फेस्टिव सेल में खरीदारी पर 80 फीसदी तक छूट

भोपाल। अमेजन इंडिया ने नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरे के अवसर पर ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 के तहत ग्राहकों के लिए आकर्षक छूट और विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। इस दौरान फेस्टिव फैशन, पूजा सामग्री, घर की सजावट, मिठाइयों, सूखे मेवों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उपहारों सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10 प्रतिशत तत्काल छूट का लाभ भी मिलेगा। वहीं, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों को प्राइम सदस्यता के साथ असीमित 5 प्रतिशत कैशबैक दिया जाएगा। कंपनी के अनुसार, एक लाख से अधिक घरेलू सजावट और त्योहार संबंधी उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध होगी।

टोयोटा की नई ग्लैंजा पेश कीमत 6.99 लाख से शुरू

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई टोयोटा ग्लैंजा पेश करने की घोषणा की है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.99 लाख रुपये रखी गई है। कार की बुकिंग 15 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी, जबकि डिलीवरी नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होने की जानकारी कंपनी ने दी है। ग्राहक 11,000 रुपए में बुकिंग करा सकेंगे। इसमें 1.2 लीटर का तीन सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन मिलेगा। कंपनी के अनुसार, मैनुअल संस्करण का माइलेज 23.80 किलोमीटर प्रति लीटर और एएमटी संस्करण का 24.77 किलोमीटर प्रति लीटर है। कंपनी तीन साल या एक लाख किलोमीटर की वारंटी देगी, जिसे 5 साल या 2.20 लाख किलोमीटर तक बढ़ाया जा सकेगा।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला विदिशा म.प्र.

प्ररूप-क
(नियम 4 देखिए)

क्रमांक 0007/अ/82/2026-27/ विदिशा, दिनांक /09/2026

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यास्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(1)	परियोजना विकासक का नाम	कार्यपालक निर्देशक (बीपीआरईपी) भारत पेट्रोलियम कापोर्रेशन लिमिटेड, बीना रिफाइनरी, बीना जिला सागर
(2)	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(3)	अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण	1-श्री मोतीलाल अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग, कुरवाई 2-श्री संदीप शर्मा तहसीलदार, तहसील कुरवाई 3-श्री आयुष अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरवाई 4-श्रीमति ममता महाराज सिंह दांगी जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत विकासखंड कुरवाई 5- श्री बाबूलाल साहू सरपंच, ग्राम पंचायत भौंरासा विकासखंड कुरवाई
(4)	भूमि का विवरण	
(क)	जिला	विदिशा
(ख)	तहसील	कुरवाई
(ग)	ग्राम	भौंरासा
(घ)	कुल प्रभावित क्षेत्र	1.70 हे.
(ङ)	अर्जित होने वाला क्षेत्र	1.70 हे.
(5)	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(6)	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	1.70 हे.
(7)	क्या ग्रामसभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है	नहीं
(8)	सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर

G-20023/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन
राजस्व विभाग जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल कार्यालय, वसूली विभाग
अरेरा हिल्स, भोपाल, फोन : 0755-2550020
ईमेल: cobplsamd@pnb.co.in

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) [परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम-8 (1)]

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 (12) नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस **दिनांक** 15/07/2026 एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था । उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक**15/10/2026 को ले लिया है। उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के अधीन होगा। उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है ।

ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम	कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1. श्रीमती नंदनी पटेल पत्नी श्री राहुल पटेल (ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता) **2. श्री राहुल पटेल पुत्र रूप राम पटेल (ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता)** दोनों के पता : 1) फ्लैट नं-03, प्लाट नं. 35,दूसरी मंजिल, शाइनिंग स्टार अपार्टमेंट, अशोक विहार कॉलोनी, अशोक गार्डन, वार्ड नं.69, भोपाल-462023 (म.प्र) 2) मकान नं. 19, भदभदा रोड, सेवनिया गोंड, हुजूर, भोपाल-462044 (म.प्र) 3) मकान नं. 41, भदभदा रोड, सेवनिया गोंड, हुजूर, भोपाल-462044 (म.प्र) 4) दुकान नं. 74-75, नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, दशहरा मैदान, नाथू बरखेड़ा रोड, नीलबड़, भोपाल (म.प्र) 5) फ्लैट नं. एस-04, प्लाट नं. 35, दूसरी मंजिल, शाइनिंग स्टार अपार्टमेंट, अशोक विहार कॉलोनी, अशोक गार्डन, वार्ड नं. 69, भोपाल-462023 (म.प्र)	शाइनिंग स्टार अपार्टमेंट के प्लाट नं. 35 पर स्थित फ्लैट नं. -04, द्वितीय मंजिल, अशोक विहार कॉलोनी, अशोक गार्डन, वार्ड नं. 69, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. 462023, फ्लैट का क्षेत्रफल 562 वर्ग फुट , सीमाऐं : पूर्व- कॉमन पैसेज, पश्चिम- फ्लैट नं. एस. 03, उत्तर- रोड, दक्षिण- अन्य की संपत्ति, संपत्ति मालिक : श्री राहुल पटेल पुत्र रूप राम पटेल और श्रीमती नंदनी पटेल पत्नी श्री राहुल पटेल	₹ 2552133.00 + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस दिनांक कब्जा दिनांक 15-07-2026 15-10-2026
	शाइनिंग स्टार अपार्टमेंट के प्लाट नं. 35 पर स्थित फ्लैट नं. -03, द्वितीय मंजिल, अशोक विहार कॉलोनी, अशोक गार्डन, वार्ड नं. 69, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. 462023, फ्लैट का क्षेत्रफल 538 वर्ग फुट , सीमाऐं : पूर्व में - फ्लैट नं.-01, पश्चिम में - कॉमन पैसेज, उत्तर में - फ्लैट नं.-04, दक्षिण में - रोड। संपत्ति मालिक : श्री नंदिनी पटेल पुत्र राहुल पटेल और श्री राहुल पटेल पुत्र श्री रूप नारायण पटेल।	₹ 2546967.00 + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस दिनांक कब्जा दिनांक 15-07-2026 15-10-2026

वैधानिक सूचना: ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित **(Noticed)** किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 15/10/2026, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी , पंजाब नैशनल बैंक

चिंतन

धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट रेखा

धर्म बदलने का अधिकार हर किसी को है, मगर धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण की किसी दूसरी श्रेणी में स्वतः प्रवेश का दावा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित करता है। तमिलनाडु सरकार को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामला इस्लाम अपनाने वाले लोगों को केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत आरक्षण देने की सरकारी व्यवस्था से जुड़ा था। अदालत के इस रुख ने आरक्षण की पात्रता, संवैधानिक मर्यादा और राजनीतिक नीतियों की सीमाओं पर एक बार फिर बहस तेज कर दी है। आरक्षण कोई ऐसा दरवाजा नहीं, जिसकी चाबी केवल धर्म परिवर्तन हो। इसकी व्यवस्था ऐतिहासिक भेदभाव, सामाजिक वंचना और अवसरों की असमानता को दूर करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य उन समुदायों को आगे लाना है, जो लंबे समय तक सामाजिक व्यवस्था में पीछे रहे। ऐसे में किसी व्यक्ति का एक धार्मिक पहचान से दूसरी पहचान में जाना अपने आप उसे नए समुदाय की आरक्षण श्रेणी का पात्र नहीं बना सकता। पात्रता के लिए संबंधित वर्ग के निर्धारित मानकों को पूरा करना आवश्यक है। तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके तहत विभिन्न पिछड़े और अन्य अधिसूचित समुदायों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के अंतर्गत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया। मद्रास हाईकोर्ट ने इस व्यवस्था को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। यह घटनाक्रम बताता है कि सामाजिक न्याय के नाम पर बनाई गई सरकारी नीति भी संवैधानिक प्रावधानों और पात्रता के निर्धारित नियमों से ऊपर नहीं हो सकती। इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आरक्षण की विभिन्न श्रेणियों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। अनुसूचित जाति का दर्जा संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत लागू प्रावधानों से नियंत्रित होता है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान और पात्रता के अलग कानूनी आधार हैं। इसलिए यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि धर्म परिवर्तन करने वाला हर व्यक्ति हर प्रकार के आरक्षण से स्वतः बाहर हो जाता है। इस बहस का दूसरा पक्ष भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धर्म परिवर्तन करने से किसी व्यक्ति की आर्थिक कमजोरी, सामाजिक वंचना या भेदभाव की परिस्थितियां समाप्त नहीं हो जातीं। किसी समुदाय को लाभ देने की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं; यह भी देखना होगा कि उस घोषणा का कानूनी आधार क्या है और उससे आरक्षण की मूल भावना पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि पात्रता के नियम अस्पष्ट होंगे, तो विवाद बढ़ेंगे, मुकदमेबाजी होगी और वास्तविक जरूरतमंदों के हित प्रभावित होने का खतरा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला यही संदेश देता है कि धर्म की स्वतंत्रता और आरक्षण की पात्रता दो अलग प्रश्न हैं। सामाजिक न्याय न राजनीतिक कृपा है, न मनमानी से बांटा जाने वाला लाभ। इसकी विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है, जब नियम स्पष्ट हों, उनका पालन निष्पक्षता से हो और लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। यही आरक्षण व्यवस्था के प्रति समाज का भरोसा बनाए रखने की अनिवार्य शर्त भी।



25 वर्षों की सेवा

शिवप्रकाश

जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव का चिंतन

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था। 7 अक्टूबर को देश के हजारों स्थानों पर लाखों नागरिकों ने 'वी विल डू इट' के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ – साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है। भारत में धर्म केवल पूजा-पाठ एवं कर्मकांड तक सीमित नहीं, समाज धारणा एवं कर्तव्य भाव भी सिखाता है। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। विपक्ष सांस्कृतिक उत्थान के होने वाले कार्यों को आलोचना की दृष्टि से देखता था।

इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए प्रयासों के कारण आर्थिक व्यवस्था में कितना परिवर्तन आया है, यह अध्ययन का विषय है। इसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। जब किसी धार्मिक स्थल का विकास होता है, तब केवल मंदिर परिसर ही नहीं, वहां का सम्पूर्ण चित्र बदलता है। सड़कें पर्यटकों के आवागमन के योग्य बनती हैं। रेलवे, एअरपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदार, स्थानीय आवागमन के साधनों का उपयोग, हस्तशिल्प , स्थानीय उत्पादों की बिक्री आदि के द्वारा संपूर्ण जन-जीवन में परिवर्तन आता है। धार्मिक व्यवस्था से जुड़े गाइड, पुष्पमाला एवं प्रसाद बेचने वाले दुकानदार सभी के जीवन में खुशहाली आती है। भारत सरकार की प्रसाद योजना के द्वारा यह सब संभव हुआ है। प्रसाद योजना के अंतर्गत 54 प्रकल्पों पर 1726.74 करोड़ का बजट निर्धारित हुआ। एक अनुमान के अनुसार प्रसाद योजना के परिणाम स्वरूप 5000-8000 करोड़ की आर्थिक गतिविधि अब तक हुई है। भारत में लगभग 20 लाख सनातनी आस्था (मंदिर) के स्थान हैं। 60 % पर्यटन धार्मिक पर्यटन हैं। जीडीपी में 5.22 प्रतिशत एवं रोजगार में 13.34 % का योगदान हैं। लगभग 7.5 करोड़ रोजगार धार्मिक एवं उससे संबंधित गतिविधियों से मिलता है। गुजरात सरकार के बजट के आधार पर 2024-25 में सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए प्रतिदिन 25000 श्रद्धालु आते हैं। वर्ष भर में लगभग 97 लाख लोगो ने अपने आराध्य के दर्शन किए। 2013 में 70–75 लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन लिए थे। लगभग 26% की वृद्धि हुई है। लगभग 1500- 1800 करोड़ की वार्षिक आर्थिक गतिविधि सोमनाथ तीर्थ दर्शन के कारण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। 2014 के पूर्व एवं पश्चात के काशी में धरती आसमान का अंतर काशीवासी अनुभव करते हैं। मोदी जी का काशी से चुनाव लड़ना अपना सौभाग्य भी मानते हैं। 13 दिसंबर 2022 को काशी कोरिडोर के प्रथम चरण का उद्घाटन 339 करोड़ की लागत से संपन्न हुआ । काशी पुनर्निर्माण से पहले 70 -80 लाख तीर्थयात्री प्रतिवर्ष आते थे। अब लगभग



2025 में 7 करोड़ श्रद्धालु काशी में दर्शन के लिए आए। 2021 से 2025 तक 25.28 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राजनाथ के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 5000 रुपये भी खर्च करता है, तब 1.25 लाख करोड़ का आर्थिक व्यापार होता है। जिसके कारण पर्यटन आय में 65 % की वृद्धि हुई है। काशी – तमिल संगम के माध्यम – दक्षिण की एकात्मता का माध्यम भी बनी है। लंबे संघर्ष के उपरांत निर्मित भव्य मंदिर के निर्माण के उपरांत अयोध्या की सम्पूर्ण आर्थिकी ही परिवर्तित हो गई। आईआईएम लखनऊ के एक अध्ययन के आधार पर वर्ष में पहले 1.7 लाख तीर्थयात्री आते थे। दुकानदारों की प्रतिदिन आय 400- 500 रुपये तक होती थी। 2025 में 29.95 करोड़ श्रद्धालुओ ने भगवान राम के दर्शन किए। अयोध्या का जीएसटी संग्रह का 400 करोड़ है । 2028 तक पर्यटन राजस्व संग्रह का अनुमान 18000 करोड़ है 1 जो वर्तमान में 10000 करोड़ प्रतिवर्ष है । व्यापारिक आय में 5 गुना वृद्धि हुई है । रेस्टोरेंट 200 से बढ़कर 2000 हुए एवं बैंक शाखाएं 15 से बढ़कर 60 हुई है । होटल एवं होम स्टे में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है । उत्तर प्रदेश को पर्यटन विभाग एवं अयोध्या के कारण 2025 में 20000 से 25000 करोड़ का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है । 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाकाल लोक का उद्घाटन होने के बाद 2019 की तुलना में तीर्थयात्रियों में 50% की वृद्धि हुई है। पहले 20-25 हज़ार श्रद्धालु दर्शन करते थे, अब 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। अब इंदौर एवं उज्जैन आर्थिक विकास के कारण एक होने की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के कारण 89. 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिसमें महाकाल तीर्थयात्रियों का बड़ा योगदान है। 2013 की केदारनाथ में आई आपदा का निरीक्षण करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे, उसी समय केदारनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प भी उन्होंने लिया था। आल वेदर रोड, ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग रेलवे लाइन, वायु सेवा आदि के द्वारा अब उत्तराखंड में आदि कैलाश साहित चारों धामों में पर्यटन में बहुगुणित वृद्धि हुई है। केवल केदारनाथ में 2025 में 1656539 तीर्थयात्री पहुंचे। 2025 के पहले डेढ़ मास में ही 300 करोड़ का रेवन्यू प्राप्त हुआ था। मोदी ध्यान गुफा की एक रात की बुकिंग 11000 रुपये है, जिससे 2025 में विश्राम गृहों सहित 3.8 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने तो विश्व रिकॉर्ड ही बनाया है। दुनिया के लिए महाकुंभ की व्यवस्था शोध का विषय है। महाकुम्भ सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जोड़ने का माध्यम भी बना है। आकड़ों के अनुसार 66 करोड़ से अधिक लोगो ने मां गंगा में डुबकी लगाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार को कुंभ के द्वारा 500 करोड़ की अतिरिक्त जीएसटी के माध्यम से आय हुई। 1.5 लाख करोड़ पर्यटन के कारण राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने महाकुम्भ क्षेत्र के विकास के लिए 6982 करोड़ खर्च कर 2-3 लाख करोड़ राजस्व आय प्राप्त की। लगभग 6 लाख से अधिक लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति को भी एक दिशा दी है।

वेड इन इण्डिया प्रयोग आत्मनिर्भर भारत तथा भारतीय स्थानों के सौंदर्य का बोध भी विश्व को कराता है। इसके कारण वैश्विक पर्यटन का विकास भी होता है। तीर्थाटन द्वारा आर्थिक प्रगति में हम तिरुपति, वैष्णो देवी सहित अनेक स्थानों का अध्ययन भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने वाले उनके इस दिशा में किए प्रयत्नों का अध्ययन भी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चिंतन प्रतिपल 140 करोड़ नागरिकों के लिए है जो उनमें अंतर्निहित जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव को प्रकट करता है ।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दीया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केंद्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था| 7 अक्टूबर को लाखों नागरिकों ने 'वी विल डू इट' के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ–साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है।

विश्व खाद्य दिवस

रवि शंकर



भूख और कुपोषण से जूझती दुनिया

विज्ञान और तकनीक एक तरफ देश में क्रांति ला रही है तो दूसरी तरफ हम मानव के जीवन की प्राथमिक जरूरत, भूख को पूरा नहीं कर पाए हैं। ये अपार प्रगति सबके लिए भोजन का प्रबंध नहीं कर पाई है। वहीं सामाजिक और आर्थिक विकास के पैमाने पर देखें तो भारत की एक विरोधाभासी तस्वीर उभरती है। एक तरफ तो हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देश हैं तो दूसरी तरफ भूख और कुपोषण के तमाम आंकड़े सोचने के लिए मजबूर करते हैं। विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं की चपेट से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सका है। सवाल ये है कि आजादी के करीब आठ दशक के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। कुपोषण और भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है। जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। अपितु विश्व के कई देशों में खाने की भारी किल्लत है। खाद्यान्नों की कमी और बढ़ती जनसंख्या ने विश्व में ऐसी विकट स्थिति पैदा की है, जहां करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए अपना खून-पसीना एक करने को बेबस हैं। यही वजह है कि दुनियाभर में भोजन की कमी और भूख से हर साल करोड़ों जानें काल के गाल में समा जाती हैं। अहम सवाल है ये है कि क्या सिर्फ कृषि उत्पाद बढ़ा कर और खाद्यान्न को बढ़ा कर हम भूख से अपनी लड़ाई को सही दिशा दे सकते हैं। चाहे विश्व के किसी कोने में इस सवाल का जवाब हां हो, पर भारत में इस सवाल का जवाब ना है और इसकी वजह है खाद्यान्नों को रखने के लिए जगह की कमी। यूं तो भारत विश्व में खाद्यान्न उत्पादन में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पिछले दशकों से बना हुआ है। ये भी सच है कि यहां प्रतिवर्ष करोड़ों टन अनाज बर्बाद भी होता है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 58,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न भंडारण आदि तकनीकी के अभाव में नष्ट हो जाता है। भूखी जनसंख्या इन खाद्यान्नों पर ताक लगाए बैठी रह जाती है। इतना ही नहीं भारत में लाखों टन अनाज हर साल खुले में सड़ जाता है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब देश का एक बड़ा तबका भूखे पेट सोने के लिए मजबूर है और पांच साल से छोटे बच्चों की एक बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार है।

ऐसा नहीं है कि भारत में खाद्य भंडारण के लिए कोई कानून नहीं है, लेकिन आज भी लाखों टन अनाज बर्बाद होता है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने भूख से लड़ने के लिए कारगर उपाय नहीं किए हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, नरेगा, मिड डे मील, काम के बदले अनाज, सार्वजानिक वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा नेट, अंत्योदय अन्न योजना आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि सभी देशवासियों की भूख मिटाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के लिए रोजगार परक आय व पोषणयुक्त भोजन मिल सके। लेकिन कागजों पर बनने वाली ये योजनाएं जमीन पर कितनी अमल की जाती हैं, इसका अंदाजा आप भारत में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या से लगा सकते हैं। सम्पूर्ण विश्व में बेहद तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद आज भी भारत में गरीबी और कुपोषण एक समस्या बनी हुई है। हमारा सिस्टम अभी तक इस गंभीर समस्या का समाधान करने में नाकाम रहा है। यही वजह है कि देश की एक तिहाई से ज्यादा बच्चे अभी भी कुपोषण का शिकार हैं। इसका साफ मतलब यह है कि तमाम योजनाओं के ऐलान और बहुत सारे वादों के बावजूद देश में भूख व कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या कम नहीं कर पाए हैं। योजनाओं को लागू करने में कहीं न कहीं भारी गड़बड़ियां और अनियमितताएं हैं। केंद्र एवं राज्यों के महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, खाद्य एवं अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय के साथ कुपोषण संबंधी कार्यक्रमों को एक साथ सामूहिक रूप से लागू करने पर ही कुपोषण रूपी दुश्मन को जड़ से मिटाया जा सकता है। समय-समय पर कुपोषण संबंधी डाटा का मूल्यांकन, उसे कम करने के प्रयासों की समीक्षा के साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योगः कर्मसु कौशलम

संकलित

दर्शन



चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो

संकलित

प्रेरणा



एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं। अक्सर लोगों के पास ये बहाना होता है, की हमारे पास वक्त नहीं।

सटाका



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है। - *योगेश मोदी, सिरसा*

ट्रेंड

नक्सल-मुक्त भारत



नक्सल-मुक्त भारत बनाने का मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है। नक्सलवाद से देश को मिले घावों को अब भरना होगा, पीड़ितों के लिए सम्मानजनक जीवन जीने की व्यवस्था करनी होगी।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

नया भारत



यह नया भारत है, जो आतंकवाद के आगे झुकता नहीं, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निर्णायक प्रहार करता है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो कोई भी उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देगा, उसे करारा जवाब मिलेगा।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

महिला सशक्तीकरण



दिल्ली के निर्माण में हमारी मेहनती बहनों की भूमिका अमूल्य है। उनका स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा। उनके अथक प्रयासों ने आज की दिल्ली को गढ़ा है, उनकी ताकत व आत्मनिर्भरता कल की दिल्ली को आकार देगी। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

सरकार की जवाबदेही



क्या सरकार ने जवाबदेही तय करने के अपने कर्तव्य को पूरी तरह से त्याग दिया है कि अब वह जवाबदेही मांगने वालों की आवाज दबाने के लिए उन्हें हिरासत में ले रही है? जंतर-मंतर पर, जो हाथों में तिरंगा थामे हुए थे, आज न्यायिक हिरासत में हैं।

- **शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीन-कोरिया को जोड़ने वाला नया पुल एक दशक बाद खुला



चीन और उत्तर कोरिया को जोड़ने वाला एक नया पुल एक दशक से अधिक की देरी के बाद बृहस्पतिवार को खुल गया। इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि 'न्यू यालू रिवर ब्रिज' का उद्घाटन किया गया। सरकारी मीडिया संस्थान चाइना न्यूज सर्विस के ऑनलाइन वीडियो में चीन और उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय ध्वजों से सजे ट्रक पुल पर खड़े दिखाई दिए। पुल को भी दोनों देशों के झंडों से सजाया गया था। बीजिंग को उम्मीद है कि तीन किलोमीटर लंबा और चार लेन वाला यह पुल आर्थिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को भी बढ़ावा देगा। यह पुल चीन के पूर्वोत्तर शहर दानदोंग को उत्तर कोरिया के शहर सिनुइजू से जोड़ता है। इस पुल को मूल रूप से 2014 में यातायात के लिए खोलने की योजना थी। उस समय चीन ने अपनी ओर निर्माण कार्य पूरा कर लिया था। हालांकि, निर्धारित समय पर पुल नहीं खुला और उत्तर कोरिया ने अपनी ओर संबंधित निर्माण कार्य भी पूरा नहीं किया था। सिनुइजू में निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने से यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि प्योंगयांग चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता बढ़ने को लेकर सतर्क है।

ऑफ बीट

तुर्किये के तट पर मिला जहाज का सबसे पुराना मलबा



पुरातत्वविदों की एक टीम का मानना है कि तुर्किये के तट पर मिला जहाज का मलबा दुनिया में अब तक खोजा गया सबसे पुराना मलबा है। जहाज का बहुत कम हिस्सा बचा है, लेकिन उसमें मिले मिट्टी के बर्तनों सहित अन्य सुरागों के आधार पर शोधकर्ताओं की टीम ने अनुमान लगाया है कि यह मलबा करीब 2700 से 2400 ईसा पूर्व का है। यह लगभग 4,500 साल पुराना है। इस खोज से पहले दुनिया का सबसे पुराना ज्ञात जहाज का मलबा यूनान के डोकोस तट के पास मिला था, जिसे करीब 4,200 साल पुराना माना जाता था। हालांकि, इन निष्कर्षों की पुष्टि के लिए अभी काफी काम किया जाना बाकी है। इसके बावजूद, यह खोज कांस्य युग के शुरुआती दौर में प्राचीन भूमध्यसागरीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के बीच संपर्कों को समझने के हमारे नजरिये को बदल सकती है। यह भी संभव है कि इससे भी पहले, आज के व्यापक व्यापार मार्गों की नींव पड़ी हो। अंताल्या स्थित अकदेनिज विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर हाकान ओनिज दशकों से तुर्किये के इस तट पर प्राचीन जहाजों के मलबे की खोज और खुदाई कर रहे हैं। स्थानीय नाविकों से मिले सुरागों के आधार पर ओनिज ने 2024 में तुर्किये में अंताल्या के पश्चिम में केकोवा के पास उथले पानी में एक जहाज का मलबा खोजा।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

नेहा के बयान पर बवाल भाजपा का राहुल पर सवाल

भारत को बांग्लादेश बनाना चाह रहे आंदोलनकारी और विपक्ष राहुल बन गए अराजकता के प्रतीक व लोकतंत्र के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर और चुनाव आयोग में कथित अनियमितताओं को लेकर हुई सुनवाई के बाद भाजपा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्हें देश के लोकतंत्र के लिए अराजकता का प्रतीक करार दिया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल का विपक्ष के नेता जैसे जिम्मेदार पद पर होना कई भारतीयों के लिए देश का दुर्भाग्य है। राहुल और कांग्रेस दोहरे मापदंड अपनाते हुए संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। राहुल भारत के लोकतंत्र के भीतर अराजकता का प्रतीक बन चुके हैं। यह बात सच्चाई से सामने आई है। कई भारतीय देश का दुर्भाग्य मानते हैं कि अहम पद पर एक ऐसा व्यक्ति बैठा है जो अराजक, अपरिपक्व, गैर-जिम्मेदार और संविधान से अनजान है।

विरोध प्रदर्शन क्या सुप्रीम कोर्ट में भी करेंगे?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दोहरे मापदंडों पर चलती है, राहुल गांधी और उनकी पार्टी अराजकता को बढ़ावा देते हैं और संविधान की धज्जियां उड़ाते हैं। विरोध प्रदर्शन करना एक मौलिक अधिकार है। क्या यह अधिकार संवैधानिक ढांचे से बाहर जाने का लाइसेंस देता है कि वे सुप्रीम कोर्ट में घुसें। वे कही पर भी नारेबाजी और प्रदर्शन करें।

भाटिया ने किया हमला, संविधान को तार-तार कर रही कांग्रेस



सुप्रीम कोर्ट भीड़तंत्र से चलेगा क्या?

भाटिया ने कहा कि ऐसी गतिविधियों के लिए तय जगहें निर्धारित हैं। एक प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए, यह कानूनी होना चाहिए, पूर्व अनुमति के साथ होना चाहिए और निर्धारित स्थान पर ही होना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट का प्रांगण न्याय का मंदिर है क्या भीड़तंत्र चलेगा।

नेहा के बयान पर भाजपा हमलावर

रची जा रही बड़ी साजिश, राहुल का चेहरा बनी नेहा बोराः भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने नेहा पर निशाना साधते हुए कहा कि नेहा बोरा के विचार, राहुल गांधी के विचार हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को तहस-नहस करने की साजिश की जा रही है, राहुल और उनके साथी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

प्रशांत के सत्ता परिवर्तन वाले बयान पर बोले पात्रा

विपक्ष चाह रहा तख्तापलट केवल यही उसका मकसद



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एसआईआर के मुद्दे और सत्ता परिवर्तन को लेकर दिए गए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण के बयान पर निशाना साधा। पात्रा ने कहा कि प्रशांत ने यह कहकर कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन के लिए है, विपक्ष की मंशा स्पष्ट कर दी है। लोग लंबे समय से यही कहते आ रहे हैं कि राहुल और उनके सहयोगियों का उद्देश्य एसआईआर का मुद्दा नहीं है। वे बच्चों के भविष्य के लिए भी संघर्ष नहीं कर रहे हैं। उनका एकमात्र मकसद किसी भी कीमत पर तख्तापलट करना, सत्ता हासिल करना और अपनी सरकार बनाना है। अब लक्ष्य सामने आ गया है।

दीपके-नेहा की पीसी में लोगों ने किया हंगामा

सीजेपी के संयोजक अभिजीत दीपके और नेहा बोरा, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण समेत अन्य को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिर से विरोध का सामना करना पड़ा। दिल्ली के प्रेस क्लब में कुछ लोगों ने नारेबाजी करते हुए इन लोगों का विरोध किया। लोगों ने 'बंद करो, दफा हो जाओ' नारे लगाकर विरोध किया। सीजेपी ने तिरंगा लेकर आने की अपील की है।

खबर संक्षेप

गांधीनगर में बॉयलर फटने से 4 की मौत

अहमदाबाद। गांधीनगर के छत्राल औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री का बॉयलर फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। गांधीनगर जीआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र म कोविका डाईज एंड इंटरमीडिया कंपनी की फैक्ट्री में गुरुवार दोपहरधमाके के साथ बॉयलर फट गया। उपखंड अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जांच चल रही है।



असम में 57.5 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा ने बताया कि पुलिस ने कछार जिले में 57.5 करोड़ रकी याबा गोलियां जब्त की हैं और 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। सरमा ने बताया कि पुलिस ने एक अभियान के दौरान ट्रक से 2.3 लाख याबा गोलियां जब्त कीं। उन्होंने पुलिस की सराहना कर कहा कि ट्रक में क्षमता से ज्यादा सामान था।



मद्रास उच्च न्यायालय को मिले 2 नए जज

चेन्नई। न्यायमूर्ति धर्मलिंगम लिंगेश्वरन और न्यायमूर्ति बी. कार्तिकेयन ने मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी ने उच्च न्यायालय परिसर में सादे सामारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यहां न्यायाधीशों की मौजूदा संख्या बढ़कर 67 हो गई है।



इंजीनियर चंद्रशेखर के 4 ठिकानों पर छापा

पटना। ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में निगरानी की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में पत्नी के नाम पर 31 कट्ठा जमीन होने की जानकारी सामने आई है। 2021 में खरीदी 92 डिसमिल जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट स्थित बताई गई है।टीम ने 4 ठिकानों पर छापा मारा।



राजपाल यादव ने 2 करोड़ रुपए चुकाए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस के सात मामलों के विवाद को मध्यस्थता के लिए भेज दिया है। अभिनेता ने इन मामलों में दोषसिद्धि और 3 महीने की सजा को चुनौती दी थी। कोर्ट ने यह कदम तब उठाया जब उसे पता चला कि यादव ने कोर्ट रजिस्ट्री में 2 करोड़ जमा कर दिए हैं। मध्यस्थता की बात आई है।



पीएम मोदी ने लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया लोकार्पण, प्रगति देख रहा केंद्र शासित प्रदेश

यह विकास की नई गाथाएं लिख रहा 12 घंटे का सफर 3 घंटे में होगा पूरा

लोगों का सफर होगा आसान, कई सुविधाएं भी बढ़ेंगी, आज यहां सड़कों का जाल बिछा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली लद्दाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद से यहां विकास की जरूरतों पर और भी ध्यान दिया गया है। 2019 तक लद्दाख में करीब 1800 किमी की सड़कों का नेटवर्क था।

आज यह बढ़कर 4 हजार किमी से अधिक हो गया है। पहले यहां 19 बड़े पुल थे और आज इनकी संख्या करीब 75 हो गई है। हेलीपैड की संख्या भी 7 से बढ़कर 40 से अधिक हो गई है। पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि आज लद्दाख की प्रगति और विकास में एक और अध्याय जुड़ रहा है। मुझे खुशी है कि मैं तकनीक के माध्यम से इस अवसर का हिस्सा बन रहा हूं। लद्दाख में कई अहम विकास परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। इन परियोजनाओं से कई लोगों का सफर आसान होगा। कहीं बिजली की सुविधाएं बेहतर होंगी तो कहीं पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण को भी नई ताकत मिलेगी

केंद्र सरकार ने जरूरतों पर ध्यान दिया

यहां सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री ने खुशी भी जताई



वीडियो कांफ्रेंसिंग से लद्दाख को सौगात देते प्रधानमंत्री मोदी

यात्रा का समय बचेगा व्यापार और कारोबार बढ़ेंगे

उन्होंने कहा कि निम्मू पदम दारचा सड़क लद्दाख के लोगों को समर्पित की गई है। इस पर करीब 2,500 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। पहले जिस सफर में करीब 12 घंटे लगते थे, वो अब लगभग 3 घंटे में पूरा हो सकेगा। इससे यात्रा का समय भी बचेगा और इस रोड से व्यापार और कारोबार को भी और मदद मिलेगी।

लद्दाख का विकास केंद्र की बढ़ी प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि हमेशा से यह कहा जाता है कि लद्दाख में प्रकृति के कारण जीवन बहुत मुश्किल होता है। प्राकृतिक वातावरण की अपनी चुनौतियां होती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसी परिस्थितियों के बावजूद पहले की सरकारों ने लद्दाख के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। आज केंद्र के लिए लद्दाख का विकास बहुत बड़ी प्राथमिकता है।

इन्हें किया समर्पित

- लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- लेह एयरपोर्ट को 640 करोड़ का नया टर्मिनल, 298 किमी लंबी सड़क भी राष्ट्र को समर्पित।
- बिजली और पानी की सुविधाएं होंगी बेहतर, देश के पहले पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क की भी शुरुआत।

बिजली सप्लाई बेहतर बनाने के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट

लद्दाख में बिजली की सुविधाएं मजबूत करने के लिए पीएम मोदी ने 9 मेगावाट के हानू स्मॉल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट और 66 केवी की डबल-सर्किट दाह-हानू-खाल्त्सी ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया।इन परियोजनाओं से बिजली सप्लाई बेहतर होने की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा।

40 गांवों में पानी की समस्या दूर करने की पहल

पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट हिम सरोवर शुरू किया गया है। इसके तहत लद्दाख के 40 गांवों में 40 जलाशय विकसित किए गए हैं।यह पहल मिशन अमृत सरोवर से जुड़ी है। इसका उद्देश्य लद्दाख जैसे ठंडे, शुष्क इलाके में पानी का संरक्षण करना और सलोगों के लिए जल उपलब्धता बेहतर बनाना है। देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क भी शुरू किया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में लद्दाख में बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया



लेह/जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लद्दाख में 5विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किए जाने के बाद लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना की। सक्सेना ने कहा कि 2019 में लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पांच नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लद्दाख के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इनसे संपर्क व्यवस्था, जल सुरक्षा, बिजली आपूर्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री गोयल की युवाओं से अपील

नई तकनीकों को अपनाएं और कौशल को लगातार बढ़ाएं भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के युवाओं से नई तकनीकों को अपनाने, कौशल को लगातार बढ़ाने और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि विनिर्माण में निवेश, तकनीक को अपनाना और कौशल विकास से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश की स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे एआई, साइबर सुरक्षा और नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग में कौशल विकसित करके बदलते रोजगार परिदृश्य के लिए खुद को तैयार करें।



देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा

गोयल ने बताया कि आज देशों को विनिर्माण और निवेश के केंद्र के रूप में आंकने के लिए राजनीतिक स्थिरता, मजबूत सप्लाई चेन और निष्पक्ष और पारदर्शी व्यापार प्रथाओं को आधार माना जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा आबादी, जनसांख्यिकीय लाभांश, बड़े घरेलू बाजार और उद्यमशीलता के दम पर भारत अगले 20 से 25 वर्षों तक सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पेशेवर वैश्विक व्यवसायों, तकनीकी विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान में योगदान दे रहे हैं।

बिरला से मिलीं भाजपा सांसद

कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को संसद से बर्खास्त किया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की महिला सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से गुरुवार को मुलाकात कर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अकोइजम को यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच जेएनयू में प्रोफेसर के पद से बर्खास्त कर दिया गया है। बिरला से मुलाकात के बाद भाजपा सांसद डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष का ध्यान अकोइजम के खिलाफ लगे आरोपों की ओर दिलाया और कार्रवाई का आग्रह किया।



कांग्रेस का लोकभवन के बाहर प्रदर्शन

भंडारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस हिरासत में लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ देहरादून

अंकिता भंडारी मामले को लेकर कांग्रेस ने आज पत्रकारवार्ता की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी की लड़ाई पूरे प्रदेश में लड़ी जाएगी। और इसके सभी एकजुट होंगे। पत्रकारवार्ता के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकार्त लोक भवन के बाहर प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेता हरक सिंह सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका। इसके बाद मामला बढ़ने पर पुलिस ने रावत को हिरासत में ले लिया।

अंकिता के लिए न्याय की मांग

अंकिता के माता- पिता को 2 घंटे बाद रिहा किया

भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर दिल्ली के इंडिया गेट पर बीती रातभर प्रदर्शन हुआ। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर सुबह 3.45 बजे अंकिता के माता-पिता, विपक्षी नेताओं और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। सभी प्रदर्शनकारियों को तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में रखा गया है। अंकिता के माता-पिता को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन दो घंटे बाद सुबह 6 बजे उन्हें रिहा कर दिया गया। अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी बेटी को न्याय नहीं मिला, तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा।



जेल हो या पुलिस स्टेशन, आगे की रणनीति तय करेंगे

रावत ने कहा कि हमें हिरासत में ले लिया गया है। यह उनका अधिकार है। आगे क्या करना है, यह हम तय करेंगे।

गौतम की नियुक्ति का विरोध श्रीनगर में निकाली रैली

भंडारी मामले को लेकर दुष्यंत कुमार गौतम की सिक्किम के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति रद्द करने की मांग उठाई गई। इस मांग को लेकर एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिरला परिसर के गेट पर विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने गौतम का पुतला जलाया।

कौमारभृत्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले राधाकृष्णन

आयुर्वेद के वैज्ञानिक सत्यापन से मरीजों का भरोसा बढ़ेगा, अनुसंधान मजबूत करें

छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं से आग्रह किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं के काम करने के तरीके और उनके असर दिखाने में लगने वाले समय को समझने वैज्ञानिक अनुसंधान को मजबूत करें, क्योंकि साक्ष्यों के आधार पर पुष्टि होने से मरीजों का भरोसा बढ़ेगा ।पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्तर पर अधिक स्वीकार्यता मिलेगी। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के कौमारभृत्य पर सम्मेलन में उन्होंने छात्रों, अनुसंधानकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आयुर्वेदिक उपचारों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने और अनुसंधान से प्रभावशीलता बनाएं।



युवाओं को विशेष रुचि लेनी ताहिए

कौमारभृत्य आयुर्वेद की एक विशिष्ट शाखा है, जो बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर केंद्रित है। इसमें वृद्धि एवं विकास, पोषण, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य तथा बाल्यावस्था में होने वाले रोगों के प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। यह कैसे काम करता है। यह आपका काम है, खासकर यहां बैठे युवा छात्रों का।

चुनावों से पहले ईसी का फैसला

उत्तर प्रदेश-पंजाब समेत 17 राज्यों में अपडेट होगी लिस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने 17 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा जैसे वे राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। आयोग के अनुसार पुनरीक्षण के लिए एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि निर्धारित किया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल करना है। इसमें खास तौर पर युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले लोगों पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, मौजूदा मतदाता सूची में दर्ज गलतियों को सुधारने और सूची को सटीक व अद्यतन बनाने का प्रयास किया जाएगा।



मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की

दिसंबर में चरम पर होगा अल नीनो, बारिश के आसार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो गया है। इसी दिन दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में पूर्वोत्तर मानसून की बारिश भी शुरू हो गई। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में पूर्वोत्तर मानसून की गतिविधियां दर्ज की गईं। पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत के साथ दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।



मानसून की विदाई पर कई राज्यों में होगी बारिश



सामान्य से 12.6 प्रतिशत कम बारिश

विभाग के अनुसार इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश में कुल 759.4 मिलीमीटर बारिश हुई। यह 868.6 मिलीमीटर के सामान्य औसत से 12.6 प्रतिशत कम है। बारिश में कमी की एक प्रमुख वजह उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में जारी अल नीनो की स्थिति रही है। यह स्थिति जून में उभरने के बाद से मजबूत हुई है।

क्या है अल नीनो?

अल नीनो, अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की तीन अवस्थाओं में से एक है। यह जलवायु संबंधी घटना मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में बदलाव और उसके ऊपर के वायुमंडल में होने वाले उतार-चढ़ाव से जुड़ी है।

भारत में मानसून के 2 प्रमुख चरण मौजूद

भारत में मानसून के दो प्रमुख चरण होते हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून जून से सितंबर तक सक्रिय रहता है, जबकि पूर्वोत्तर मानसून को लौटता हुआ मानसून भी कहा जाता है। यह अक्टूबर से दिसंबर के बीच देश के कुछ हिस्सों को प्रभावित करता है।दक्षिण-पश्चिम मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसका असर खरीफ फसलों की बुवाई और उत्पादन पर पड़ता है। पूर्वोत्तर मानसून की तीव्रता दक्षिण-पश्चिम मानसून से कम होती है, यह रबी की वृद्धि के लिए अहम है।

ये जानकारी विदेश मंत्री ने यूएई में रायसीना संवाद-मध्य पूर्व कार्यक्रम में दी

वैश्विक परिदृश्य में हो रहे बदलावों के बीच विश्वसनीय साझेदारियां स्थापित करने में जुटा भारत: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के चिंताजनक हालात के बीच अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने उच्च-स्तरीय बैठकों के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों में भी भाग लिया है। जिसमें अबू धाबी में हुए रायसीना संवाद-मध्य पूर्व कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मध्य भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत बनाने के अलावा भरोसेमंद साझेदारियों की तलाश में जुटा हुआ है। इस दौरान भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप-आर्थिक गलियारा यानी आईमैक परियोजना जैसी संपर्क व्यवस्था को लेकर चल रहा विचार-विमर्श हमें जरूरी दिशा प्रदान कर रहा है। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर अपनी एक पोस्ट के जरिए दी है। संवाद का विषय 'मध्य पूर्व महाद्वीपीय गलियारे: वैश्विक भूभाग के केंद्र को कौन जोड़ता है?' रखा गया था। यूएई के विदेश मंत्री भी इसमें शामिल हुए।

उदारीकरण को बनाएं अधिक लचीला

उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान में किसी भी तरह से उदारीकरण की प्रक्रिया को उल्टा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इसमें पहले के मुकाबले अधिक लचीलापन और सुदृढ़ता को बनाए रखने की आवश्यकता है। जयशंकर के मुताबिक, प्रतिस्पर्धा की रफ्तार तेज हो गई है, दिनोंदिन अवरोध के नए बिंदु, स्थान सामने आ रहे हैं। जिससे और कुछ नहीं बल्कि अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने को लेकर इच्छाशक्ति में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



यूएई के विदेश मंत्री शेख अल नाहयान के साथ हुई बैठक, द्विपक्षीय, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

नाहयान संग हुई बैठक का सार

अबू धाबी में ही भारत और यूएई के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक भी हुई। बातचीत के केंद्र में द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों को साझा किया गया। डॉ.जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि बीते बुधवार को हुई ये बैठक बहुत अच्छी तथा उत्पादक रही। मैंने और शेख अल नाहयान ने दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सामरिक भागीदारी के परिपेक्ष्य में द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। रायसीना संवाद से इतर जयशंकर ने भारत के युवा तकनीकी क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों और संस्थापकों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि ये पीढ़ी बेबाक अंदाज में न केवल बड़े सपने देखती है। बल्कि निडरता के साथ उन पर विचार भी करती है। यहां बता दें कि शेख अल नाहयान यूएई के उप-प्रधानमंत्री भी हैं।

2022 में लागू हुआ सीपा समझौता

भारत, यूएई के बीच वर्ष 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हुआ था। जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूती प्रदान करना है। संवाद के अलावा जयशंकर ने जॉर्जिया की विदेश मंत्री माका बोचोरिशविली के साथ बैठक की। जिसके केंद्र में दोनों देशों के आपसी संबंधों जैसे व्यापार, कनेक्टिविटी और संस्कृति को गहराई प्रदान करने पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि पिछले महीने यूएनजीए सत्र के आयोजन के दौरान डॉ.जयशंकर ने शेख अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां नोयल बैरोट के साथ मुलाकात की थी। जिसमें त्रिपक्षीय सहयोग को लेकर साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर विचार-विमर्श किया गया था। पश्चिम एशिया के हालात व उसके प्रभावों पर भी तीनों मंत्रियों ने बातचीत की थी।

भारत के लिए यूएई का महत्व

अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने बताया कि खाड़ी का ये देश नई दिल्ली के लिए ऊर्जा सप्लाई और निवेश का एक बड़ा स्रोत है। प्रवासी भारतीयों की यहां बड़ी तादाद है, जो कि देश की कुल जनसंख्या का लगभग 35% हैं। 2024 में यूएई में रहने वाले प्रवासियों की संख्या कुल करीब 4.3 मिलियन थी। जिनमें से 15 फीसदी भारतीय अबू धाबी के अमीरात में रहते हैं। जबकि बाकी लोग 6 अमीरात में निवास करते हैं। भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों देश के लोग ज्यादा संख्या में आकर रह रहे हैं। इसके अलावा बिहार, यूपी, पंजाब के लोगों की भी भारतीय डायस्पोरा में भागीदारी बनी हुई है।

खबर संक्षेप



लेबनान से लौटेंगे यूएन के शांतिरक्षक

बेरुत। इजरायल और लेबनान की सीमा 'ब्लू लाइन' पर तैनात भारत के 641 सैनिकों की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने काफी कोशिश की कि किसी तरह से संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों को जाने से रोका जाए लेकिन यह बेकार साबित हुई है। अब यह विचार पेश किया जा रहा है कि यूरोपीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की जगह पर तैनात किया जाए। संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों की वापसी से जहां लेबनान में निराशा है।

गूगल का नया टूल खोलेगा एआई कंटेंट की पोल



नई दिल्ली। इंटरनेट पर दिखने वाली हर फोटो, वीडियो या आवाज असली हो, यह जरूरी नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार कंटेंट इतना वास्तविक दिख सकता है कि उसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए गूगल ने अपना सिंथ आईडी वेरिफिकेशन टूल सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध करा दिया है। इसकी मदद से लोग जांच सकते हैं कि किसी फोटो, वीडियो या ऑडियो में गूगल की एआई तकनीक से तैयार कंटेंट के संकेत मौजूद हैं या नहीं।

नेपाल के पीएम अगले माह आएंगे भारत

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह नवंबर महीने में भारत का दौरा कर सकते हैं। इसको लेकर दोनों देशों के अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर महीने के तीसरे या चौथे हफ्ते में बालेन शाह दिल्ली आ सकते हैं। कुछ नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स में यात्रा की तारीख 23 से 25 नवंबर बताई गई है, लेकिन अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इस साल प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह का ये पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। इससे पहले बालेन शाह यूएन की बैठक में भाग लेने न्यूयॉर्क गए थे।



श्री वेंकटेश्वर मंदिर में हमला करने पहुंचा था लेकिन राइफल जाम होने से टली घटना

अमेरिका के मंदिर में नरसंहार की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

अमेरिकी मंदिर में गोलीबारी की साजिश पर हिंदू संगठन ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

अमेरिका में एक मंदिर को सामूहिक गोलीबारी का निशाना बनाने की कोशिश नाकाम हो गई है। घटना ने अमेरिका के हिंदू समुदाय में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है...

अमेरिका के इलिनोइस में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में मास शूटिंग की साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 19 साल के एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस को गिरफ्तार किया है। उसके पास से राइफल और दूसरे हथियार बरामद हुए हैं। इस घटना ने अमेरिका में रहने वाले भारतीयों, खासतौर से हिंदू समुदाय के बीच चिंता बढ़ा दी है। भारतीय कॉन्सुलेट ने इस पर संज्ञान लिया है।

■ इलिनोइस में श्री वेंकटेश्वर मंदिर का मामला

वहीं समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्थाओं ने एतहिताती कदम उठाए हैं। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इलिनोइस के हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की योजनाओं पर प्रतिक्रिया दी है। दूतावास का कहना है कि वह भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में हैं और चीजों की जानकारी ले रहे हैं।



भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा की बातें चिंताजनक



विदेश मंत्रालय ने इस साजिश को 'नस्लवादी और हिंदू विरोधी' करार देते हुए कहा कि यह घटना बेहद परेशान करने वाली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हम इलिनोइस के अरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर मास शूटिंग करने की कथित साजिश की खबरों को लेकर बेहद चिंतित हैं।

19 साल के लड़के पर सामूहिक हत्या की साजिश का आरोप

जांचकर्ताओं को अब तक मिले सुरागों के आधार पर पता चला है कि आरोपी के निशाने पर इलिनोइस का श्री वेंकटेश्वर मंदिर था। हमलावर के तौर पर पहचाने गए 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस को श्वेत राष्ट्रवादी (वाइट नेशनलिस्ट) बताया गया है। मंदिर को निशाना बनाने वाली सामूहिक गोलीबारी की इस साजिश की जांच अमेरिकी न्याय विभाग करेगा। इलिनोइस के पैलेटाइन में टाको बेल कैशियर, एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से हथियार रखने जैसे आरोप लगाए गए हैं। आरोपी के साथ काम करने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें पैपोराकिस से कुछ चिंताजनक संदेश मिले थे। इनमें ऐसा दस्तावेज भी शामिल था, जिसमें मास शूटिंग की योजना का जिक्र था। अभियोजकों ने बताया कि रविवार को पैपोराकिस ने अपने एक सहकर्मी को फोन करके कहा था कि उसकी बंदूक जाम हो गई। इसके बाद वह बिना फायरिंग किए और बिना किसी की नजर में आए तेजी से वहां से निकल गया। अदालत में पेश किए जाने के बाद जज ने फैसला सुनाया कि पैपोराकिस को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

हिंदू संगठनों की बढ़ी चिंता

अमेरिका के हिंदू मंदिर एम्पावरमेंट काउंसिल (एचएमईसी) ने घटना पर चिंता जाहिर की है। एचएमईसी ने त्योहारों के सीजन में मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए अमेरिका के मंदिरों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। संगठन ने कहा है कि यह कदम इलिनोइस के ऑरोरा में मंदिर पर गोलीबारी की कथित साजिश को नाकाम किए जाने के बाद उठाया गया है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस को एक व्यक्ति से संदिग्ध मैसेज मिलने के बाद संभावित मास शूटिंग की सूचना मिली थी। इसके बाद आरोपी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी घर की तलाशी के दौरान एक राइफल, कई मरे हुए मैगजीन और सैकड़ों कारतूस बरामद किए गए हैं।

सांसद राजा कृष्णमूर्ति बोले यह भारत विरोधी नफरत

भारतीय मूल के कांग्रेसमैन राजा कृष्णमूर्ति का भी इस पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से स्तब्ध हूं कि एक श्वेत वर्चस्ववादी ने हिंदू मंदिर में भारतीय-अमेरिकियों का नरसंहार करने की कोशिश की। यह दिखाता है कि भारत-विरोधी नफरत और 'श्वेत वर्चस्व' का जहर किस हद तक जा सकता है।उन्होंने कहा कि हमें तब तक इंतजार नहीं करना चाहिए, जब तक कि निर्दोष लोग मारे ना जाएं। मैं उन साथियों और पुलिस अधिकारियों का आभारी हूं, जिन्होंने तुरंत कार्रवाई की। हर अमेरिकी को बिना किसी डर के अपनी पूजा करने का अधिकार है। हमें नफरत के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा।



उपग्रह जीसैट-7सी की क्षमता मिलेगी

वायुसेना को संचार उपग्रह व नौसेना को मिलेगा 'वरुणास्त्र'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए 4,106 करोड़ रुपए के दो बड़े समझौते किए हैं। इसके तहत वायुसेना को स्वदेशी संचार उपग्रह जीसैट-7सी की क्षमता मिलेगी।

रक्षा मंत्रालय ने किए 4106 करोड़ रु. के दो बड़े समझौते

वहीं, नौसेना को दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाने वाले वरुणास्त्र टॉरपीडो मिलेंगे। वायुसेना के लिए 2,563 करोड़ रुपए की लागत का यह समझौता गुरुवार को बंगलूरू स्थित न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ हुआ है।

सुरक्षित और निर्बाध संचार में मदद

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक देश में ही तैयार जीसैट-7सी उपग्रह वायुसेना के संचार तंत्र को मजबूत करेगा। इससे सैन्य संसाधनों के बीच सुरक्षित और निर्बाध संचार में मदद मिलेगी। इससे विभिन्न सैन्य अभियानों के दौरान तालमेल और कम्युनिकेशन की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि सैन्य अभियानों के दौरान प्रभावी संचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। सुरक्षित संचार व्यवस्था से वायुसेना के संसाधनों के बीच तालमेल बेहतर बनाने और उनकी ऑपरेशनल क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

नौसेना की ताकत बढ़ाएगा वरुणास्त्र

नौसेना के लिए 1,543 करोड़ रुपए की लागत का समझौता हैदराबाद स्थित भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ किया गया है। इसके तहत वरुणास्त्र भारी वजन वाले टॉरपीडो की खरीद की जाएगी। इसे नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला ने देश में ही विकसित किया है। जहाज से छोड़ा जाने वाला यह टॉरपीडो लंबी दूरी पर दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इसकी उन्नत दिशा बदलने की क्षमता पनडुब्बी रोधी अभियानों में नौसेना की ताकत बढ़ाएगी। यह टॉरपीडो दिशा बदलने की क्षमता से लैस है और लंबी दूरी पर दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इससे समुद्र में पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने से जुड़े नौसेना के अभियानों को भी मजबूती मिलेगी।

पेशावर के स्कूल में भीषण हादसा

प्राइवेट स्कूल की छत ढहने से 31 बच्चों समेत 33 लोगों की मौत



एजेंसी ⏭पेशावर

पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को प्राइवेट स्कूल की छत भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे दबने से 31 बच्चों और दो लेडी टीचर समेत 33 की मौत हो गई।

स्थानीय मीडिया ने 'लेडी रीडिंग हॉस्पिटल' (एलआरएच) के हवाले से बताया कि इस दर्दनाक हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एलआरएच के अनुसार, 53 बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से ज्यादातर लड़के थे। इनमें से 33 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 17 बच्चों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सभी बच्चों की उम्र 14 साल या उससे कम थी। एलआरएच प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी और वरिष्ठ अधिकारी ट्रॉमा वार्ड में मौजूद थे।

पनडुब्बी से परमाणु परीक्षण की आशंका

उत्तर कोरिया ने 2 तरह की क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण



एजेंसी ⏭प्योंगयाग

पूर्वी सागर में पनडुब्बी से दागी जाने वाली दो तरह की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। आशंका जताई जा रही है कि 3,000-टन श्रेणी का परीक्षण उस न्यूक्लियर अटैक सबमरीन (पनडुब्बी) से किया गया है जिसे 2023 में लॉन्च किया गया था। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के हवाले से योनहाप न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। हालिया परीक्षण में मिसाइलें पनडुब्बी से दागी गईं या किसी अन्य परीक्षण मंच से, इस बारे में रिपोर्ट में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इस बीच उत्तर कोरिया ने दावा किया कि इस परीक्षण से नौसेना की रणनीतिक अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मजबूत होगी और देश की प्रतिरोधक क्षमता की विश्वसनीयता प्रदर्शित होगी।

समुद्री सहयोग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा

भारत-ग्रीस रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमत, रोडमैप तैयार



एजेंसी ⏭एथेंस

भारत और ग्रीस ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में नई पहल तलाशने और संयुक्त रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक रोडमैप तैयार करने पर सहमति जताई है।

गुरुवार को एथेंस स्थित हेलेनिक आर्मी अकादमी में आयोजित रक्षा सहयोग पर दूसरे संयुक्त कार्य समूह की बैठक में दोनों देशों ने क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सहयोग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव अमित तेलंग और ग्रीस के राजदूत मिशेल स्पिनेलिस ने की।

क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान

राजेश कुमार सिंह ने ग्रीस के विदेश मंत्रालय की स्थाई उपमंत्री एलेक्जेंड्रा पापाडोपोलू से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत-ग्रीस रक्षा और रणनीतिक साझेदारी के बदलते स्वरूप के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत और ग्रीस प्रमुख समुद्री देश हैं और दोनों समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने को विशेष महत्व देते हैं। दोनों देशों ने समुद्री क्षेत्र और रक्षा उद्योग में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

जमीन उपलब्ध कराने पर बीएसएफ डीजी ने सरकार का जताया आभार

भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा होगी मजबूत



एजेंसी ⏭कोलकाता

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) प्रवीण कुमार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

गुरुवार को जारी बयान में कहा गया, बीएसएफ डीजी ने बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जमीन देने पर मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया। इससे बॉर्डर सिक्योरिटी ग्रिड को मजबूत करने और सीमा पर बाड़ लगाने में रह गई कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

डीजी कुमार ने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात की और उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा सुरक्षा हालात के बारे में जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096.7 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से 2,216.7 किलोमीटर का हिस्सा पश्चिम बंगाल में पड़ता है। राज्य में यह सीमा दक्षिण में सुंदरबन से लेकर उत्तर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक फैली हुई है।

जहां बाढ़ नहीं लगी उन हिस्सों को करेंगे सुरक्षित

बैठक के दौरान डीजी कुमार ने मुख्यमंत्री को पश्चिम बंगाल में बीएसएफ की तैयारियों और सीमा के उन हिस्सों को सुरक्षित करने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों के बारे में जानकारी दी, जहां अभी तक बाड़ नहीं लगाई गई है। गृह मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा का लगभग 569 किमी हिस्सा बिना बाड़ वाला है। इसमें से लगभग 113 किलोमीटर का हिस्सा नदी वाला क्षेत्र है, जहां पारंपरिक तरीके से बाड़ लगाना संभव नहीं है।

भारत पर 100% टैरिफ लगेगा या नहीं, 10 दिन में होगा फैसला

ट्रंप तय करेंगे रूसी तेल खरीदने वाले किन देशों पर प्रतिबंध लगे

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100 फीसदी टैरिफ पर अपनी बात रखी।



उन्होंने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले 10 दिनों के भीतर प्रतिबंधों पर फैसला ले सकते हैं, जिसे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर असर पड़ सकता है। इस साल 18 सितंबर को ट्रंप ने लिंडसे ओ ग्राम सैक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 पर साइन कर इसे कानून बना दिया। यह कानून रूस से तेल, गैस के टॉप एनर्जी आयातकों या प्रतिबंधों से बचने में सहायता करने वाले देशों से आयात पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें अगले 10 दिनों के भीतर कोई फैसला लेना होगा। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने अब तक इस कानून के तहत किसी भी देश पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं, जबकि कानून पारित होने के 30 दिनों के भीतर उन्हें निर्णय लेना आवश्यक था।

जल्द ही दोनों देशों में ट्रेड डील

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को कोई राहत या छूट मिलेगी, तो अमेरिकी राजदूत ने कहा कि गेंद ट्रंप के पाले में है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे और लगभग डेढ़ साल से चल रही जटिल बातचीत के बावजूद दोनों देशों ने काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बड़े मुद्दे सब पूरे हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि बचे हुए मुद्दों में कुछ छोटी मोटी बातें और नई चिंताएं शामिल हैं, जो बातचीत आगे बढ़ने पर सामने आ सकती हैं। गोर ने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा 6-3 के फैसले के बाद प्रशासन ने व्यापार समझौते के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार किया, जिसमें कहा गया था कि इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमी पावर एक्ट के तहत ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ गैरकानूनी थे और कांग्रेस की टैक्स की अनन्य शक्ति का हनन करके संविधान का उल्लंघन करते थे।

तीन अलग-अलग कैटेगरी के लिए लगेगा टैरिफ

इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह कानून राष्ट्रपति को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है, जो रूसी तेल और गैस खरीदते हैं या रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते हैं. हालांकि, गोर ने स्पष्ट किया है कि ये उपाय किसी खास देश को टारगेट नहीं करते हैं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस द्वारा पारित ये प्रतिबंध विकल्प किसी एक देश को टारगेट नहीं करते हैं। ये तीन अलग-अलग श्रेणियों में आते हैं। पहला तेल, दूसरा गैस और तीसरा प्रतिबंधों का उल्लंघन।

रूट बदलने को तैयार नहीं मेट्रो प्रबंधन, नवरात्रि के बाद फैसले का इंतजार

शाही कब्रिस्तान पर अटकी मेट्रो, आतिफ की दो-टूक, यहां से नहीं देंगे रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल टॉकीज स्थित ऐतिहासिक शाही कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो की सुरंग निकालने का मामला नौ दिन से अटका है। मौके पर काम बंद है, दोनों पक्ष अपने रुख पर कायम हैं और प्रशासन अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं ले पाया है।

■ विधायक के विरोध के बाद मेट्रो ने काम किया बंद

कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने साफ कहा है कि कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो को रास्ता नहीं दिया जाएगा, जबकि मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि अलाइनमेंट में बदलाव संभव नहीं है। ऐसे में मेट्रो परियोजना की समय सीमा पर भी संकट गहराने लगा है। अब नवरात्रि के बाद फैसले की उम्मीद है। ऑरेंज लाइन के दूसरे चरण में सुभाष नगर से करोंद तक प्रस्तावित भूमिगत रूट को लेकर बैठकें और संयुक्त निरीक्षण हो चुके हैं, लेकिन सहमति नहीं बन पाई।





शाही कब्रिस्तान में सुधार कार्य करते लोग।

50-60 फीट नीचे होगी सुरंग नहीं होगा नुकसान

मेट्रो प्रबंधन का तर्क है कि सामान्य तौर पर कबें जमीन से तीन से पांच फीट नीचे होती हैं, जबकि सुरंग 50 से 60 फीट की गहराई पर बनाई जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि इससे कब्रिस्तान को नुकसान नहीं पहुंचेगा। कलेक्टर की बैठक में भी यह पक्ष रखा गया था, लेकिन विवाद का समाधान नहीं निकल सका।

दीवार-जालियां दुरुस्त जनरेटर भी हटाया

गुरुवार को शाही कब्रिस्तान की दीवार को दोबारा जोड़ा गया और जालियां दुरुस्त की गईं। परिसर के अंदर रखा जनरेटर हटा दिया गया, जबकि कंटेनर सड़क पर रख दिया गया है। हालांकि, मौके पर निर्माण कार्य अब भी बंद है। समय सीमा पर बढ़ी चिंता मेट्रो के प्रबंध संचालक कृष्णा चैतन्य के मुताबिक, पूरा रूट तकनीकी अध्ययन के बाद तय किया गया है और इसमें बदलाव करना आसान नहीं है। प्रबंधन का कहना है कि काम जल्द शुरू नहीं हुआ तो तय समय सीमा में परियोजना पूरी करना मुश्किल होगा। दूसरी ओर, विधायक के विरोध और जनभावनाओं को देखते हुए प्रशासन का अंतिम निर्णय बाकी है।

सेज यूनिवर्सिटी तक नहीं मिल रही बस सुविधा

चार रूटों पर दौड़ रहीं ई-बसें, कटारा हिल्स, गौरीशंकर परिसर, झागरिया के हजारों लोग बस सुविधा से वंचित

ई-रिक्शा, ऑटो, ओला-उबर के भरोसे यात्री और विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर में चार रुटों पर ई-बसें दौड़ रही हैं, लेकिन कई इलाकों के लोगों के लिए यह सुविधा अब भी दूर है। भोपाल में 40 नई ई-बसों समेत पुरानी लाल बसों का संचालन तय रूटों पर किया जा रहा है, लेकिन बस सेवा का लाभ शहर के सभी क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाया है।

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, भोपाल जंक्शन, चिरायु अस्पताल, बोर्ड ऑफिस और न्यू मार्केट जैसे प्रमुख स्थानों पर बसों की आवाजाही है, वहीं कटारा हिल्स, अमलतास, गौरीशंकर परिसर, बरई और झागरिया से सेज यूनिवर्सिटी तक के लोगों को बस सुविधा का इंतजार है।

स्थिति यह है कि जिन क्षेत्रों को बस रूट से जोड़ने की योजना बनाई गई थी, वहां फिलहाल पुरानी लाल बसें या नई ई-बसें संचालित नहीं हो रही हैं। ऐसे में इन इलाकों के रहवासियों और विद्यार्थियों को आने-जाने के लिए ई-रिक्शा, ओला और उबर जैसे साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों को ई बस का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

कटारा हिल्स, बरई गौरीशंकर, झागरिया को बस का इंतजार

शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशन, बाजार और व्यस्त चौराहों को जोड़ने वाले रूटों पर बसों का संचालन दिखाई देता है। इन रूटों से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल रही है, लेकिन बाहरी और तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में बस सेवा की कमी बनी हुई है। कटारा हिल्स और झागरिया सहित आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह परेशानी रोजमर्रा के सफर को मुश्किल बना रही है।

विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों की बढ़ी परेशानी

कटारा हिल्स से सेज यूनिवर्सिटी और आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नियमित बस सेवा नहीं होने से उन्हें ई-रिक्शा या कैब पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे सफर की व्यवस्था निजी साधनों की उपलब्धता पर टिकी रहती है।

बस सेवा बहाल करेंगे: मनोज राठौर



कटारा हिल्स से अमलतास, गौरीशंकर परिसर, बरई और झागरिया होते हुए सेज यूनिवर्सिटी तक बस संचालन की जरूरत सामने आ रही है। अब जरूरत है कि नगर निगम और संबंधित परिवहन एजेंसियां इन क्षेत्रों में यात्रियों की जरूरत का आकलन कर बस सेवा शुरू करने की दिशा में कदम उठाएं, ताकि सार्वजनिक परिवहन का लाभ शहर के चुनिंदा रूटों तक सीमित न रहे। एमआईसी मेंबर, मनोज राठौर ने कहा कि जिस रुट पर बस नहीं चल रही है, तत्काल उसकी जांच कराकर बस सेवा बहाल कराई जाएगी।

खबर संक्षेप

एनजीटी: लोअर लेक में अवैध निर्माण, विभागों से 4 हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

भोपाल। भोज वेटलैंड की लोअर लेक में अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण, सीवेज प्रदूषण और पेड़ों को नुकसान पहुंचाने के मामले में गुरुवार को एनजीटी में सुनवाई हुई। पर्यावरणविद राशिद नूर खान की याचिका पर न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह और सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने अधिकारियों को चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया, जिस पर नगर निगम ने इसे मरम्मत बताया। ट्रिब्यूनल ने कहा प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध निर्माण की अनुमति नहीं और वेटलैंड नियम 2017 का पालन हो। बीएमसी और पीएचई को सीवेज रोकने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

15 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ

भोपाल। राज्य सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता से छूट दे दी है, जिससे 15 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि अन्य संवर्गों को पदोन्नति मिल रही थी, लेकिन सीपीसीटी के कारण चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वंचित थे। मंच की मांग पर मुख्यमंत्री ने छूट की घोषणा की। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार 45 वर्ष से अधिक आयु वालों को पूर्ण छूट और कम आयु वालों को पांच वर्ष की छूट दी गई है।

भट्टी के पास रखे कपड़े से भड़की थी आग, दुकान संचालक पर एफआईआर

न्यू मार्केट: आग के बाद एक्शन में नगर निगम... हटने को तैयार नहीं हैं हॉकर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूसरे दिन भी मॉकड्रिल, कई दुकानों पर 8 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

न्यू मार्केट में भीषण आग लगने के बाद नगर निगम और पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई है, लेकिन बाजार में आग से बचाव के इंतजामों और अतिक्रमण पर अब भी सवाल खड़े हैं। आग लगने के बाद दूसरे दिन भी दमकल वाहनों के साथ मॉकड्रिल की गई। जिन रास्तों से दमकल वाहन आसानी से नहीं निकल पा रहे थे, वहां दुकानों को पीछे करने की तैयारी है। इसके बावजूद हॉकर्स को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास निर्धारित स्थान पर भेजने में निगम को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई रेहड़ी संचालक वहां जाने को तैयार नहीं हैं। निगम ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों पर कुल 8 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।



न्यू मार्केट में नगर निगम और पुलिस की टीम ने की कार्रवाई।



भट्टी के पास कपड़े रखे थे

न्यू मार्केट स्थित बालाजी छोला-भटूरा दुकान में 8 अक्टूबर को लगी भीषण आग के मामले में टीटी नगर पुलिस ने दुकान संचालक दीप उर्फ दीपू अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच में सामने आया कि दुकान में जल रही भट्टी के पास रखे कपड़े में आग लगी और देखते ही देखते लपटों ने आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया। आग से पांच अन्य दुकानों और 15 से ज्यादा रेहड़ियों को नुकसान पहुंचा था। कारोबारियों के अनुसार, नुकसान चार करोड़ रुपए से अधिक का हुआ। आम्रपाली रेस्टोरेंट के संचालक पवन अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक, आग की शुरुआत भट्टी के पास रखे कपड़े से हुई थी। मामले में दुकान संचालक की लापरवाही को लेकर कार्रवाई की गई है।

मॉकड्रिल में सामने आई रास्तों की परेशानी

गुरुवार को दूसरे दिन भी फायर टीम ने दमकल वाहनों के साथ बाजार में मॉकड्रिल की। इस दौरान उन गलियों और रास्तों को देखा गया, जहां से वाहन निकालने में परेशानी हो रही थी। दुकानदारों को निगम की पीली लाइन के भीतर ही दुकानें रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीमा से बाहर सामान रखने पर जुर्माने सहित अन्य कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। फायर ऑफिसर सौरभ पटेल, अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान और दिन व शाम की अतिक्रमण टीम ने कार्रवाई की गई, साथ ही अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि गुरुवार से हॉकर्स की शिफ्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। इसे लेकर बुधवार को ही एनाउंसमेंट करा दिया गया था, जल्द ही न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन में रेहड़ी लगाकर व्यवसाय करने वाले हॉकर्स को टीटी नगर स्टेडियम के पास हाट बाजार में विस्थापित किया जाएगा।

दस में से सिर्फ एक दुकान में ही अग्निशमन यंत्र होने पर सवाल

आग की घटना ने बाजार में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की पोल खोल दी है। जानकारी के मुताबिक, करीब 10 प्रतिशत दुकानदारों के पास ही आग बुझाने के यंत्र होने की बात सामने आई है। हालांकि, नगर निगम ने इस आंकड़े की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ऐसे में सवाल है कि बाजार की दुकानों में आग बुझाने के जरूरी उपकरणों की जांच पहले क्यों नहीं की गई। निगम अब दुकानों में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल कर रहा है।



दुकानदारों को निगम ने पीली लाइन के भीतर ही दुकानें रखने के दिए निर्देश।

सामान्य कचरे के साथ बायो मेडिकल वेस्ट, 10 हजार रुपए का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने गुरुवार को जोन-16 और 17 में निरीक्षण किया गया। जोन-17 के वार्ड-79 में करोंद चौराहा स्थित अटल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बायो मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला मिला, जिस पर 10 हजार रुपए जुर्माना वसूला। वहीं, परशुराम चौराहे के पास खुले में कचरा फेंक रहे रहवासी को पकड़ा गया। पहले उसने जुर्माना देने से इनकार किया, बाद में अयोध्या थाने ले जाने पर 500 रुपये जुर्माना भरा।

जुर्माना देने से किया इनकार, थाने पहुंचने पर मानी गलती

दूसरा मामला जोन-16 के वार्ड-68 में परशुराम चौराहे के पास सामने आया। यहां एक रहवासी खुले में कचरा फेंकता मिला। निगम अमले ने उसे रोककर मौके पर जुर्माना भरने को कहा, लेकिन उसने राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद अमला उसे अयोध्या थाने ले गया। वहां रहवासी ने अपनी गलती स्वीकार की और 500 रुपये का जुर्माना जमा किया। रहवासी को खुले में कचरा नहीं फेंकने और कचरा वाहन को देने की समझाइश भी दी गई।



ऊपर से नीचे तक बंधा है सबका हिस्सा

साहब यह नर्सिंग काउंसिल है। यहां कोई भी काम बिना कुछ दिए नहीं होता। यहां के बाबू की जेब कभी ठंडी नहीं होती, हमेशा गरम रहती है। कारण बड़ा साफ है, दलालों से दिल का गहरा संपर्क है। साहब कुर्सी पर, बाबू सिस्टम पर भारी है। छात्र आए, अंकसूची चाहिए। पंजीयन कराना है। बाबू मुस्कुराता है, फाइल धीरे खिसकाता है। बिना चढ़ावे के पंखा भी नहीं हिलता। रसीद सरकारी, रेट दरबारी। मोटी रकम दो, काम फटाफट लो, नहीं तो चक्कर लगाओ। दलाल बाहर, बिचौलिया अंदर, बाबू बीच में सेतु है। सबको पता है कौन कितना लेता है, पर बोलता कोई नहीं। ईमानदारी फाइलों में बंद है और जेब में खुला हिसाब। छात्रों का भविष्य कागज पर अटका है, बाबू का भविष्य जेब में महक रहा है। ऊपर से नीचे तक हिस्सा बंधा है, इसीलिए तो कार्रवाई ठंडी है और जेब गरम है।

जांच का साहब नहीं दिखा पाया प्रबंधन

एम्स भोपाल में आउटसोर्स का गणित बड़ा निराला है। एजेंसी ने चुपके से 260 को लिस्ट से काट दिया, सोचा किसी को पता नहीं चलेगा। पर 500 को अपनी नौकरी की चिंता ने जगा दिया और बिगुल बज गया। दो दिन अस्पताल की व्यवस्था हिली, मरीज परेशान, सिस्टम हैरान। वेतन का टाइम टेबल नहीं, बोनस का अता-पता नहीं, नौकरी के नाम पर वसूली की चर्चा गरम है। नौकरी सरकारी अस्पताल में, नियम एजेंसी के, टेंशन कर्मचारियों की। शोर मचा तो प्रशासन जागा, बातचीत हुई, मांगें मान ली गईं। निकाले गए 260 को फिर से रखने का आश्वासन मिल गया। सवाल यही है, जब बातचीत से ही मानना था तो 260 को निकालने का साहस क्यों दिखाया और अगर आरोप गलत हैं तो जांच का साहस क्यों नहीं दिख रहा। फिलहाल मरीज और कर्मचारी दोनों ने राहत की सांस ली है।

खजाना खाली होने की चर्चा गर्म

सरकार कहती है, आयुष्मान से गरीबों का इलाज पक्का। अस्पताल वाले कहते हैं, नाम मत लो, सांसें फूल जाती हैं। सात महीने से क्लेम नहीं मिला, फाइलें धूल खा रही हैं। खजाना खाली होने की चर्चा गरम है। योजना कागज पर चमक रही है। जमीन पर मरीज भटक रहा है। गरीब पर्ची लेकर आता है। अस्पताल गेट से ही पल्ला झाड़ लेता है, कैश लाओ, आयुष्मान बाद में देखेंगे। सरकार वादा बेचती है, अस्पताल बहाना और मरीज दर्द सहता है। पैसा नहीं है तो योजना किस काम की। बड़े-बड़े होर्डिंग में मुस्कुराते चेहरे हैं। अस्पताल में मुरझाए चेहरे। आयुष्मान है तो आयु की रक्षा होनी चाहिए। पर यहां नाम सुनते ही इलाज से मान घट जाता है। गरीब फिर उसी मोड़ पर, जेब खाली, उम्मीद भी खाली।

- सचिन सिंह बैस

चंद्रशेखर ने छिंदवाड़ा में किया संभागीय बैठक को संबोधित

भाजपा को सर्वस्पर्शी संगठन बनाना हमारा लक्ष्य कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं: प्रदेश संगठन महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने गुरुवार को छिंदवाड़ा जिले में आयोजित संभागीय बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और भाजपा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने वाला सर्वस्पर्शी संगठन बनाना हमारा लक्ष्य है। संगठन की वास्तविक मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी समन्वय, अनुशासित कार्यपद्धति और समाज के साथ निरंतर संवाद से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, जनसंपर्क का दायरा बढ़ाने और जनसेवा के माध्यम से जनता के विश्वास को और मजबूत करने का आह्वान किया।



कोई दायित्व छोटा या बड़ा नहीं होता...

चंद्रशेखर ने कहा कि संगठन में कोई दायित्व छोटा या बड़ा नहीं होता है। पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, निर्धारित कार्यपद्धति का पालन, नियमित बैठकें और संगठनात्मक प्रवास संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करते हैं। जिन क्षेत्रों में संगठन की पहुंच अपेक्षाकृत कम है, वहां योजनाबद्ध तरीके से विस्तार करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने की आवश्यकता है।

नर्मदापुरम की बेटी ने दो को दिया जीवनदान ग्रीन कॉरिडोर से सिर्फ 15 मिनट में पहुंचे अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला नर्मदापुरम तहसील बनखेड़ी निवासी 31 वर्षीय विलाश तांती शर्मा ने मृत्यु के बाद भी मानवता की मिसाल पेश की। एम्स भोपाल में ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिजनों ने उनकी दोनों किडनी और लिवर दान करने का निर्णय लिया, जिससे दो मरीजों को नया जीवन मिला।

परिजनों को ब्रेन-स्टेम डेथ के बारे में परामर्श दिया गया, जिसके बाद पति अखिलेश शर्मा एवं परिवार ने स्वेच्छा से अंगदान की सहमति दी। विलाश की एक किडनी और लिवर बंसल हॉस्पिटल में भर्ती दो मरीजों को ट्रांसप्लांट की गई। इसके लिए रविवार शाम 7:40 बजे एम्स भोपाल से बंसल हॉस्पिटल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और मात्र 15 मिनट में अंगों को सुरक्षित पहुंचाया गया। दूसरी किडनी एम्स के ही मरीज को लगाई गई।ग रीन कॉरिडोर के तहत एंबुलेंस को बिना ट्रैफिक बाधा के कम समय में गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में एम्स और बंसल हॉस्पिटल की टीमों ने समन्वित कार्य कर मिसाल पेश की।



अंगदान: एक जीवनदान की पहल

विलाश तांती शर्मा जी का अंगदान अन्य परिवारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इस नेक कार्य ने न केवल तीन जरूरतमंदों को जीवनदान दिया, बल्कि समाज में अंगदान के महत्व को भी उजागर किया।

भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की शिरकत

जम्बूरी मैदान में गरबे की धूम: चौथे दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सबसे बड़े 'भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव' में भक्ति, परंपरा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भेल जम्बूरी मैदान पर आयोजित हो रहे इस भव्य महोत्सव का दिनों दिन उल्लास बढ़ता जा रहा है। चौथे दिन गुरुवार को 30 हजार से अधिक लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी एवं महामंत्री हरीश कुमार राम सहित आयोजन समिति ने गणेश वंदना और मां भगवती की आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सवा लाख किलोवॉट के साउंड सिस्टम और गुजरात से आए विशेष संगीत बैंड की धुनों पर देर रात तक श्रद्धालु गरबा रास करते रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भजन गाकर भक्तिमय बना दिया समा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित भोजपाल गरबा महोत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भजन गायन कर आयोजन को भक्तिमय बना दिया। गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों, भक्ति एवं उल्लास से परिपूर्ण इस महोत्सव में भारतीय संस्कृति, समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की अनुपम झलक देखने को मिली।

सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाए : यादव

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेरी ओर से आप सभी को नवदुर्गा के पावन पर्व नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नवरात्रि का पर्व हमें अपनी सनातन संस्कृति के गौरव और परंपराओं पर गर्व करने का अवसर प्रदान करता है। परमात्मा की कृपा से ऋषि-मुनियों के समय से ही हमारे सभी त्योहार कोई न कोई विशेष संदेश लेकर आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरबा महोत्सव के इस आयोजन में उल्लास, उमंग और उत्साह के साथ पूरा देश आनंद में डूबा हुआ है। मुझे प्रसन्नता है कि पिछले तीन वर्षों में भोपाल के मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाला यह महोत्सव लगातार भव्य और व्यापक होता जा रहा है। ऐसे आयोजन हमें सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने के साथ ही खेल और शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा भी देते हैं। इस वर्ष गरबा महोत्सव का उत्साह और भी बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। हमारा प्रयास है कि मकर संक्रांति पर पतंग उत्सव हो, सर्दियों में भोपाल उत्सव हो या जन्माष्टमी सहित अन्य पर्व; हर त्योहार को हम सामूहिक उत्साह और उमंग के साथ मनाएं।

पुलिस से हुई झड़प, जमकर की नारेजाबी, शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की कर रहे हैं मांग

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी सीएम हाउस घेरने निकले पुलिस ने रोशनपुरा पर रोका तो सड़क पर बैठे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के सामने बीते 30 दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए रैली निकाली। हालांकि पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोशनपुरा चौराहे पर ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़पर भी हुई, जिसके बाद अभ्यर्थी सड़क पर ही बैठ गए। अभ्यर्थी पदवृद्धि की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि जब तक पद बढ़ाने का आदेश जारी नहीं होता, वे आंदोलन खत्म नहीं करेंगे।

ऐसे में गुरूवार देर रात तक अभ्यर्थी सड़क पर ही बैठे रहे। सुरक्षा के लिहाज से यहां बेरिकेडिंग के साथ ही भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। दरअसल, वर्ग-2 और



वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी इसके पहले नीलम पार्क में 27 दिनों तक प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद अभ्यर्थी 30 दिनों से लोक शिक्षण संचालनालय के सामने धरने पर बैठे हैं। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने रोशनपुरा चौराहे पर डेरा डाला है।

अभ्यर्थी डीपीआई के बाहर जुटे, रैली के रूप में आगे बढ़े

जानकारी के अनुसार, अभ्यर्थी करीब 57 दिनों से राजधानी में प्रदर्शन कर रहे हैं। मांगे पूरी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री निवास तक पहुंचने का ऐलान किया था। इसके लिए डीपीआई के बाहर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी जुटे। इसके बाद वे रैली के रूप में आगे बढ़े। रास्ते में चेतक ब्रिज पर धरना देने के बाद अभ्यर्थी एमपी नगर की ओर से रोशनपुरा पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। अभ्यर्थी ईशान श्रीवास्तव ने कहा कि वे अपनी मांग पूरी होने तक वहां से नहीं हटेंगे। उनके मुताबिक, जब तक पदवृद्धि का आदेश जारी नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रशासन ने की चर्चा

अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों से चर्चा भी की जा रही है। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वह ज्ञापन सौंपे, जिसे शासन तक पहुंचाने के साथ ही नियमानुसार मांगों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि जहां प्रदर्शन की अनुमति है, वहां अभ्यर्थी पहुंचे, ताकि यातायात और अन्य व्यवस्थाएं भी प्रभावित न हों।

कल के बाद अधिकांश जिले भीगेंगे

भोपाल में 3 डिग्री गिरा रात का पारा, इस महीने सबसे अधिक

आज से अगले 8 दिन रुक रुककर अलग अलग हिस्सों में हल्की बौछारें पड़ने से तापमान में और आएगी कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार को शहर के रात के तापमान में रिकार्ड गिरावट रही। इस महीने में पहली बार न्यूनतम पारा 2.8 डिग्री गिरा है। पारा 17.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.8 डिग्री कम है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और हवाएं उत्तरी होने से रात के तापमान में तेजी से कमी आई है। यह क्रम अगले सप्ताह और तेज होगा। राजधानी सहित प्रदेशभर के मौसम अगले सप्ताह से अंतिम सप्ताह के बीच चार से पांच दिन बदलाव रहेगा। इस बीच अधिकांश जिलों में हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी।

कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच बारिश का दौर शुरू होगा, जो अलग-अलग हिस्सों में जारी रहेगा। प्रदेश में बौछारों के बाद दिन के तापमान में बदलाव रहेगा। दिन का पारा एक से दो डिग्री तक गिरने से राहत मिलेगी। 22 से 24 अक्टूबर के आसपास भोपाल में भी बौछारों से मौसम खुशनुमा बनेगा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक कुछ हिस्सों में बौछारें पड़ेंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र होते हुए पूर्वी मध्य अरब सागर तक सक्रिय है। इसके असर से शुक्रवार तक मंदसौर, नीमच, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होगी। भोपाल में अभी मौसम ऐसा ही रहेगा। अब प्रदेश में बदल रहे मौसम का सिलसिला अगले 7 से 8 दिन जारी रहेगा। इस बीच कई जिलों के अलग अलग हिस्सों में हल्की बारिश, बौछारें पड़ेंगी।

खबर संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म गर्भवती होने पर एफआईआर

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित तालाब के पास 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना मई 2026 की है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मां बेटी को अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में पता चला कि वह गर्भवती है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची नागपुर पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग कराई और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर केस डायरी निशातपुरा पुलिस को सौंप दी। निशातपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 16 साल की किशोरी मूलतः रायसेन जिले के एक गांव की रहने वाली हैं। उसके माता पिता और भाई सड़क निर्माण का काम करते हैं। गर्मियों के समय काम भोपाल में चल रहा था। परिजन निशातपुरा में तालाब किनारे शेड पर अन्य मजदूरों के साथ रह रहे थे। तेज गर्मी होने के कारण परिवार बाहर सोता था। इसी बीच चरण भामौर नाम के युवक किशोरी की दोस्ती हो गई। उसने शादी का प्रलोभन दिया और तालाब किनारे किशोरी से दुष्कर्म किया। फिर तीन चार बार शारीरिक संबंध बनाए।

शुभांक

कल्याणः	4905		
दिनः	390	26	466
रातः	689	32	778
ताराः			
दिनः	569	06	358
रातः	259	67	890

अशोका गार्डन में सुबह करीब पांच बजे बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

सब्जी मंडी चौराहे पर बदमाशों ने युवक का 60 हजार रुपए का मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंडीदीप की एक फैक्ट्री में नौकरी करने के कारण सुबह जल्द उठते हैं पीड़ित



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी चौराहा पर बुधवार सुबह करीब पांच बजे एक्टिवा सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद बदमाश प्रभात चौराहा की तरफ तेजी से एक्टिवा लेकर भागे थे। घटना की शिकायत युवक ने पुलिस थाने पहुंचकर की। पुलिस ने एक्टिवा सवार युवकों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। झपटे गए मोबाइल की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मधु नरवारे (30) परिहार चौराहा, अशोक गार्डन में रहते हैं और मंडीदीप की एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। वह प्रतिदिन सुबह बस से मंडीदीप जाते हैं। सुबह जल्दी उठने के कारण उन्होंने मोबाइल पर अलार्म लगा रखा है। बुधवार सुबह वह पांच बजे घर से पैदल सब्जी मंडी चौराहा तक पहुंचे। इसी बीच मोबाइल पर अलार्म बजा और वह मोबाइल निकालकर अलार्म बंद करने लगे, तभी पीछे से एक्टिवा सवार दो बदमाश आए और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर तेजी से प्रभात चौराहा की तरफ भाग निकले।

पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी से एक लाख अस्सी हजार का फ्रॉड

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित पल्लवी नगर में रहने वाले शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पार्ट टाइम जॉब दिलाने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने उन्हें कंपनी में रेटिंग देने का टास्क दिया था। रेटिंग के अनुसार उसने लाभ देने की बात कही। बाद में बाद में कर्मचारी से अकाउंट संबंधी जानकारी ले रही। अकाउंट की जानकारी मिलने के बाद अलग अलग ट्रांजेक्शन में जालसाज ने एक लाख अस्सी हजार रुपए निकाल लिए। घटना जनवरी 2025 की है। कर्मचारी ने घटना की शिकायत साइबर हेल्प लाइन पर की थी। वहां से केस डायरी आने के बाद शाहपुरा पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाज पर प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार विनोद गुप्ता (49) पल्लवी नगर, शाहपुरा में रहते हैं और शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में नौकरी करते हैं। जनवरी 2025 में उनके पास नए नंबर से कॉल आया था। कॉलर ने उन्हें कहा कि पार्ट टाइम जॉब में अच्छा लाभ कमा सकते हैं।

पार्ट टाइम काम करने और रेटिंग का टास्क देकर की धोखाधड़ी

विनोद गुप्ता ने उन्हें कहा कि उन्हें पार्ट टाइम जॉब की कोई आवश्यकता नहीं है। अगले ही दिन साइबर जालसाज ने फिर उन्हें कॉल किया। इस बार विनोद ने सोचा कि घर में खाली समय में वह काम कर लेंगे। साइबर जालसाज से चर्चा में पता चला कि कंपनी का प्रमोशन करना है और रेटिंग का काम है। रेटिंग के अनुसार पैसे मिलेंगे। उन्होंने काम शुरू कर दिया। काम करते समय आरोपी ने उनसे अकाउंट संबंधी जानकारी हासिल की और अकाउंट से एक लाख अस्सी हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया।

सोने की नकली चेन दिखाकर किसान से 6 लाख की ठगी

एम्स परिसर में जालसाज ने किसान को छह लाख रुपए की चपत लगा दी। जालसाज एम्स परिसर में रोने की एक्टिंग कर रहा था। किसान ने उस पर तरस खाकर रोने का कारण पूछा तो वह कहने लगा कि मां की तबीयत खराब है। ऑपरेशन होना है। मेरे पास नगदी नहीं है जेवर है और उसे अंजान शहर में कोई गिरवी भी नहीं रखेगा। किसान ने उसे दो दिन में सब ठीक होने की बात कहते हुए एम्स परिसर में मिलने की बात कही थी। दो दिन बाद किसान घर से छह लाख रुपए की नगदी लेकर आया और जालसाज से असली जेवर समझकर तीन नकली चेन ले ली। बदले में छह लाख रुपए की नगदी दे दी। ज्वैलर्स के पास चेन लेकर पहुंचने किसान के होश उड़ गए। नकली चेन लेकर किसान थाने पहुंचा और शिकायती आवेदन दिया। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात जालसाज पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामकिशन कुशवाहा (50) पृथ्वीपुर, निवाड़ी में रहते हैं। वह अपने नाती का इलाज एम्स में करवा रहे हैं। गत 21 सितंबर को एम्स में थे। इसी दौरान गेट नंबर तीन के पास उन्हें एक व्यक्ति रोता हुआ नजर आया। उन्होंने उससे रोने का कारण पूछा। वह कहने लगा कि मां की तबीयत खराब है ऑपरेशन के लिए पैसे नहीं है। इसी बीच जालसाज ने उन्हें अपने पास रखी सोने की तरह दिखने वाली तीन मोटी चेन दिखाई। जालसाज ने कहा कि चौदह लाख रुपए की है और उसे छह लाख रुपए की जरूरत है। छह लाख में चेन गिरवी रखकर मां का इलाज करा लेगा।

- एम्स परिसर में जालसाज, बोला मां की तबीयत है खराब

मुख्यमंत्री ने की मानसून और वर्षा की स्थिति की समीक्षा

सामान्य से कम बारिश वाले जिलों में जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के बारह जिलों क्रमशः आलीराजपुर, धार, झाबुआ, रतलाम, बैतूल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा,



हरदा और शाजापुर में सामान्य से कम बारिश हुई है। आने वाले दिनों में इन जिलों में जल प्रबंधन का विशेष ध्यान रखना होगा। सर्वोच्च प्राथमिकता पेयजल को दी जाए, इसके साथ ही किसानों को कम पानी वाली फसलें लेने के लिए भी प्रेरित किया जाए। सामान्य से कम वर्षा वाले जिलों में इस स्थिति से निपटने के लिए वातावरण निर्मित करने में जल उपभोक्ता समितियां भी अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश गुरुवार को प्रदेश में मानसून और वर्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन तुलसी सिलावट, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल उपस्थित रहे।

जल स्रोतों की स्थिति की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रमुख बांधों, जलाशयों में जलभराव की स्थिति, कम वर्षा वाले जिलों और उनके जल स्रोतों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही नदियों में जलप्रवाह, भू-जलस्तर, मृदा में नमी जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामान्य से कम बारिश वाले जिलों में रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जलगंगा अभियान के तहत गतिविधियां शुरू करने के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में राजस्व, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जेल से रिहाई के बाद जुलूस निकालने वाले शाहिद इटारसी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा में प्रॉपर्टी डीलर पर ताबड़तोड़ फायर करने के मामले में जेल से जमानत पर छूटे शाहिद इटारसी पर गांधी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। दअरसल, 12 अक्टूबर को जेल से रिहाई के बाद उसके शुभ चिंतक और समर्थक बड़ी मात्रा में जेल रोड पर पहुंचे थे। नायरा पेट्रोल पंप के पास से कबीर धाम तक शाहिद कबूतर को सनरूफ वाली गाड़ी में बैठाकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान कुछ कार और सैकड़ों बाइक सवार पीछे जुलूस में चलते रहे।

शाहिद इटारसी के इस जुलूस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर गांधी नगर पुलिस ने शाहिद इटारसी पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार समीर खान (28) खानूगांव पंप हाऊस के पास अजीम भाई का कुंआ कोहेफिजा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें 12 अक्टूबर की रात जहांगीराबाद क्षेत्र में रहने वाला शाहिद इटारसी जेल रिहाई के बाद कुछ लोगों के साथ एयरपोर्ट रोड पर रात्रि के समय नायरा पेट्रोल पंप के पास से कबीर धाम के सामने सर्विस रोड से वाहन से जा रहा है। जिसमें एक चार पहिया वाहन में शाहिद एवं एक अन्य व्यक्ति कार में सनरूफ और विंडो से बाहर की तरफ निकलकर खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहा था। इस लापरवाही से अन्य लोगों के जीवन को खतरा हो सकता था।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया से पचौरी ने की भेंट...



औबेदुल्लागंज। गुरुवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी ने भेंट की। इस भेंट के दौरान समसामयिक विषयों तथा मप्र की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा हुई।

मॉर्निंग वॉक पर निकले वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

भोपाल। ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 60 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वह मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रहे थे, तभी उनके साथ हादसा हुआ। अनुमान है कि कम दिखाई और कम सुनाई देने के कारण उन्हें ट्रेन के आने की आहट नहीं हुई और वह ट्रेन से टकरा गए। उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव नगर निवासी कमल सिंह (60) पहले ड्राइवरी करते थे। जबसे उन्हें कम दिखाई और कम सुनाई देने लगा था। परिजन ने बताया कि रोजाना की तरह गुरुवार सुबह कमल सिंह सुबह की सैर के लिए निकले थे।

स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री के लिए सारा एप रहा बंद

पांचवें दिन भी ढाई घंटे तक रजिस्ट्री का सर्वर अटका, शाम सात बजे तक हुईं 580 रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्र के पांचवें दिन भी शहर के पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ रही। हालांकि सुबह रजिस्ट्री शुरु होते ही ढाई घंटे तक संपदा का सर्वर डाउन रहा, जिसकी वजह से प्रॉपर्टी के खरीदारों को तीन से चार घंटे का इंतजार करना पड़ा। जिससे शाम सात बजे तक शहर के तीनों पंजीयन दफ्तरों में 580 ई रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। विभाग को इन रजिस्ट्री से करीब 53 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। इधर गुरुवार को स्वामित्व योजना की इक्का दुक्का रजिस्ट्री हो पाएं, जिन पटवारियों ने एक दिन पहले लॉगइन कर लिया था, उनकी रजिस्ट्री सुबह हो गई।



नवरात्र के शुभ मुहूर्त को देखते हुए शहर के पंजीयन दफ्तरों में रौनक बढ़ गई है। प्रॉपर्टी के खरीदार शुभ मुहूर्त को देखते हुए स्लॉट बुक करा रहे हैं। पिछले पांच दिनों से आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में रजिस्ट्री की तादाद बढ़कर दोगुना तक हो गई है। गुरुवार को सर्वर डाउन होने की वजह से लोगों को तीन से चार घंटे का इंतजार करना पड़ा। हालांकि दोपहर डेढ़ बजे के बाद से सर्वर ठीक चला।

स्वामित्व में इस गति से चले तो लगेंगे छह महीने

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की जमीन पर काबिल लोगों के नाम खसरे में दर्ज करने के बाद उनके मकानों की रजिस्ट्री की जाती है। जिसके तहत जिले में 41 हजार 726 रजिस्ट्री की जाएंगी। अब तक जिले में करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री ही हो सकीं हैं। सर्वर में आ रही समस्या को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस रफ्तार से रजिस्ट्री हुई तो इसमें छह महीने से अधिक का समय लग जाएगा।

महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त धीरज शर्मा पिता फतेह चंद शर्मा आयु 23 वर्ष निवासी अर्जुन नगर भोपाल मप्र को अष्टम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने भारतीय दंड संहिता की धारा- 376(2)(एन) एवं धारा-506 (2) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 8000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार थाना अशोका गार्डन जिला भोपाल मप्र में फरियादिया के द्वारा लिखित शिकायत की थी कि वह वर्तमान में ऐशबाग में रहती है। पहले वो अर्जुन नगर में रहती थी। उसके घर के सामने अभियुक्त धीरज शर्मा रहता था। अभियुक्त ने उसे नौकरी लगवाने के नाम पर 28 अगस्त 2022 को उसके मित्र के सौभाग्य नगर अशोका गार्डन भोपाल स्थित कमरे पर ले जाकर उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। 12 दिसंबर 2022 को भी अभियुक्त ने उसे डरा-धमका कर उसके मित्र के सौभाग्य नगर अशोका गार्डन स्थित कमरे पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। थाना अशोका गार्डन ने फरियादिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

बेसहारा गोवंश को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की अपील

आंबेडकर चौराहे पर गो भक्त सलकनपुर जा रहे श्रद्धालुओं को पिला रहे निःशुल्क चाय और पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के सामने आंबेडकर चौराहे पर गो भक्तों एवं हनुमान



जन्मोत्सव टीम द्वारा सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है। सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का सेवा भाव से स्वागत कर उन्हें पंडाल में बैठाया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं को निःशुल्क चाय-पानी वितरित कर उनकी सेवा की जा रही है। इस सेवा कार्य के साथ ही गो भक्त श्रद्धालुओं को गो संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कों पर घूमने वाली बेसहारा गोमाता आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। इससे गोवंश की जान को खतरा बना रहता है। ऐसे में गोमाता की सुरक्षा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है। गो भक्तों ने लोगों से अपील की कि बेसहारा गोवंश को सड़कों पर छोड़ने के बजाय उनके लिए सुरक्षित स्थानों और गोशालाओं तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं में उनकी जान बचाई जा सके। मां के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा के साथ गो संरक्षण का संदेश देने की यह पहल धार्मिक आस्था, मानव सेवा और जीव दया की भावना को दर्शा रही है।

धार्मिक सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया

श्रद्धालुओं को साबूदाने की खीर, खिचड़ी बांट कर मुस्लिम समाज ने पेश की भाईचारे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के रेहटी रोड पर नवरात्रि पर सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सलकनपुर स्थित मां विजयासन धाम के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं का भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा एवं युवा नेता शुभम शर्मा ने अपनी दुकान के सामने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के समीर खान, छोटू, रफीक भाई सहित श्रद्धालुओं को साबूदाने की खीर और साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। प्रसाद तैयार करने में संतोष पंडित ने सहयोग किया। मुस्लिम भाइयों द्वारा



श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की इस पहल ने धार्मिक सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

यूनेस्को सूची में शामिल भारत की 'कुटियाट्टम' एवं थाईलैंड की 'खोन' शैली में रामलीला का मंचन

अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का चौथा दिवस

राजसी मुखौटों से जीवंत होती है थाई रामायण की खोन नृत्य परंपरा...



थाई रामायण में राम के किरदार में ओम केन व अन्य कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमारे 'रामाकेन दल' द्वार राजसी मुखौटे की रेप्लिका (प्रतिकृति) के रूप में पारंपरिक मुखौटे पहनकर रामलीला की प्रस्तुति दी जाती है। यह मुखौटे ओरिजनल मुखौटों से हुबहू मिलते हैं, इसमें विशेष रूप से वानर और राक्षस पात्रों के लिए विशिष्ट मुखौटों का इस्तेमाल किया जाता है। इन मुखौटों में आंख, दांतों और मुंह की आकृति से पात्र की प्रकृति और व्यक्तित्व को दर्शाया जाता है। साथ ही सभी मुखौटों पर बारीक नक्काशी जैसी आकृतियां, सुनहरी सजावट और पारंपरिक थाई अलंकरण किया जाता हैं। जिस वजह से हमारी 'खोन नृत्य शैली' को यूनेस्को ने 2018 में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल किया।

यह कहना है थाईलैंड के 'रामाकेन दल' में राम का किरदार निभाने वाले ओम केन का। को-आर्डिनेटर की सहायता से उन्होंने थाईलैंड में राम और रामायण से जुड़े अनेकों सवालों के जवाब दिए।





शाही प्रदर्शन कला के रूप में विकसित हुआ 'खोन'

थाईलैंड में अयुथ्या साम्राज्य के दौरान यह एक शाही प्रदर्शन कला के रूप में विकसित हुए खोन नृत्य के बारे में बताते हुए ओम ने कहा कि हमारे देश में हिंदू रामायण पर आधारित थाईलैंड के राष्ट्रीय महाकाव्य रामाकिएन का पुनर्कथन किया गया है।

कई साल से निभा रहा राम का किरदार...



थाईलैंड के 'रामाकेन दल' में राम का किरदार निभाने वाले ओम केन ने बताया कि मैं कई साल से राम का किरदार निभाता आ रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है यह किरदार मेरे भीतर रच-बस गया है। हम किरदारों के अनुसार ही अपने जीवन को ढाल लेते हैं, जो व्यक्ति हनुमान का किरदार निभा रहा है तो वह काफी संयम के साथ कई नियम-कायदों का पालन भी करता हैं।

'वाट फ्रा केव' मंदिर में रामायण के अनेक प्रसंग है चित्रित

हमारे देश में रामायण से जुड़ा प्रसिद्ध मंदिर बैंकॉक स्थित वाट फ्रा केव प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इसके परिसर की दीवारों पर रामाकियन अर्थात रामायण के अनेक प्रसंग चित्रित हैं, जो थाईलैंड में रामकथा की लोकप्रियता और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाते हैं।

अयोध्या दीपोत्सव में दे चुके प्रस्तुति, पहली बार आए भोपाल

उन्होंने कहा कि हम पहली बार भोपाल प्रस्तुति देने आए हैं और वाकई में झीलों की नगरी भोपाल में आकर काफी अच्छा लगा। हमारी कोशिश होगी कि हम पूरा भोपाल घूमें और यहां का पोहा जलेबी जरूर खाएं।



खोन नृत्य शैली का 'रामाकेन दल'।

कुटियाट्टम शैली में दिखा अनुसुईया उपदेश पंचवटी प्रसंग

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा रवींद्र भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के चौथे दिवस भारत एवं थाईलैंड की प्राचीनतम नृत्य शैलियों कुटियाट्टम एवं खोन में श्रीरामकथा के विविध प्रसंग प्रदर्शित किए गए। जिसमें दस कलाकारों द्वारा 15 मिनट की प्रस्तुति से सीता हरण, राम-रावण युद्ध प्रदर्शित कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। तो वहीं कुटियाट्टम शैली में अनुसुईया उपदेश पंचवटी प्रसंग सीता हरण जटायु वध एवं श्रीराम प्रतिज्ञा के प्रसंग जीवंत हुए।



'चाक्यार' और 'नंपियार' समुदाय के लोग करते हैं कुटियाट्टम

कुटियाट्टम केंद्र केरलम के कलाकारों द्वारा भारत की अत्यंत प्राचीन शास्त्रीय नृत्य शैलियों में से एक कुटियाट्टम में श्रीरामकथा के प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। इस दल के सदस्यों ने कहा कि इस शैली का आरंभ दो हजार वर्ष पूर्व का माना गया है और यूनेस्को ने इसे वैश्विक पुरातन कला के रूप में स्वीकार किया है। मंदिर से जुड़ी हुई इस नृत्य शैली को 'चाक्यार' और 'नंपियार' समुदाय के लोग प्रस्तुत करते हैं। प्रस्तुति में कलाकारों ने कुटियाट्टम की समृद्ध नाट्य परंपरा में भगवान श्रीराम की कथा के एक महत्वपूर्ण प्रसंग जटायुवधम का प्रभावशाली मंचन किया। शक्तिभद्र रचित संस्कृत नाटक अश्चर्यचूडामणि के चतुर्थ अंक पर आधारित इस प्रस्तुति में रावण द्वारा सीता हरण और उनकी रक्षा के लिए जटायु के अदम्य साहस एवं संघर्ष को जीवंत किया गया।



श्री रामलीला महोत्सव में केरल के प्रसिद्ध नृत्य कुटियाट्टम की प्रस्तुति देते कलाकार।

जेन जी को राम से जोड़ने की 30 दिन की एक विशेष रामायण सभ्यता यात्रा

दिन के सत्रों में पहली बार 'कौशलेय की वन गमन गाथा' के रूप में श्रीराम पर आधारित स्टोरी टेलिंग सत्र में अमि गणात्रा मुंबई एवं अंकित अवस्थी अलवर ने स्टोरी टेलिंग प्रस्तुति की जिसमें अंकित ने 'श्रीरामचंद्र वन गमन पथ' विषय पर स्टोरी टेलिंग की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी विशेषकर जेन जी को भगवान राम के जीवन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने उन्होंने लगभग 30 दिन की एक विशेष रामायण सभ्यता यात्रा की। इस यात्रा के अंतर्गत उन्होंने भारत नेपाल और श्रीलंका में भगवान राम के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। वहीं, अमि गणात्रा ने वाल्मीकि के हनुमान बुद्धिमत्त वरिष्ठम विषय पर स्टोरी टेलिंग की।



21वां उद्भव उत्सव 24 से 27 अक्टूबर तक

ग्वालियर में सजेगा कला और संस्कृति का अंतर्राष्ट्रीय महाकुंभ

देश-विदेश के कलाकार दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संगीत और सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व में विशिष्ट पहचान रखने वाले ग्वालियर में एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय कला और संस्कृति का भव्य संगम होने जा रहा है। 21वां आईटीएम 'उद्भव उत्सव' अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक ओलंपियाड 2026 का आयोजन 24 से 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस आयोजन में देश-विदेश के कलाकार नृत्य, वाद्य संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के प्रमुख स्तंभ, भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एवं मैरीटाइम फाउंडेशन के चेयरमैन एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, भारत में मंगोलिया के राजदूत उलजीत लवसेनजाव तथा नृत्यांगना पद्मश्री नलिनी-कमलिनी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

ग्वालियर को अंतर्राट्रीय सांस्कृतिक पहचान दिलाने का प्रयास

गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश उपाध्याय और उद्भव के सचिव दीपक तोमर ने बताया कि उद्भव उत्सव का उद्देश्य ग्वालियर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना और युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना तथा भारतीय युवा कलाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करना है। इस वर्ष स्लोवाकिया और रूस सहित भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

भक्ति संगीत में होंगे मां के विभिन्न स्वरूप

मानव संग्रहालय में 17 को होगी 'शक्ति' की संगीतमय प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि के पावन अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 17 अक्टूबर को विरासत समूह द्वारा 'शक्ति' नामक विशेष संगीतमय प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। दो घंटे की इस प्रस्तुति का संगीत संयोजन राजीव सिंह द्वारा किया गया है। इसमें देवी आराधना, भारतीय भक्ति संगीत, संतवाणी और सूफी संगीत की समृद्ध परंपरा को गायन एवं वादन के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा।

नवरात्रि के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए माता के विभिन्न स्वरूपों को संगीत से प्रस्तुत किया जाएगा। आरंभ गणेश स्तुति से होगा, जिसके बाद शिव स्तुति और हरसिद्धि माता की स्तुति प्रस्तुत की जाएगी। महिषासुरमर्दिनि स्तोत्रम, मां काली आरती, दुर्गा स्तुति, महाकाल स्तुति, मां चामुंडा देवी स्तुति, लक्ष्मी



मां स्तुति और सरस्वती स्तुति भी होंगी। प्रमुख आकर्षण संतवाणी से सतवाणी तक का सफर होगा। इसके अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी संगीत विरासत को संतों, भक्त कवियों और सूफी रचनाकारों की रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें मीरा के भजन, कबीर भजन, अमीर खुसरो एवं शाह हुसैन के सूफी कलाम, रागी सिंह जी की रचना तथा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के शबद शामिल हैं। इन रचनाओं के से भारतीय संगीत की विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धाराओं को एक मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा।

गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के पांचवे संस्करण का हुआ शुभारंभ

ऑल सीजन टेंट सिटी के साथ रोमांचक साहसिक गतिविधियों का मिलेगा आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑल सीजन टेंट सिटी के साथ जल, नभ और थल पर आधारित साहसिक गतिविधियों का प्रमुख आकर्षक गंतव्य 'गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट' के पांचवें संस्करण का मंदसौर जिले के गांधीसागर जलाशय के सुरम्य बैकवाटर पर शुभारंभ हुआ। एमपी टूरिज्म बोर्ड और लल्लूजी एंड सन्स एवं इवोक कैंपिंग के सहयोग से यह रिट्रीट पर्यटकों को चंबल के शांत जल विस्तार और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच रोमांच और सुकून का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। रिट्रीट में पर्यटक हाई रोप, ज़िपलाइन, एटीवी राइड, साइकलिंग, डुओ साइकिल, एयरगन शूटिंग और पैरामोटरिंग जैसी साहसिक और रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। पर्यटक स्पीड बोट, जेट स्कीइंग, बनाना बोट, ड्रैगन बोट और कयाकिंग का भी रोमांच ले सकेंगे। वहीं, जंगल सफारी, नाइट वॉक, स्टार गेज़िंग, बोट सफारी, बोट स्पा, योग एवं वेलनेस सत्र तथा इनडोर खेलों की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।



स्थानीय संस्कृति और पर्यटन को मिलेगा प्रोत्साहन



रिट्रीट के माध्यम से पर्यटकों को मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं, पारंपरिक जीवनशैली और स्थानीय व्यंजनों से परिचित कराने के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2023 में शुरू हुआ गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट अपने पांचवें संस्करण के साथ क्षेत्र में प्रकृति-आधारित एवं साहसिक पर्यटन को नई दिशा दे रहा है।

सतीश एलिया की किताब 'सबसे बड़ा गुनाहः मुकम्मल बंटवारा न हुआ' का विमोचन कल

भोपाल। वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया की किताब 'सबसे बड़ा गुनाहः मुकम्मल बंटवारा न हुआ' का विमोचन शनिवार को सुबह 11 बजे सप्रे संग्रहालय एवम शोध संस्थान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र (मप्र-छग) सह कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व अपर मुख्य सचिव एवं भारतीय दर्शन के अध्येता, विचारक, लेखक मनोज श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय करेंगे। पुस्तक का प्रकाशन सृजन बिम्ब प्रकाशन नागपुर ने किया है। यह जानकारी प्रकाशन की निदेशक रीमा दीवान चड्ढा ने दी। गौरतलब है कि साढ़े तीन दशक से सक्रिय पत्रकार एलिया की यह 8वीं पुस्तक है। उन्हें पत्रकारिता एवं लेखन में वागीश्वरी सम्मान, शरद जोशी सम्मान, श्रेष्ठ संसदीय रिपोर्टिंग सम्मान सहित अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

शिवा रॉयल पार्क और लायंस क्लब भोपाल एवं आर्ट स्टूडियो में गरबा महोत्सव की धूम

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर की देवी की आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सलैया स्थित शिवा रॉयल पार्क में गरबा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी करते हुए गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा की लय और ताल पर नृत्य कर उत्सव के माहौल को भक्तिमय बना दिया। कॉलोनी के मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में कॉलोनी के परिवार एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करते हैं। मां की आराधना के साथ यहां नियमित रूप से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है, जिनमें रहवासी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से कॉलोनी में धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है।

लॉयन्स ऑफ भोपाल के गरबा महोत्सव में सजा उत्सव का रंग, मिस इंडिया मप्र धनुषी चौहान की उपस्थिति ने किया आकर्षित





धनुश्री चौहान को सम्मानित करते हरिओम जटिया।

भोपाल। परंपरा की सुगंध, लोकसंस्कृति की छटा और गरबा की मनमोहक थिरकन से लालघाटी स्थित लैंडमार्क गार्डन उस समय उत्सवी रंगों से सराबोर हो उठा, जब लायंस क्लब भोपाल एवं आर्ट स्टूडियो में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में गरबा की लय पर थिरकते कदमों ने जहां गुजरात की समृद्ध लोकपरंपरा की झलक प्रस्तुत की, वहीं रंग-बिरंगे परिधानों और प्रतिभागियों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश धनुश्री चौहान की उपस्थिति ने समारोह की रौनक में चार चांद लगा दिए। एक्सीलेंसी एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया ने लायंस क्लब की ओर से कला, संस्कृति, मनोरंजन, मीडिया एवं सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया।

नूतन कॉलेज में विशेष व्याख्यान

चौसठ योगिनी परंपरा में छिपे हैं यंत्र, मंत्र और तंत्र के रहस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चौंसठ योगिनी परंपरा भारतीय आध्यात्मिक चेतना, साधना और स्थापत्य कला का अनूठा संगम है। इसी परंपरा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व से छात्राओं को परिचित कराने नूतन महाविद्यालय के इतिहास विभाग में गुरुवार को विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

पुरातत्वविद् एवं धरोहर संस्था की संयोजक डॉ. पूजा सक्सेना ने यंत्र, मंत्र और तंत्र की अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए योगिनी परंपरा की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जबलपुर स्थित चौंसठ योगिनी मंदिर की स्थापत्य शैली और त्रिपुरांतक यंत्र की अवधारणा के संदर्भ में इसकी विशेषताओं को समझाया।

कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना अग्रवाल ने चौंसठ योगिनी मंदिरों की विशिष्ट निर्माण शैली पर विचार रखे। वहीं, प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और उसके महत्त्व को समझने की आवश्यकता बताई।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इमेज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इमेज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इमेज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B



जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच आज शाम 7 बजे से

स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत शुक्रवार को रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में जब नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए युग की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाह अपने खेल को और बेहतर बनाने पर होगी। यह पहला अवसर है जबकि भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

एशियाई स्तर पर टीम का दबदबा कायम

भारतीय टीम ने हाल में एशियाई स्तर पर अपना दबदबा साबित किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विशेषकर छोटे प्रारूप में उसे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत का टी20 विश्व कप में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था जिससे उसकी कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को लगातार चुनौती देनी है तो उसे खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा।



हम निर्भीक होकर समझदारी भरा टी-20 खेलना चाहते हैं : शेफाली

उप-कप्तान शेफाली वर्मा ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर होने वाली महिला चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए निर्भीक अंदाज में, लेकिन समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना चाहती है। भारतीय महिला टीम पहली बार द्विपक्षीय सीरीज में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। यह टी20 सीरीज फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारियों का हिस्सा है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच यहां तीन मैच की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीम तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए वडोदरा जाएंगी। सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए शेफाली ने कहा, ''हमने इस बारे में चर्चा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी तक हमें इस सीरीज में निडर होकर और समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना है।

हरमनप्रीत का फॉर्म चिंता का विषय

इसके अलावा पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। हरमनप्रीत अब टीम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेगी जिससे उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव और भी बढ़ जाएगा। भारत को निचले क्रम में ऋचा घोष का साथ देने के लिए कुछ और पावर हिटर तैयार करने की भी जरूरत है।

क्षेत्र रक्षण में काफी सुधार करने की जरूरत

पिछले कुछ समय में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है और टीम को इस विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। अगर गेंदबाजी विभाग की बात करें तो नंदनी शर्मा का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन अगर संपूर्ण तेज गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है, जिसमें युवा श्री चरणी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है जबकि बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए लेग-ब्रेक गेंदबाज प्रेमा रावत को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। टीम में शामिल नए चेहरों में निक्की प्रसाद और जिंतिमानी कलिता शामिल हैं।



आत्म विश्वास से भरी जिम्बाब्वे टीम

यह श्रृंखला जिम्बाब्वे के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उसकी टीम ने हाल में वेस्टइंडीज को वनडे मैच में हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम की कप्तानी जोसेफिन नकोमो करेंगी। टी20 मैचों के बाद दोनों टीमें वडोदरा में तीन वनडे मैच खेलेंगी।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत: स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा, निकी प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष, जी कमलिनी, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमानी कलिता, मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे: जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वानजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, चिएजा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्वा व तेंदाएनई मायकुशा।

खबर संक्षेप



चैंपियन यूएई बुल्स की यस लायंस से होगी भिडंत

अबुधाबी। गत चैंपियन यूएई बुल्स सात नवंबर को अबुधाबी टी10 लीग में यस लायंस के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत करेगी। बीस नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 मैच होंगे जिसमें शुरुआती दिन का तीन मुकाबले होंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रॉयल डेजर्ट चैंपियंस का सामना एमिरेट्स ईगल्स से होगा जबकि इससे पहले यूएई बुल्स का मुकाबला यस लायंस से होगा। शुरुआती दिन का समापन यूनाइटेड टाइगर्स की अरेबियन एसेस से भिड़ंत के साथ होगा।

सीनियर टी20 ट्रॉफी में सोनी को दिल्ली की कमान



नई दिल्ली। सोनी यादव को 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली की कप्तान नियुक्त किया गया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने एक बयान में कहा, ''सीनियर महिला चयन समिति की 14 अक्टूबर 2026 को बैठक हुई जिसमें टीम को अंतिम रूप दिया गया। सोनी यादव को कप्तान बनाया गया है, जबकि श्वेता सहरावत उपकप्तान और विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगी। टीमः सोनी यादव (कप्तान), श्वेता सहरावत (उपकप्तान और विकेटकीपर), प्रिया पूनिया, तनीषा सिंह, प्रज्ञा रावत (विकेटकीपर), नज़मा, भारती रावल, वंशिका लीला, प्रिया मिश्रा, निधि महतो, दिशा नागर, शिवी शर्मा, सुमिति सोनी, मेधावी बिधूड़ी, गोयिंका शर्मा और अक्षिता जैन।

विनीसियस जूनियर पर चार मैच का प्रतिबंध लगा

मैड्रिड। रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर को शनिवार को विलारियल के खिलाफ खेले गए मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के बाल खींचने के लिए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में चार मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस तरह से विनीसियस बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। बाल खींचने पर दिखाया था लाल कार्ड विनीसियस को विलारियल के खिलाफ मैच के 73वें मिनट में नाथन सलीबा के बाल ज़ोर से खींचने के लिए सीधा लाल कार्ड दिखाया गया था।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय : एक पारी में 50 से ज्यादा रन सात बार लुटा चुके हैं अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए रन रोकना हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। कई बार भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को भी एक पारी में जमकर रन खर्च करने पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय गेंदबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन दिए हैं।

अर्शदीप सिंह (7 बार)

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस सूची में पहले स्थान पर हैं। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 95 पारियों में 7 बार एक पारी में 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 8.62 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। वह 4 मेडन ओवर भी डाल चुके हैं। उन्होंने 20.30 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं।



युजवेंद्र चहल (4 बार)

भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसकी 79 पारियों में 4 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने 8.19 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने 2 मेडन के साथ 25.09 की औसत से 96 विकेट भी चटकाए हैं। चहल ने 2 बार 4 विकेट हॉल और एक बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

अक्षर, कृष्णा और वरुण 3-3 बार बार दिए 50+ रन

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 गेंदबाज हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3-3 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। प्रसिद्ध ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 11 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है और 8 पारियों में 9 विकेट लिए हैं। वरुण ने 46 पारियों में 7.58 की इकॉनमी से 75 विकेट लिए हैं। अक्षर ने 104 पारियों में 7.64 की इकॉनमी से 113 विकेट चटकाए हैं।

इन खिलाड़ियों ने दिए हैं 2-2 बार दिए 50+ रन

इस सूची में चौथे स्थान पर 9 भारतीय गेंदबाज संयुक्त रूप से मौजूद हैं। हर्षित राणा (12 पारियां), मोहम्मद सिराज (16 पारियां), क्रुणाल पांड्या (19 पारियां), हर्षल पटेल (24 पारियां), आवेश खान (24 पारियां), रवि बिश्नोई (53 पारियां), कुलदीप यादव (54 पारियां), जसप्रीत बुमराह (97 पारियां) और हार्दिक पांड्या (125 पारियां) ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2-2 बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।



संन्यास का फैसला बदलने से सिकंदर रजा ने किया इनकार

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के वनडे और टी20 कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2027.30 में उनकी टीम के आने की संभावना के बावजूद अगले साल अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप के बाद संन्यास का उनका फैसला नहीं बदलेगा। रजा ने मोबाइल गेमिंग प्लेटफॉर्म सिक्सर क्रिकेट द्वारा कराई गई बातचीत में कहा ,'' मेरे कैरियर का यह आखिरी दौर है और अपने देश में विश्व कप खेलना मेरे लिये वरदान से कम नहीं है ।'' उन्होंने कहा ,'' हर क्रिकेटर का सपना विश्व कप खेलकर संन्यास लेने का होता है । यह पूछने पर कि अगर जिम्बाब्वे 2027.30 चक्र में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जगह बनाता है तो क्या उनका फैसला बदलेगा, उन्होंने कहा नहीं। ऐसा कुछ नहीं होगा। मैंने फैसला कर लिया है और वह नहीं बदलने वाला।

डेनमार्क ओपन

त्रीसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वओडेन्से (डेनमार्क)

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया की रेचेल एलेस्या और रोज फेबी सेटियानिंगरम की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

अगस्त में नयी दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। अब क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग की युंग डा टिंग और युंग पुई लैम तथा मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

श्रीकांत हारे मौजूदा विश्व चैंपियन से

इससे पहले किदांबी श्रीकांत ने अपने पुराने अंदाज की झलक दिखाई, लेकिन तीन गेम तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से हार गए। 2017 में चार खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने नौ साल बाद अपने शानदार नेट प्ले का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। लेकिन 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे छह मिनट में 11-21, 21-15, 21-15 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में भारत की अश्मिता चालिहा को जापान की अकाने यामागुची ने 21-18, 21-10 से हरा दिया।

टेनिस टूर्नामेंट

एलिना स्वितोलिना वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| वुहान

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बृहस्पतिवार को यहां वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली चीन की खिलाड़ी गुओ हान्यू को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

गुओ ने पिछले मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त सोराना सिर्स्टिया को 1-6, 7-6 (6), 7-5 से हराकर उलटफेर किया था लेकिन स्वितोलिना के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई।

अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इससे पहले विंबलडन की फाइनलिस्ट और छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 11वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर से 7-5, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका और दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई थी।

सैमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया अनोखा रिकॉर्ड, बने पहले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेट कीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 248 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया।

इस दौरान सैमसन ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल मेंबर टीम की ओर से पहले 4 ओवर के भीतर अर्धशतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।



सैमसन ने 3.4 ओवर में पूरा किया अर्धशतक

सैमसन ने सिर्फ 23 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 6 चौके और 4 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 243.48 रहा। सैमसन ने 3.4 ओवर में अर्धशतक पूरा किया। क्रिकबज के अनुसार, वह किसी फुल मेंबर टीम की ओर से टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहले 4 ओवर के भीतर 50 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने। हालांकि, सभी टीमों के खिलाड़ियों की सूची में नामीबिया के जान फ्राइलिंक ने भी 3.4 ओवर में अर्धशतक लगाया है।

जूनियर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में जगशेर ने पदक किया पक्का

काहिरा। भारत के जगशेर सिंह खंगूरा ने बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन जूनियर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के युआन-स्यू झुआंग को रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक सुनिश्चित किया। पंजाब के इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने काहिरा इंटरनेशनल स्टेडियम में तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरे गेम में मैच प्वाइंट बचाकर 6-15, 17-15, 15-12 से जीत दर्ज की। खंगूरा ने इससे पहले दिन में प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के ली कियान चोंग को 15-8, 15-8 से हराया था। भारत अब तक इस चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदक जीत चुका है।

खंगूरा का सामना अब राधित्य वायु से : अब फाइनल में जगह बनाने के लिए खंगूरा का सामना इंडोनेशिया के राधित्य बायु वरधाना से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले राउंड 32 में थाईलैंड के 22वीं वरीयता प्राप्त पुनातत प्रेमपुनपोंग को हराया था।

किलियन सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने

एमबाप्पे और हालैंड ने मेस्सी के रिकॉर्ड तोड़े

एजेंसी ▶▶| रोम

किलियन एमबाप्पे चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने रियाल मैड्रिड और रोमा के बीच खेले गए मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

एमबाप्पे ने लियोनेल मेस्सी का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सितंबर 2015 में 28 वर्ष की आयु में बार्सिलोना की तरफ से रोमा के खिलाफ ही खेलते हुए पिछला रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने मैड्रिड की 4-3 की जीत में पहले हाफ में बराबरी का गोल दागकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।





एर्लिंग 60 गोल करने वाले सबसे छोटे खिलाड़ी

चैंपियंस लीग में बुधवार को मेस्सी का केवल यह रिकॉर्ड ही नहीं टूटा बल्कि एक और रिकॉर्ड उनके नाम से चला गया। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड ने पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ अपनी टीम की 2-4 से हार के दौरान दो गोल किए। इससे उनकी चैंपियंस लीग में कुल गोल की संख्या 60 मैच में 61 हो गई है। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अनुसार 26 साल और 85 दिन की उम्र में हालैंड चैंपियंस लीग में 60 गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मेस्सी का रिकॉर्ड को एक दिन के अंतर से तोड़ा।



शतरंज, गली क्रिकेट, खो-खो, बैडमिंटन और कैरम के मुकाबले हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं साइंस (आरआईटीएस) में गुरुवार को तीन दिवसीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स फेस्ट 'स्पर्धा 2के26' का शुभारंभ हुआ। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस खेल महोत्सव में शतरंज, गली क्रिकेट, खो-खो, बैडमिंटन और कैरम सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन इन सभी खेलों के मुकाबले हुए, जिनमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में संस्थान के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लाहरी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सक्सेना, तपस्या समिति के वाइस प्रेसिडेंट भूपेंद्र पटेल, डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह, डीन आरजीआई एसबी खरे और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जयपाल बिष्ट सहित ग्रुप के सभी डायरेक्टर उपस्थित रहे।

राधारमण में 'स्पर्धा 2के26' का शुभारंभ



खो-खो में 'वन पीस' और 'हिडन लीव' ने जीते मुकाबले

खो-खो के पहले मुकाबले में 'वन पीस' ने 'हिडन लीव' को 27-15 से हराया। दूसरे मुकाबले में 'हिडन लीव' ने 'टर्बो टाइटन्स' को 22-14 से पराजित किया। इस तरह दोनों टीमों ने दिन के मुकाबलों में एक-एक जीत दर्ज की।

गली क्रिकेट में चार मुकाबले

गली क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन चार मैच खेले गए। पहले मुकाबले में आरजीआई 11 ने आयुर्वेद सुपर किंग्स को 70 रनों से हराया। दूसरे मैच में आयुर्वेद चैलेंजर्स ने सुपर स्ट्राइकर को 17 रनों से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में एपेक्स स्ट्राइकर ने बिहार सुपर ग्लैंटस को तीन रनों से हराया। वहीं, चौथे मैच में ब्लास्टर किंग्स ने वारियर इलेवन के खिलाफ 24 रनों से जीत दर्ज की।



शतरंज में 26 विद्यार्थियों ने लिया भाग, 13 दूसरे राउंड में

शतरंज प्रतियोगिता में कुल 26 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पहले राउंड में 13 खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। दूसरे राउंड के मुकाबलों में सात खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रणनीति, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

बैडमिंटन में 20 खिलाड़ियों ने जीते एकल मुकाबले

बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन छात्राओं के एकल वर्ग में आठ मुकाबले हुए। इनमें संस्कृति, वैश्णवी, श्वेता, स्नेहा, पूजा मीना, भूमिका, रोशनी और खुशी ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। छात्रों के एकल वर्ग में 12 मुकाबले खेले गए। इनमें पल्लव, प्रेम, इब्राहिम, मोहसिन, विवेक, मयंक, सौरव, जुनैद, हर्षवर्धन, अहसान, आदित्य और विकास यादव ने अपने-अपने मैच जीते।



कैरम में 16 पुरुष, 4 महिलाएं अगले दौर में

कैरम प्रतियोगिता के पहले चरण में पुरुष वर्ग के 32 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। नॉकआउट मुकाबलों के बाद 16 खिलाड़ी अगले दौर के लिए चयनित हुए। महिला वर्ग में आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से चार खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता 2026-27

एसआईआरटी को 2-1 से पराजित कर एलएनसीटी की महिला टीम बनी चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस (एलएनसीटीएस), भोपाल द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), भोपाल के तत्वावधान में आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैंपस, कोलार रोड में किया गया। प्रतियोगिता में एसआईआरटी, ओरिएंटल, सिस्टेक गांधीनगर, सिस्टेक रातीबड़, सती विदिशा, यूआईटी आरजीपीवी, जेएनसीटी, टीआईटी एवं एलएनसीटी सहित विभिन्न संस्थानों की 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल में एलएनसीटी ने सिस्टेक रातीबड़ को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में एसआईआरटी ने सिस्टेक गांधीनगर को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में एलएनसीटी ने एसआईआरटी को 2-1 से पराजित कर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को डॉ. नलिनी मिश्रा, डीन, एलएनएमसी एवं रिसर्च सेंटर; पंकज कुमार जैन, स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एलएनसीटी; डॉ. रेनू यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, फिजिकल एजुकेशन, एलएनसीटी द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। एलएनसीटी की महिला बैडमिंटन टीम की इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का माहौल रहा।



फाइनल मुकाबले के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे

- सिंगल्सः एसआईआरटी की अनन्या ने एलएनसीटी की दिव्या सिंह को 21-1 से हराया।
- डबल्सः एलएनसीटी की दर्शना जैन एवं श्रेया की जोड़ी ने एसआईआरटी की अनन्या शर्मा एवं तनीषा को 21-15 से पराजित किया।
- रिवर्स सिंगल्सः एलएनसीटी की दिशा जैन ने एसआईआरटी की श्रेयांशी को 21-1 से हराकर टीम की जीत सुनिश्चित की।



निएक्स अकादमी के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो में हुआ चयन

भोपाल। गंजबासौदा में 10 एवं 11 अक्टूबर को आयोजित सब-जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में निएक्स अकादमी, भोपाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अकादमी के चार स्वर्ण पदक विजेताओं का आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन भी हुआ है। मिहिका ठाकुर, हर्ष कुमार, जोहान अहमद और अनिका श्रीवास ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। वहीं, अंश श्रीवास ने रजत पदक तथा मिशिका कुंडेलकर ने कांस्य पदक हासिल किया। चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन अकादमी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर यह सफलता प्राप्त की। निएक्स अकादमी ताइक्वांडो के माध्यम से युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 6 पदक जीते

लायंस बैडमिंटन ट्रॉफी विद्यालयीन खुली स्पर्धा

युवराज, प्रखर, सार्थक, आरव और लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्रॉफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा में हर्षवर्धन सिंह राजपूत, सार्थक सब्ले, युवराज कल्याणे, प्रखर राठौर, रेयांश मोघे, आरव पत्रिकर, समीर बगानी, अरहम जैन ने 17 वर्ष बालक एकल विरांश दूसरे दौर में प्रवेश किया।

वहीं, लक्ष्य लश्करी, प्रग्नय लोधा, विरांश बड़जात्या, सिद्धार्थ लश्करी, प्रखर गंगराड़े ने 11 वर्ष बालक एकल के पहले दौर में जीते। स्वरांश जैन, लक्ष्य पाल, सोम गौर, समग्र जैन, पर्व उपाध्याय, वरेन्याम झवर ने 13 वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। 15 वर्ष बालक एकल के पहले दौर में प्रखर राठौर ने काव्यांश रोकडे को 15-11, 7-15, 15-11 से, प्रिंस पुजारी ने धनेश हेमनानी को 15-12, 15-17, 15-12 से, युवराज कल्याणे ने अनंत जैन को 15-13, 18-16 से हराया, समय बगानी ने मृदुल सोनी को 13-15, 15-10, 15-10 से पराजित किया। रुचिर गुप्ता ने अरहम जैन को 17-15, 15-11 से हराया। वहीं, 11 वर्ष बालक एकल में विरांश बड़जत्या ने दक्ष चोरवदिया को 16-14, 15-11 से पराजित किया। स्पर्धा का उदघाटन प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट के मुख्य आतिथ्य और द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेन्द्र सोडानी के विशेष आतिथ्य में हुआ। मनिंदर सिंह चंडोक, रत्नेश श्रीवास्तव, जसप्रीत सिंह टुटेजा, हरीश राजन, डॉ. जवाहर बिहानी, धर्मेश यशलहा, हार्दिक राजन आदि मौजूद थे। परमिंदर सिंह भाटिया ने संचालन किया। स्पर्धा में 16 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे से मुकाबले होंगे। बालिका वर्ग के पहले दौर और बालकों के दूसरे दौर के मुकाबले खेले जाएंगे।

भोपाल

कोतवाली में बजाज फाइनेंस कंपनी ऑफिस में हंगामा

गोल्ड लोन की नीलामी को लेकर ब्रांच मैनेजर से मारपीट, लैपटॉप-मोबाइल तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र में गोल्ड लोन की नीलामी को लेकर बजाज फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गोल्ड लोन की किश्तें समय पर जमा नहीं करने पर ग्राहक को सोने की नीलामी की सूचना दी गई थी। इसी बात से नाराज होकर ग्राहक अपने एक साथी के साथ कंपनी की शाखा पहुंचा और ब्रांच मैनेजर के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने मैनेजर की टेबल पर रखा लैपटॉप और मोबाइल भी फेंककर तोड़ दिया। बीच-बचाव करने आए कंपनी के दो कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की।

पुलिस के मुताबिक राहुल कुमार पटेल (36) बजाज फाइनेंस कंपनी की नीम रोड शाखा में ब्रांच मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रब्बुल खान नामक ग्राहक ने कंपनी में सोना गिरवी रखकर गोल्ड लोन लिया था। समय पर किश्तें जमा नहीं करने के कारण उसे गिरवी रखे सोने की नीलामी की सूचना दी गई थी। 14 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 3 बजे रब्बुल खान अपने एक साथी के साथ शाखा पहुंचा। दोनों के बीच गोल्ड लोन को लेकर बातचीत होने लगी। इसी दौरान रब्बुल के साथ आए व्यक्ति ने ब्रांच मैनेजर के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी जबकि रब्बुल खान ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। उसके साथी ने टेबल पर रखा लैपटॉप और मोबाइल फेंक दिया, जिससे दोनों उपकरण टूट गए। इसके बाद दोनों ने मिलकर मैनेजर के साथ मारपीट की।

महिला कर्मचारी समेत दो अन्य को भी पीटा

शाखा में मौजूद पूजा जैन और लोकेश बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से जाने लगे। जाते समय उन्होंने मैनेजर को धमकी दी कि यदि उनके सोने की नीलामी करने की कोशिश की गई तो इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। घटना के बाद ब्रांच मैनेजर ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

कमलनाथ कॉलेज को झटका घोस्ट कॉलेज के आरोपों के बीच याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल के कमलनाथ कॉलेज को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने एनसीटीई के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। निरीक्षण में बुनियादी सुविधाओं की कमी सामने आई थी। कॉलेज की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे थे। कोर्ट ने कहा कि वैधानिक प्रक्रिया अभी जारी है। कॉलेज को अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया है। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल ने आदेश दिया। कॉलेज ने एनसीटीई के कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीपीएड (बीपी एड.) पाठ्यक्रम के प्रवेश और काउंसिलिंग पोर्टल से नाम हटाए जाने को भी चुनौती दी थी। कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

निरीक्षण में मिलीं कमियां

हालांकि, इस आदेश का अर्थ यह नहीं है कि कॉलेज की मान्यता रद्द करने का अंतिम फैसला हो चुका है। एनसीटीई के निरीक्षण दल ने 17 और 18 जुलाई को कॉलेज का निरीक्षण किया था। रिपोर्ट में प्रयोगशालाओं में पर्याप्त उपकरण नहीं होने, जिम और खेल सुविधाओं के नहीं होने तथा कैंटीन बंद होने जैसी कमियां दर्ज कीं। चिकित्सा सुविधा का भी अभाव था।



आंखों की जांच के बाद 30 दिव्यांग बच्चों को मिले चश्मे



भोपाल। उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने ईदगाह हिल्स स्थित शासकीय दिव्यांग विद्यालय में आई चेकअप कैंप से बाद चश्मे बांटे। राष्ट्रपति अवार्डी समाजसेवी सुश्री पूनम श्रोती ने बताया कि सेवा सदन और आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स के सहयोग से 30 दिव्यांग बच्चों को चश्मे उपलब्ध करवाए हैं।

कैंपियन स्कूल में सेंट एडमंड कैंपियन अंतरविद्यालय प्रतियोगिता सेंट जोसेफ को-एड स्कूल, अरेरा कॉलोनी ने जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैंपियन स्कूल, अरेरा कॉलोनी में 15 अक्टूबर को प्रतिष्ठित सेंट एडमंड कैंपियन अंतरविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भोपाल के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और मार्केटिंग कौशल का प्रदर्शन किया। पहली प्रतियोगिता 'मैडवर्टाइजमेंट' में विद्यार्थियों ने आकर्षक और मनोरंजक विज्ञापनों के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रचार किया। वहीं, दूसरी प्रतियोगिता 'सारेगा मार्केटिंग' में प्रतिभागियों ने लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों की धुनों पर अपने ब्रांड और उत्पादों की विशेषताएं प्रस्तुत कीं।

प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ को-एड स्कूल, अरेरा कॉलोनी ने विजेता का खिताब हासिल किया। सेंट जेवियर स्कूल, अवधपुरी प्रथम उपविजेता रहा, जबकि सेंट जोसेफ को-एड स्कूल, कोलार रोड ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रूपक खरे, शाश्वत पांडे और कैंपियन स्कूल के पूर्व विद्यार्थी हर्षल भावसार ने किया। विद्यालय के प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एसजे और उपप्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो एसजे उपस्थित रहे। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एसजे ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, उत्साह और रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को टीमवर्क का अवसर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930